वर्ष 19 | अंक 144 | पृष्ठ 12
देवघर
बुधवार, 27 नवंबर 2024
मूल्य ₹ 3/-

हिन्दी दैनिक
# श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ



पेज 11 : आईपीएल में सबसे...

www.shwetpatra.co.in
देवघर व रांची से प्रकाशित एवं पूरे झारखंड, बिहार तथा बंगाल में प्रसारित
E-mail : shwetpatra10@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### जब आप चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं होती

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को देश के चुनावों में बैलेट पेपर के इस्तेमाल से जुड़ी याचिका को डिसमिस कर दिया। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ और पीबी वराले की बेंच ने टिप्पणी की, जब आप चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं होती है। जब आप हारते हैं तो ईवीएम से छेड़छाड़ होती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज की गई इस याचिका में बैलेट पेपर से वोटिंग के अलावा कई अन्य दिशा-निर्देशों की मांग की गई थी। इसमें चुनाव आयोग को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि अगर कोई कैंडीडेट इलेक्शन के दौरान वोटर्स को पैसे, शराब बांटने का दोषी पाया जाता है तो अयोग्य घोषित होगा।



### दिल्ली में सीएम फेस का ऐलान नहीं करेगी बीजेपी!

नई दिल्ली (एजेंसी)। पहले हरियाणा और अब महाराष्ट्र के नतीजों के बाद दिल्ली में भी बीजेपी नेताओं का जोश हाई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कम ही वक्त बाकी है और पार्टी की ओर से अलग-अलग रणनीति तैयार की जा



रही है। एक ओर जहां दिल्ली में महाराष्ट्र वाले फॉर्मूले को लागू करने की चर्चा है जिसमें लाडली बहना योजना जैसी स्कीम शामिल है। वहीं दूसरी ओर बीजेपी मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किए बिना ही मैदान में उतर सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व चुनाव प्रचार में सफल रणनीति बनाएगा।

### अपराधियों की कुर्क संपत्ति पीड़ितों में बांटेंगी यूपी सरकार

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में अब अपराधियों से कुर्की के जरिए अर्जित संपत्ति और आय को जब्त कर पीड़ितों में बांटने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। डीजीपी ने सभी जिलों के एसएसपी, एसपी, और पुलिस कमिश्नरों को इस संबंध में एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) जारी कर दी है। इस निर्देश के अनुसार, माफिया और अपराधियों द्वारा



अपराध से अर्जित संपत्ति पुलिस जब्त करेगी। जब्त की गई संपत्ति को अदालत के आदेश पर कुर्क किया जाएगा। कुर्की से मिलने वाली आय को पीड़ितों में वितरित किया जाएगा। आदेश के अनुसार, संबंधित जिले के डीएम 2 महीने के भीतर जब्त संपत्ति की नीलामी करेंगे और उससे प्राप्त आय को अपराध से प्रभावित लोगों में बांटेंगे। जानकारी के मुताबिक, अब गैंगस्टर ऐक्ट और प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग ऐक्ट के बिना भी पुलिस काली कमाई जब्त या कुर्क कर सकेगी। अपराध से जुड़ी या जुटाई गई संपत्ति के अधिग्रहण या कुर्की का अधिकार मिल गया है।

## संविधान दिवस पर राष्ट्रपति का नागरिकों से आग्रह

# 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए मिलकर करें काम : मुर्मु

नई दिल्ली (एजेंसी)।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय संविधान को जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज बताते हुए आज कहा कि इसके माध्यम से हमने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से जुड़े कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल किए हैं। राष्ट्रपति मुर्मु संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ के वर्ष भर चलने वाले समारोह की शुरूआत करने के लिए संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में ने मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने देशवासियों से अपने आचरण में संवैधानिक आदर्शों को शामिल करने, मौलिक कर्तव्यों का पालन करने और वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। हमारे दूरदर्शी संविधान निमार्ताओं ने बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुसार नए विचारों को अपनाने की व्यवस्था प्रदान की थी। हमने संविधान के माध्यम से सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से जुड़े कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल किए हैं। एक नई सोच के साथ हम विश्व समुदाय में भारत को नई पहचान दिला रहे हैं। हमारे संविधान निमार्ताओं ने भारत को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का निर्देश दिया था।



### संविधान लोकतंत्र का मजबूत आधार


राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा संविधान हमारे लोकतांत्रिक गणतंत्र की मजबूत आधारशिला है। हमारा संविधान हमारी सामूहिक और व्यक्तिगत गरिमा सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर सभी देशवासियों ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाया। अगले वर्ष 26 जनवरी को हम अपने गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे। उन्होंने कहा कि एक अर्थ में भारत का संविधान कुछ महानतम लोगों द्वारा लगभग तीन वर्षों के विचार-विमर्श का परिणाम था लेकिन सही अर्थों में यह हमारे लंबे स्वतंत्रता संग्राम का परिणाम था। उस अतुलनीय राष्ट्रीय आंदोलन के आदर्शों को संविधान में शामिल किया गया। उन आदर्शों को संविधान की प्रस्तावना में संक्षेप में शामिल किया गया है। वे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता हैं। इन आदर्शों ने सदियों से भारत को परिभाषित किया है।

### लोगों का जीवन सुगम बनाने का करें काम

उन्होंने कहा कि संविधान की भावना के अनुसार कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका का मिलकर यह दायित्व है कि वे सामान्य लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए मिलजुल कर काम करें। उन्होंने कहा कि संसद द्वारा पारित अनेक अधिनियमों से लोगों की आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर वर्गों के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं। ऐसे निर्णयों से लोगों के जीवन में सुधार हुआ है और उन्हें विकास के नए अवसर मिल रहे हैं।

## वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ प्रदर्शन रुका


रियासी (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के कटरा में वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट का विरोध सरकार से बातचीत और गवर्नर के आश्वासन के बाद थम गया है। प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे खच्चर और पालकीवालों से मंगलवार को लोकल गवर्नमेंट ने बातचीत कर राज्यपाल मनोज सिन्हा की तरफ से आश्वासन



दिया। रियासी के डिप्टी कमिश्नर विनेश महाजन ने विरोध कर रहे लोगों से कहा कि उनकी चिंताए सुनी जाएगी और समाधान निकाला जाएगा। इसके बाद खच्चर और पालकीवालों ने 15 दिसंबर तक अपना प्रोटेस्ट निलंबित कर दिया। बातचीत में माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इससे पहले 22 नवंबर से शुरू दुकानदारों, खच्चर और पालकीवालों की हड़ताल और विरोध ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की तो भीड़ ने पत्थरबाजी शुरू कर दी।

## जो दलितों की बात करेगा, उसका माइक बंद होगा

### कांग्रेस के कार्यक्रम में माइक बंद होने पर बोले राहुल गांधी



नई दिल्ली (एजेंसी)। राहुल गांधी ने कहा कि जहां हमारी सरकार आएगी, वहां जाति जनगणना कराएंगे। हम ये तेलंगाना में कर रहे हैं। राहुल ने ये बात दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हो रहे संविधान रक्षक कार्यक्रम के दौरान कही। नेता प्रतिपक्ष के भाषण के दौरान उनका माइक बंद हो गया। राहुल ने कहा कि अगर हिंदुस्तान की जनगणना को देखें तो 15 फीसदी दलित हैं, 15 फीसदी अल्पसंख्यक हैं, लेकिन पिछड़े वर्ग के कितने हैं ये नहीं पता। 90 फीसदी हिंदुस्तान की आबादी इन वर्गों में से आई है। राहुल ने कहा कि जो भी इस देश में 3 हजार साल से दलितों की, आदिवासियों की बात करता है, उसका माइक ऑफ हो जाता है।

### सरकार सब कुछ प्राइवेटाइज करना चाहती है

राहुल बोले कि आपके सामने दीवार खड़ी है। आपके सामने दीवार को नरेंद्र मोदी और आरएसएस मजबूत करते जा रहे हैं। दीवार में सीमेंट डाल देते हैं। सब कुछ प्राइवेटाइज कर दिया। पहले सरकारी स्कूल, सरकारी अस्पताल हुआ करते थे। आज दलित को आदिवासी को किसानो को कोई भी इलाज की जरूरत हो, लाखों रुपए आपकी जेब से निकल जाते हैं।

**जाति जनगणना के हिसाब से पॉलिसी बनाएंगे-** नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिस दिन हमारी सरकार के हाथ ये डेटा आएगा, विकास करने का तरीका बदल जाएगा। विकास की सोच की बुनियाद बनेगी। तेलंगाना में हमने काम शुरू कर दिया है।

## शपथ ग्रहण के पहले पत्नी संग दिल्ली पहुंचे हेमंत

# प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, शपथ ग्रहण समारोह में आने का दिया न्यौता

रांची (एप्र)। झारखंड के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उनसे 28 नवंबर को रांची में अपनी सरकार के प्रस्तावित शपथ ग्रहण



समारोह में भाग लेने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी और गांडेय विधानसभा सीट से झामुमो की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन भी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन को झारखंड के विधानसभा चुनाव में जीत पर बधाई और शुभकामनाएं दी। पीएमओ ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की हैं।

## हेमंत सोरेन ने खरगे, राहुल और प्रियंका से मिले, शपथ ग्रहण समारोह में किया आमंत्रित

नयी दिल्ली (एजेंसी)।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात कर उन्हें झारखंड में नवनिर्वाचित सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। श्री सोरेन के साथ इस दौरान उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। उन्होंने श्री खरगे, श्री गांधी के साथ ही पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से मिलकर भी नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया है।



**गौरतलब है राज्य विधानसभा के 23 नवंबर को घोषित चुनाव परिणाम में इंडिया समूह को 56 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 24 सीटें मिली है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 34, कांग्रेस 21, राष्ट्रीय जनता दल ने चार और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने दो सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 21, ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन ने एक, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने एक, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने एक और जनता दल (यूनाइटेड) ने एक सीट पर जीत दर्ज की है। इस चुनाव में श्री सोरेन ने लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी की है।**

# संविधान के मार्गदर्शन में हो रहा है विकसित भारत का निर्माण : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान को वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक बताते हुए मंगलवार को कहा कि इसकी मूल भावना के अनुसार ही उनकी सरकार विकसित भारत का निर्माण कर रही है। संविधान दिवस के अवसर पर उच्चतम न्यायालय की ओर से आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा, ह्लहमारा संविधान हमारे वर्तमान और हमारे भविष्य का मार्गदर्शक है। आज हर देशवासी का एक ही ध्येय है- विकसित भारत का निर्माण। सरकार लगातार इसी दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का मतलब सभी देशवासियों की



जिंदगी में सुधार और सब के जीवन का सम्मान है और यही संविधान की उद्देश्य है। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि ऐसे 53 करोड़ लोगों के बैंक खाते खोले गए, जिन्हें आजादी के बाद से अब तक यह सुविधा नहीं मिली थी। पिछले 10 वर्षों में चार करोड़ लोगों को पक्का मकान दिए गए जो खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर थे। इसी प्रकार 10 करोड़ महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन दिए गए। श्री मोदी ने कहा कि पिछले पांच-छह वर्षों में 12 करोड़ से अधिक लोगों को नल से जल पहुंचने की व्यवस्था की गई।



### संविधान दिवस पर न्यायाधीशों, वकीलों ने ली शपथ

# संविधान के प्रति निष्ठा रखना हम सब का कर्तव्य: प्रधान जिला जज

**धनबाद (एप्र)।** भारतीय संविधान की शक्ति उसके उद्देश्य उसमे वर्णित सामाजिक, आर्थिक न्याय की परिकल्पना समझने का इससे अच्छा अवसर कोई नहीं हो सकता ऐसे तो हम रोज संविधान के प्रावधानों के तहत ही काम करते हैं परंतु वर्ष में एक दिन ऐसा भी होता है जिसमें हम अपने संविधान के प्रति निष्ठा प्रकट करने के लिए एक जगह एकत्रित होते इसी कारण आज हम लोगों ने संविधान की शपथ ली है और उसके प्रस्तावना को पढा है उक्त बातें मंगलवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने संविधान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कही।कार्यक्रम में धनबाद के तमाम न्यायिक पदाधिकारी, विधिक स्वयंसेवक, सिविल कोर्ट कर्मचारी,बार एसोसिएशन के अधिवक्ता और उपस्थित अधिकारियों ने संविधान के प्रस्तावना को न्यायाधीशों के संग पढा और संविधान में अपनी निष्ठा प्रकट की। न्यायाधीश श्री तिवारी ने सभी से संविधान के प्रावधानों के अनुरूप कार्य करने की अपील की।वहीं बार



एसोसिएशन में भी अधिवक्ताओं ने संविधान की शपथ ली और प्रस्तावना को पढा।इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर विभिन्न स्कूलों मे जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है जिसके तहत स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग आयोजित की जाएगी जिसमें बच्चे मौलिक अधिकारों के संबंध में अपने विचार व्यक्त करेंगे। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश टी हसन,लेबर जज प्रेमलता त्रिपाठी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक, स्वयंभू ,एसएन मिश्रा, प्रभाकर सिंह, पारस कुमार सिन्हा,संजय कुमार सिंह कुलदीप मान, राकेश कुमार,नीरज कुमार विश्वकर्मा,साकेत कुमार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, अवर न्यायाधीश निताशा बारला, एसए नायर, ऐंजोलिना जोन, सत्यभामा, एम जेड तारा, सिविल जज श्वेता कुमारी, निर्भय प्रकाश, संतोषनी मुर्मू, रजिस्ट्रार आई जेड खान, धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय, महासचिव जितेंद्र कुमार समेत एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा, स्वाति कुमारी, मुस्कान चोपड़ा डालसा के पैनल अधिवक्ता पैरा लीगल वॉलिंटियर राजेश कुमार सिंह, डिपेंटी कुमारी गुप्ता, हेमराज चौहान, बसंत द्विवेदी ,किशोर रविदास, पंकज वर्मा, अरविंद प्रसाद अनामिका सिंह, गीता कुमारी, प्रदीप रवानी, ओम प्रकाश दास ,चंदन कुमार, सिविल कोर्ट कर्मचारी मनोज कुमार, सौरव सरकार,अरुण कुमार,संतोष कुमार, अनुराग पांडे, शमशेर आलम महबूब आलम, विनय राणा, सुदीप कुमार,नाजिर अनिल कुमार, अमित तिर्की, संजय रक्षित, सतिश कुमार, कुमार अरविंद, अनूप सहाय, शाकिब।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में अधिकारियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का वाचन




**धनबाद (एप्र)।** संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में वरीय पदाधिकारियों एवं समाहरणालय के कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान सभा ने जिस परिकल्पना के साथ संविधान के निर्माण में अपना योगदान दिया है उसके मूल मंत्र को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संविधान के मूल उद्देश्यों का बार-बार पठन करने से ही उसके मूल मंत्र का हम अपने व्यवहार एवं दिनचर्या में पालन कर सकेंगे।हम सबको मिलकर अपने मौलिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लेना है। साथ ही हमारे संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करना है। मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद सहित विभिन्न विभागों के प्रधान सहायक व कर्मी उपस्थित थे।

### एक नजर

## बंद कमरे का ताला तोड़ चोरों ने की 1.71 लाख व सोने की चेन की चोरी



**बाघमारा (एप्र)।** बाघमारा थाना क्षेत्र के डुमरा दिवान टोला निवासी पंडा रजवार के बंद कमरे का ताला तोड़कर चोरो ने 1.71 लाख पांच सौ रुपए नगदी समेत एक सोने का चेन चोरी कर लिया है। मामला सोमवार रात दो बजे की बताई जा रही है।मंगलवार को कुंदन रजवार ने घटना की लिखित शिकायत बाघमारा पुलिस को दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन कर घटनास्थल के कुछ दूरी में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की लेकिन कैमरा खराब मिला। बताया जाता है कि पंडा रजवार के तीनो पुत्र अपने रोजी रोटी के लिए शाम 6 बजे शादी समारोह में चाट, गोलगप्पे एवं कॉफी स्टाल लगाया था। घर के परिजन नीचे सोए हुए थे। खाली घर पाकर मौका देखते ही चोर ने छत के ऊपर वाले कमरे का दरवाजा तोड़कर बक्सा में रखा 1.71हजार पांच सौ रुपए नगदी समेत एक सोने का चेन चोरी कर फरार हो गया। चेन की अनुमानित कीमत 70 हजार आंकी गई है।भुक्तभोगी पंडा रजवार ने बताया कि पाई पाई इकट्ठा कर घर ढलाई के लिए बक्सा में एक लाख रुपया रखा था। सारा मेहनत का पैसा चोरी हो गया। शाम 6 बजे तीनो भाई शादी समारोह में चाट छोला का दुकान लगाने गया था, रात 2 बजे घर लौटा। बड़ा बेटा जन्मजय सोने के लिए छत के ऊपर वाले कमरे में गया तो देखा कि दरवाजा का ताला टूटा हुआ था,घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। कमरे के अंदर रखा बक्सा का ताला टूटा हुआ था। बक्सा के अंदर रखा 1.71हजार पांच सौ रुपए नगद तथा एक सोने का चेन गायब था। जिसके बाद चोरी की सूचना पुलिस को दिया। बाघमारा पुलिस ने शिकायत के आधार पर छानबीन शुरू कर दी है।

## इंडिया गठबंधन की जीत की खुशी में कांग्रेस ने निकाली विजय यात्रा



**लोयाबाद (एप्र)।** केन्दुआ-करकेंद्र नगर कांग्रेस कमेटी ने झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की भव्य जीत की खुशी में विजय यात्रा निकाली। इस यात्रा में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य और नगर कांग्रेस कमेटी के कई सदस्य शामिल हुए। उन्होंने केन्दुआ-करकेंद्र क्षेत्र में आतिशबाजी की और लोगों को मिठाई बांटकर खुशी मनाई। इस अवसर पर राम गोपाल भूवानियां, श्री राम चौराशिया, बिट्टू सिंह, संजय जयसवाल, मनोवर हुसैन, विनोद रजक, पवन रजक, पिन्टू वर्मा समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कई सरकारी विद्यालयों में संविधान दिवस का आयोजन

**अलकडीहा (एप्र)।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिनागोडा कोलियरी और आदर्श मध्य विद्यालय खास जयरामपुर कोलियरी में प्रभारी प्रधानाध्यापक हरि महतो और मनोज कुमार वरनवाल ने संविधान दिवस का आयोजन किया। उन्होंने छात्रों के सामने संविधान के महत्व पर चर्चा की और भारतीय नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमारे देश का संचालन भारतीय संविधान के अनुसार होता है, इसलिए सभी को संविधान की जानकारी होनी चाहिए।साथ ही, सभी छात्रों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ भी किया।

## फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार

**बाघमारा (एप्र)।** पुराने मामले मे फरार वारंटी बरोरा पंचायत के पूर्व मुखिया महेन्द्र चौहान व उनके पुत्र अभिषेक चौहान के आवास पर बरोरा पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है।बताया जाता है की 2022 मे मुराईडीह कोलडंप पर लोकलसेल से कोयला उठाव को लेकर सिंडीकेट समर्थक व सिंडीकेट विरोधी डीओ होल्डर कन्हाई चौहान के समर्थको के बीच उत्पन्न विवाद मे गोली-बम चलने पर बरोरा पुलिस ने मामला दर्ज कर करवाई की थी उसी मामले मे बरोरा पंचायत के पूर्व मुखिया महेन्द्र चौहान व उनके पुत्र अभिषेक चौहान तथा बरोरा न्यू क्वाटर निवासी चंदन चौहान के घर पर बरोरा पुलिस ने इश्तेहार चिपकाये। इनके खिलाफ बरोरा थाना में कांड संख्या 63 /22 मारपीट रंगदारी तथा गोली एवं बम चलाने के आरोप में मामला दर्ज है। यदि 30 नवंबर तक न्यालय में आत्मसमर्पण नहीं करते है तो न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती की करवाई की जाएगी।

## एशियन हॉस्पिटल में नगर आयुक्त ने किया छह डायलिसिस मशीनों का उद्घाटन

### एशियन हॉस्पिटल में मरीजों की डायलिसिस सेवा में हुआ विस्तार



**धनबाद (एप्र)।** एशियन जालान सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायलिसिस यूनिट में छह और डायलिसिस मशीनों का उद्घाटन नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने किया। इस अवसर पर उपस्थित नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने कहा शहर के हृदय स्थल सिटी सेंटर के समीप एशियन हॉस्पिटल डायलिसिस यूनिट में छह डायलिसिस मशीनों की वृद्धि हो जाने से डायलिसिस के लिए इंतजारत मरीजों को काफी सुविधा होगी। और नजदीक होने के कारण उनके समय का बचत भी होगा। कहा की विभिन्न विभागों के मरीजों की सेवा में चौबीसों घंटे कार्यरत एशियन हॉस्पिटल को किडनी के मरीजों को अस्पताल में इस सुविधा के वृद्धि के लिए एशियन अस्पताल प्रबंधन की प्रशंसा करता हूं। उद्घाटन के अवसर पर एशियन हॉस्पिटल के डायरेक्टर अनुपम पांडे ने बताया की हॉस्पिटल में पहले से तेरह डायलिसिस मशीने कार्यरत थी। आज डायलिसिस यूनिट में छह डायलिसिस मशीनों की एक्सटेंशन (विस्तार) प्रबंधन ने किडनी के मरीजों की डायलिसिस करवाने की परेशानियों को देखते हुए किया है। पहले हर महीने तेरह डायलिसिस मशीनों से, दस ओपीडी में और दो क्रिटिकल केसेस के लिए प्रयुक्त मशीनों से एक हजार मरीजों का डायलिसिस होता था अब और छह डायलिसिस मशीनों के लगने से अब कूल इक्कीस डायलिसिस मशीनों से हर महीने पंद्रह सौ मरीजों का डायलिसिस होगा। एशियान हॉस्पिटल के सेंटर हेड डॉ. सी राजन ने बताया कि एशियन अस्पताल में 4 घंटे की डायलिसिस सेवा में दौरान एशियन हॉस्पिटल के डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मरीजों का विशेष ध्यान रखा जाता है। उद्घाटन के अवसर पर धनबाद नगर आयुक्त रविराज शर्मा, एशियन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर अनुपम पांडे, हॉस्पिटल के सेंटर हेड डॉ. सी. राजन,ट्रस्टी राजीव शर्मा, संजीव अग्रवाल, डॉ. ए.एम. राय, हॉस्पिटल के ग्रुप मार्केटिंग हेड शैलेश झा, अस्पताल के पदाधिकारी मो. ताजुद्दीन समेत अन्य अतिथि, डायलिसिस के मरीज व उनके अभिभावक उपस्थित थे।

## मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में संगठनों ने गेट मीटिंग का किया आयोजन




**धनबाद (एप्र)।** धनबाद के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में पूर्व मध्य रेल मजदूर संघ,ऑल इंडिया एससी - एसटी रेलवे इंप्लाइज एसोसिएशन, ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन और ऑल इंडिया रेलवे इंजीनियर्स फेडरेशन के संगठनों ने एक संयुक्त गेट मीटिंग आयोजित की। इस बैठक में रेल कर्मचारियों को रेल, राष्ट्र और उनके व्यक्तिगत हितों को ध्यान में रखकर चार, पांच और छह दिसंबर को होने वाले यूनियन के मान्यता चुनाव में अपने मतों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, कर्मचारियों के प्रमुख मुद्दों जैसे पुरानी पेंशन योजना, आठवें वेतन आयोग का गठन, एलडीसीई का ओपन टू ऑल, बोनस की गणना न्यूनतम 18,000/- के बेसिक पर,रनिंग कर्मचारियों की समस्याएं, टीटीई को रनिंग कर्मचारी का दर्जा, जेई और एसएसई के लिए ग्रुप बी में प्रोन्नति, और महिला कर्मचारियों के लिए बेहतर कार्य स्थल सुविधाओं की मांगों पर ध्यान देने की प्रतिबद्धता जताई गई। सभा में फूल कंवर, ए.के. पलीत, वेलमुरुगन, इं आरके सिंह, इं एसके दुबे, इं रेखा कुमारी, इं शंभू कुमार, इं आर महतो, इं बी एन सिंह (बीएमएस) जिला मंत्री शधर्मजीत चौधरी, अध्यक्ष सुशील उरांव, प्रदेश मंत्री रमेश चौबे, सीएमपीएफ के महामंत्री चंद्र भूषण प्रसाद, अशोक राय और कई अन्य सदस्यों के साथ सैकड़ों रेल कर्मी उपस्थित थे। सभी ने आगामी यूनियन चुनाव में परिवर्तन का संकल्प लेते हुए पूर्व मध्य रेल मजदूर संघ को जीत दिलाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## भारतीय संविधान को जानना और आस्था रखना सभी के लिए आवश्यक : कुलपति

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारतीय संविधान दिवस के 75वें वर्षगांठ पर मंगलवार को संगोष्ठी सह प्रस्तावना शपथ कार्यक्रम आर्यभट्ट सभागार में आयोजित की गयी। मौके पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय संविधान के बारे जानना और आस्था रखना सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान में 395 अनुच्छेद, 25 भाग, 12 अनुसूचियां हैं एवं एक लाख पैतालीस हजार शब्द हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हस्तलिखित है। इसमें संप्रभुता, समाजवाद, लोकनिर्पेक्षता, लोकतंत्र और गणतंत्र आदि उद्देश्य शामिल



हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित एनएसएस के स्वयंसवकों से भारतीय संविधान का स्वयं अध्ययन करने और दूसरों को भी इससे अवगत कराने की अपील की। कुलपति ने उपस्थित प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का शपथ कराया । इस अवसर पर आरयू के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को डॉ बीके सिन्हा, डॉ आनन्द कुमार ठाकुर, डॉ कुमुद कला मेहता, डॉ भारती द्विवेदी, डॉ हैप्पी भाटिया, डॉ चंचल लकड़ा, डॉ सीमा केशरी, एन एस एस के टीम लीडर्स आस्था दीप, श्रेयसी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के टीम लीडर अतुल कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने किया।

## श्रीअद्वैत स्वरूप संन्यास आश्रम का सत्संग 29 से

**रांची।** श्रीअद्वैत स्वरूप संन्यास आश्रम का तीन दिवसीय वार्षिक परम ज्ञान सत्संग 29 नवंबर से शुरू हो रहा है। इसका आयोजन मेकन इस्पात क्लब हॉल में रांची संगत की ओर से किया जा रहा है। पहले दिन शाम छह बजे ईश्वर और सदुरु की आराधना से सत्संग की शुरूआत होगी। रांची संगत शाखा के अनिल कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि महामंडलेश्वर साध्वी निर्भयानंदपुरी निर्मल बहन सहित कई साधु-संत अनुयायियों को आशीर्वचन देंगे। दूसरे दिन भी शाम छह से रात आठ बजे तक भजन और प्रवचन होगा। अंतिम दिन रविवार को मेकन नर्सरी में सत्संग, भजन और भंडारा होगा। कार्यक्रम सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक चलेगा।

## सीएम ने धरती आबा के वंशज के बेहतर इलाज का दिया निर्देश

**रांची।** राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज के बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसके बाद उपायुक्त खूंटी ने जानकारी दी है कि सिविल सर्जन के नेतृत्व में रिम्स में चिकित्सकों के जरिये उनका इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों के परामर्श पर एयर एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की जाएगी। उपायुक्त खूंटी लोकेश मिश्रा ने बताया कि खूंटी सिविल सर्जन के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक स्वास्थ्य टीम का गठन कर रिम्स रांची भेजा गया है, जिससे उन्हें हर संभव स्वास्थ्य सुविधा दिया जा सके। मामले में सरकार एवं जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है, चिकित्सकों के



परामर्श पर उच्च स्तरीय इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की जाएगी। कार्यवाहक मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि सोमवार की रात्रि में भगवान बिरसा मुंडा के परिजन मंगल मुंडा खूंटी में सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए थे। उनका इलाज रिम्स में हो रहा है।

# पुलिस मुख्यालय में मना संविधान दिवस

**रांची।** संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को पुलिस मुख्यालय के प्रांगण में भारत के संविधान की प्रस्तावना का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक द्वारा उपस्थित वरीय पुलिस पदाधिकारियों, कनीय पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को भारतीय संविधान के उद्देशिका हम, भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 को इस संविधान को



अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं की शपथ दिलाई गई।

### शपथ ग्रहण के मौके पर ये रहे उपस्थित

डीजीपी अजय कुमार सिंह, आर. के. मल्लिक पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, संजय आनन्दराव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, श्रीमती सुमन गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण एंव आधुनिकीकरण, अमोल विनुकान्त होमकर, पुलिस महानिरीक्षक अभियान प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, विशेष शाखा पंकज कम्बोज, पुलिस महानिरीक्षक प्रोविजन, श्रीमती अन्नेपु विजयालक्ष्मी, पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण कार्तिक एस, पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष शाखा, अश्विनी कुमार सिन्हा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, वितंतु, नौशाद आलम, पुलिस उप-महानिरीक्षक, कार्मिक, चंदन कुमार झा पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा अमित रेणु, पुलिस अधीक्षक, अभियान उपस्थित थे।

# देवघर विस : 9 को छोड़ सभी बूथों पर मतदाताओं ने नोटा का दबाया बटन

- 460 बूथों में 451 के मतदाताओं ने नोटा को दिया 3906 वोट
- विधानसभा के सिर्फ 9 बूथों पर नोटा को नहीं मिला एक भी वोट

**श्वेत पत्र/देवघर (राकेश पुरोहितवार)।**

चुनाव में वोट डालते समय अगर लगता है कि कोई भी उम्मीदवार सही नहीं है तो नोटा का बटन दबा कर मतदाता विरोध दर्ज कराते हैं। हाल में संपन्न हुए आम चुनाव में देवघर विधानसभा के कुल 460 बूथों में 9 को छोड़ बाकी सभी पर मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया और सातों प्रत्याशियों को रिजेक्ट कर दिया। देवघर विधानसभा के 451 बूथों पर नोटा को कुल 3906 वोट मिले। वहीं 9 ऐसे भी बूथ हैं, जहां एक भी मतदाताओं ने नोटा का बटन नहीं दबाया।

### हरकट्टा बूथ पर सबसे अधिक लोगों ने नोटा का दबाया बटन

देवघर विधानसभा के हकट्टा बूथ पर नोटा को सबसे अधिक वोट मिले हैं। यहां 28 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया है। कुल 460 बूथों में कहीं भी इतना ज्यादा वोट नोटा को नहीं मिले। वहीं दूसरे स्थान पर कटवन और लेटवावरण बूथ रहा, जहां नोटा को 26-26 वोट मिले। जबकि तीसरे स्थान पर रुपसागर और दर्दमारा बूथ रहा, जहां नोटा का 25-25 वोट मिले। 2019 के विधानसभा की तुलना 2024 में नोटा का प्रचलन बढ़ा है।

### नोटा वोट का चुनाव के नतीजे पर असर नहीं




जब तक नोटा की व्यवस्था नहीं थी, तब तक चुनाव में अगर किसी को लगता था कि उनके अनुसार कोई भी उम्मीदवार योग्य नहीं है, तो वो लोग वोट डालने ही नहीं जाते थे और इस तरह से उनका वोट बर्बाद हो जाता है। यही नहीं, पहले कई स्थानों पर वोट का बहिष्कार भी होता था। ऐसे में मतदान के अधिकार से लोग वंचित रह जाते थे। तब 2009 में चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को नोटा का विकल्प सुझाया। नोटा का फुल फॉर्म-नॉन ऑफ द एभव। मतलब इनमें से कोई नहीं। बाद में नागरिक अधिकार संगठन पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज ने भी नोटा का समर्थन करते हुए एक जनहित याचिका दायर की। जिसके बाद साल 2013 में न्यायालय ने मतदाताओं को नोटा का विकल्प देने का निर्णय लिया था। इस प्रकार इवीएम में नोटा विकल्प को शामिल किया गया। नोटा के मत केवल गिने जाते हैं। इन्हें रद्द मतों की श्रेणी में रखा जाता है और चुनाव के नतीजों पर इसका कोई असर नहीं पड़ता है।

**वैसे बूथ, जहां नोटा को शून्य वोट मिले**

| बूथ | नोटा |
|---|---|
| 09 बंधा केंदुआ | 00 |
| 78 जनकपुर | 00 |
| 102 झूमरबाद | 00 |
| 145 श्रीकांत रोड, बेला बगान उत्तरी | 00 |
| 164 मतस्य विभाग | 00 |
| 228 आरएल सर्राफ उवि मध्य भाग | 00 |
| 237 आर मित्रा स्कूल दक्षिण भाग | 00 |
| 251 मातृ मंदिर उवि दक्षिणी भाग | 00 |
| 409 रोपनी | 00 |

**वैसे बूथ, जहां नोटा को सर्वाधिक वोट मिले**

| बूथ | नोटा |
|---|---|
| 16 दर्दमारा | 25 |
| 26 गिधनी | 20 |
| 39 सिकदारडीह | 22 |
| 43 रायडीह | 22 |
| 53 जमुनियाटांड़ | 20 |
| 66 दिघरिया | 20 |
| 144 सिंघवा | 23 |
| 186 रुपसागर | 25 |
| 345 मलहारा | 21 |
| 349 लेटवावरण | 26 |
| 362 झारखंडी | 21 |
| 366 हरकट्टा | 28 |
| 373 कटवन | 26 |
| 437 देवथर | 21 |
| 440 तिलैया मंझियाना | 20 |

## एक नजर

### नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**मधुपुर (निसं)।** शहर के सीताराम डालमिया रोड स्थित खेड़िया धर्मशाला में मंगलवार को मारवाड़ी युवा मंच व मारवाड़ी महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान द मिशन हॉस्पिटल दुगार्पुर के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में किडनी रोग विशेषज्ञ,चिकित्सक डा० दिपेश कुमार धूप, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सरोज कुमार मिश्रा, ऑथोर्पेडिक चिकित्सक डॉक्टर तीर्थ मुखर्जी, चिकित्सक डॉक्टर राहुल बोस, डॉ देवाशीष घोष, जनरल मेडिसिन डॉक्टर बप्पादित्य मंडल, ऑथोर्पेडिक डॉक्टर पायल राय ने शिविर में आए मरीजों की स्वास्थ्य जांच की उन्हें स्वस्थ रहने की निशुल्क सलाह भी दिया और शिविर में मरीजों को ब्लड प्रेशर, प्रेशर, इसीजी समेत कई बीमारी की जांच की गई ।शिविर में करीब 200 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया गया। मौके पर मलय भट्टाचार्या सीनियर जनरल मैनेजर ग्रोथ एंड डेवलपमेंट दुगार्पुर मिशन हॉस्पिटल, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्षा एवं समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### मधुपुर नगर परिषद कार्यालय सभागार में मनाया गया संविधान दिवस



**मधुपुर (निसं)।** नगर परिषद कार्यालय में नगर प्रबंधक सुभाष हैंब्रम की अध्यक्षता में नगर परिषद के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा संविधान की शपथ ली गई। इस अवसर पर भारत को संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी ,पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक रखने का शपथ लिया गया ।साथ ही भारत की गरिमा एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने का भी संकल्प लिया गया। नगर प्रबंधक सुभाष हैंब्रम द्वारा संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए निष्पक्ष इमानदारी पूर्वक कार्य करने हेतु कर्मियों को प्रोत्साहित किया गया। मौके पर नगर प्रबंधक अनुज राकेश किस्पोट्टा, राजेंद्र कुमार सीएलटीसी, जेई दिलीप यादव, जेई राजेंद्र किस्कु, जेई सोनु कुमार, बड़ा बाबू मोहम्मद जावेद, अजय कुमार, मेराज रब्बानी, मंसूर आलम, राजेश कुमार, मिथुन रवानी अमरजीत पासवान आदि नगर परिषद कर्मी उपस्थित थे।

### तम्बाकू निषेध पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को राजकीयकृत कल्याण प्लस-टू विद्यालय चुल्हिया (मोहनपुर) में तंबाकू निषेध पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस खतरनाक आदत से दूर रखना है। मौके पर स्कूली बच्चों को तंबाकू दुष्परिणाम के बारे में बड़े ही रोचक तरीके से समझाया गया। बच्चों के बीच तम्बाकू निषेध पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली अर्चना कुमारी, सोनी कुमारी, चांदनी कुमारी एव अन्य पांच को एनसीडी कोषांग की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य जाहिर अब्बास, शिव शंकर मुर्मू, गौतम कुमार राजहंस, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला परामर्शी अभिमन्यु दांगी एवं अन्य उपस्थित थे।

### नो पार्किंग जॉन में खड़े दो पहिया वाहन जब्त

**मधुपुर (निसं)।** रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी जूलियन आनंद टोप्पो के निर्देश पर मधुपुर आरपीएफ ने रेलवे एक्ट अधिनियम को अनुपालन करने को लेकर मंगलवार को स्टेशन परिसर में विशेष अभियान आरपीएफ सब-इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद के नेतृत्व मे चलाया गया। मधुपुर स्टेशन परिसर स्थित अवैध पार्किंग स्थल से खड़े दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल को जब्त किया। सभी जब्त बाइक के मालिकों को 159 रेलवे एक्ट के तहत रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया जहां प्रत्येक चालकों से जुमार्ना वसूला गया। इस संबंध में आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि पार्किंग के लिए स्टेशन के बाहर पार्किंग की व्यवस्था की गई है बावजूद कुछ लोग स्टेशन के सामने अवैध तरीके से मोटरसाइकिल खड़ा कर देते हैं। जिससे स्टेशन के अंदर आने जाने वाले रेल यात्रीयों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मौके पर आरपीएफ एएसआई नरेंद्र कुमार,समेत आरपीएफ के जवान उपस्थित थे।

### पल्स पोलियो प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**देवघर (एप्र)।** मोहनपुर सीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्याम सुंदर सिंह के निर्देश पर पल्स पोलियो दिसंबर चक्र के वैक्सीनेटरों को प्रशिक्षण दिया गया। आगामी 8 दिसंबर से 10 दिसंबर तक पल्स पोलियो अभियान का कार्यक्रम निर्धारित है। जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चे को पोलियो की दवा पिलाया जाएगी। 8 दिसंबर को बूथ पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। वहीं 9 एवं 10 दिसंबर को घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। प्रशिक्षण डब्लूएचओ के प्रतिनिधि विष्णु कुमार सिंह, एसआई अमरनाथ रजक, एमपीडब्ल्यू प्रकाश कुमार मंडल एवं गोपाल मंडल के द्वारा दिया गया, जिसमें कुल 60 पोलियो वैक्सीनेटर ने भाग लिया।

### सड़क हादसे में दो जख्मी

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** बुढ़ई थाना क्षेत्र के चौधरीडीह गांव के पास बाइक और टोटो की भिड़ंत दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में घायल कुंडा निवासी कृष कुमार ने बताया कि अपने दोस्त आयुष कुमार बैद्यनाथ धाम स्टेशन निवासी के साथ बुढ़ई मेला घूमने गया था। वहां से वापस लौटने के क्रम में बाइक और टोटो की भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

# बुढ़ई मेला में विधायक हफीजुल का रोड शो

**श्वेत पत्र / बैद्यनाथधाम (निसं )।**






मधुपुर के नवनिर्वाचित विधायक हफीजुल हसन ने मंगलवार को बुढ़ई मेला में रोड शो किया। इस दौरान विधायक अपने गाड़ी की छत पर बैठ गए और जीत के बाद लोगों को आभार जताया। समर्थकों ने विधायक को माला पहना कर स्वागत किया। बीडीओ मधुपुर अजय कुमार दास, बीडीओ विजय राजेश बारला, मेला ठेकेदार सह देवीपुर प्रखंड के उपप्रमुख मिथिलेश यादव, मेला सचिव सहदेव यादव और मेला व्यवस्थापक गुल महाजन शेख, पूर्व मुखिया अशोक राजहंस आदि के द्वारा मेला का सफल संचालन कराया। जबकि मेला में शांति व्यवस्था को कायम रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया है। जिसका नेतृत्व बूढ़ई थाना प्रभारी अशोक कुमार और देवीपुर थाना प्रभारी संदीप कृष्णा, पुलिस इंस्पेक्टर कर रहे थे। माता बूढ़ेश्वरी का विधिवत पूजा-अर्चना और बलि प्रदान किया गया। बुधवार को मेले का समापन हो जाएगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश यादव, प्रधान विनोद यादव, मनोज यादव, फारूक अंसारी, जगदम्बा यादव, चुनचुन यादव, अशोक यादव, पप्पू राजहंस, संतोष साह, प्रशांत कुमार, मंटू यादव, पंकज कुमार, रंजीत यादव, पप्पू यादव, रहमान अंसारी, मधु यादव, राजेश साव आदि सैकड़ों उपस्थित थे।

## बीपीओ ने पंसस व रोजगार सेवकों के साथ की बैठक



**श्वेत पत्र / सारठ (एप्र)।**

बीपीओ डेविड गुड़िया ने मंगलवार को सहायक व कनीय अभियंता, पंचायत सचिवों व रोजगार सेवकों के साथ बैठक की। इस दौरान बीपीओ ने वित्तीय वर्ष 2021-22 व उससे पूर्व के पेंडिंग 1190 योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण कर क्लोज करने का निर्देश दिया। इसके लिए कनीय अभियंता, रोजगार सेवक व पंचायत सचिव को स्थल निरीक्षण कर कार्य पूर्ण होने पर बकाया राशि का भुगतान करने एवं यथाशीघ्र कार्य पूर्ण कर योजनाओं को बन्द करने का निर्देश दिया। प्रत्येक गुरुवार को पंचायतों में रोजगार दिवस मनाने का निर्देश दिया गया। जिसमें सम्बंधित कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, मुखिया व रोजगार सेवक को अनिवार्य रूप से मौजूद रहने की बात कही गई। 2021 से 2024 तक के रिजेक्टेड एफटीओ को मजदूरों का आधार खाता जांच कर पुनः एफटीओ कर लंबित भुगतान को पूरा कराने एवं मनरेगा द्वारा चल रही योजनाओं का कार्य स्थल का निरीक्षण एवं सभी योजनाओं का ड्यूरिंग व ऑफ्टर जियो टैग करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सहायक अभियंता शुभम स्वराज, कनीय अभियंता हिताशी, पंसस जॉन मरांडी, सुबल मंडल, रोजगार सेवक, हृदय नारायण, सुंधाशु सिंह, राकेश कुमार समेत अन्य पंसस व रोजगार सेवक मौजूद थे।

### कोलंबस स्कूल में स्टूडेंट लीड कॉन्फ्रेंस का आयोजन




**बैद्यनाथधाम (निसं)।** बिलासी टाउन स्थित संत कोलंबस स्कूल में स्थापना दिवस पर स्टूडेंट लीड कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न विषयों से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक राजीव शंकर , परिकल्पना समिति की सचिव नीलिमा सिंह एवं प्राचार्य गौरव शंकर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विभिन्न वर्गों के बच्चों ने हिंदी, सामाजिक विज्ञान, गणित, कंप्यूटर साइंस, अबाकस, हिंदी व्याकरण के जीवंत परियोजना के माध्यम से अभिभावक एवं दर्शन दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में राम सेवक गुंजन, प्रेम केसरी दीपक कुमार, अभिषेक कुमार, पवन टमकोरिया, रजत मुखर्जी, डॉ. चेतना भारती, उत्तम कुमार दिनेश सिंह, संतोष शर्मा, मयंक राय, कुमार गौरव मौजूद थे।

### बाइक की टक्कर में जख्मी

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** सोनारायठाढ़ी थाना क्षेत्र के केन खपरा गांव के पास दो बाइक के टक्कर में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख्मी कोलहड़िया गांव निवासी घायल कुलेश्वर मंडल के भाई गोपाल मंडल ने बताया कि कालेश्वर हटिया गया था, जहां से घर लौटने के क्रम में सामने से आ रही बाइक ने धक्का मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत, परिजन घर छोड़ फरार



**मायकेवालों ने लगाया हत्या का आरोप**

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** जसीडीह थाना क्षेत्र के हुलासपुर गांव में 22 वर्षीय विवाहिता की रहस्यमय परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार रिखिया थाना क्षेत्र के रढ़िया गांव निवासी भज्जू यादव की बेटी 22 वर्षीय रेणु कुमारी की शादी चार साल पूर्व हुलासपुर निवासी गुलटन यादव के साथ हुई थी ।शादी के बाद से ससुराल वालों की ओर से अनबन चल रहा था। इस दौरान एक पुत्र का जन्म हुआ है। बीते सोमवार को रेणु ने अपने मां बाप से बातचीत की थी। मंगलवार की सुबह गुलशन यादव ने अपने साला को फोन कर बताया कि उसकी बहन ने घर के एक कमरे में फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी पाकर मायके वाले बेटी के ससुराल पहुंचे। जहां रेणु पलंग पर मृत अवस्था में पड़ी हुई थी और घर का सभी सदस्य गायब थे। घटना को लेकर पीड़िता के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर एसआई राजेन्द्र सिंकू मौके पर पहुंचकर कर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटनास्थल से एक रस्सी और बांस की सीढ़ी बरामद की है। घटना को लेकर स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। घटना को लेकर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# जिले में कांग्रेस का संविधान रक्षक अभियान शुरू, 60 दिनों तक होंगे कार्यक्रम

### जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाया 75 वां संविधान दिवस



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** देवघर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला अध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश के अगुवाई में 75 वां संविधान दिवस पर कांग्रेस कार्यालय मनाया गया। इस अवसर पर संविधान रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। साथ ही अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निदेर्शानुसार 26 नवम्बर से 26 जनवरी तक 60 दिवसीय संविधान रक्षक अभियान की जिले में शुरूआत की गई। इस अभियान तहत पार्टी के पांच लक्ष्य एक संविधान, समानता का अभियान, आरक्षण की रक्षा, संविधान की गारंटी, भेदभाव से छुटकारा, संविधान का नारा, गरीबों के संविधान के खिलाफ पूंजीवादी की सरकार और लोकतंत्र को बचाओ, संविधान से है आजादी, विषयों पर प्रकाश डालना ,प्रति विषय 10 दिन समर्पित कर प्रभावी संदेश के माध्यम से जनता के बीच ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों तरह से रैलियां, घर-घर पहुंच विरोध प्रदर्शन जैसे अभियान, मीडिया की सहभागिता और जमीनी स्तर पर चर्चा करनी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय ने कहा कि संविधान रक्षक अभियान तहत हर कार्यकर्ता को संविधान को बचाना है और समाजिक न्याय लाने के लिए प्रतिबद्ध होना है। आज संविधान के साथ संविधान के धाराओं के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है। इसे बचाना है। जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने अभियान को लेकर अपने दायित्व का निर्वह्न का संकल्प के साथ शपथ दिलाते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा नेता राहुल गांधी के इस अभियान को हम सभी पार्टी कार्यकर्ता मंजिल तक पहूंचाने का काम करेंगें। इस दौरान जिला महासचिव-सह- प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, पदाधिकारी रवि गुप्ता,गणेश दास,सौरभ दास,नाहिदा सुल्तान, एनएसयूआइ के रवि बर्मा,शैफ दानिश,सेवा दल के बासुकी पंडित,महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिला देवी,मीना तुरी,राधा पाल, अल्पसंख्यक कांग्रेस के बैलालुद्दीन, प्रखंड अध्यक्ष हेमंत चौधरी,मौलाना रियासत,अर्जुन राउत, धर्मेंद्र सिंह, युवा कांग्रेस शिवा झा, सिकंदर यादव, राजू तुरी, नारायण यादव, गुलाब यादव मौजूद थे।

### बाजला कॉलेज में भाषण और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन




**बैद्यनाथधाम (निसं)।** रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्या डॉ सुचिता कुमारी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी निमिषा रिचर्ड होरो के विषय परिचय के साथ किया। इस विषय पर व्याख्यान देते हुए मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ पी सी दास ने कहा कि संविधान, देश का सर्वोच्च लिखित कानून होता है जो देश के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को नियंत्रित करता है। साथ ही नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों का बोध कराता है और सरकार की संरचना, कार्यप्रणाली, और अधिकारों का निर्धारण करता है और विधि के शासन की स्थापना करता है। प्राध्यापक डॉ किसलय सिन्हा ने सविधान दिवस की प्रसंगिकता और उसके विकास से छात्राओं को अवगत कराया। अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्या डॉ सुचिता कुमारी ने कहा कि संविधान में दिए गए अधिकार और कर्तव्य का पालन कर ही हम एक आदर्श नागरिक बन सकते हैं। कार्यक्रम में भाषण और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णायक डॉ किसलय सिन्हा और डॉ सीमा सिंह थी। भाषण प्रतियोगिता में रानी मेघा प्रथम,ज योतिका रावत को द्वितीय और मुस्कान तथा प्रिया भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ पी सी दास और ममता कुजूर थे, जिसमें ग्रुप ख प्रथम, ग्रुप ग द्वितीय और ग्रुप अ को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्राध्यापक ममता कुजूर, डॉ सीमा सिंह, आशा कुमारी, राम रूप मिश्रा, शिखा सोनाली, हेलना, इरी, सुनीला, डॉ. विपिन समेत कई छात्राएं मौजूद थीं।

### भाजपा ने संविधान दिवस पर बाबा साहेब को किया याद

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** संविधान दिवस के अवसर पर स्टेशन रोड स्थित भाजपा कार्यालय में जिला के प्रमुख नेताओं ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। मौके पर जिला महामंत्री संतोष उपाध्याय ने कहा कि बाबा साहब भारत के संविधान के मुख्य शिल्पी रहे हैं। भारत के संविधान में सभी भारतवासियों के लिए अधिकार और कर्तव्यों का संपूर्ण समावेश है। कार्यक्रम में जिला कार्यालय प्रभारी धनंजय तिवारी, जिला महामंत्री अधीर चंद्र भैया, मंडल अध्यक्ष मिथलेश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### डीएवी भंडारकोला में मना संविधान दिवस

**बैद्यनाथधाम (निसं)।** स्थानीय गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने संविधान से संबंधित अपने वक्तव्य को रखा और क्विज का आयोजन किया ।विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र को सुचारू और सुव्यवस्थित तरीके से चलाने के लिए संविधान की आवश्यकता होती है। भारत का संविधान दुनिया के किसी भी गणतांत्रिक देश का सबसे लंबा लिखित संविधान है जिसे संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को अपनाया था ।विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आर एल कुंजिलवार और एस के घोष ने भी अपने विचार रखे।

# सलोनी मूर्मू हत्याकांड का खुलासा पूर्व नक्सली शिकर किस्कू था शामिल

**अमड़ापाड़ा (एप्र)।** थाना क्षेत्र के कठालडीह गांव की 21 वषीर्या विवाहिता सलोनी मूर्मू के निर्मम हत्याकांड का खुलासा पुलिस ने कर लिया है। इस मामले में कांड संख्या : 68/24 के तहत केस दर्ज किया गया था। सलोनी की आधकटी गर्दन वाली लाश गत 13 नवंबर को पचुवाड़ा और रांगाटोला के बीच एक पानी भरे खेत में मिली थी। इस मामले में महेशपुर एसडीपीओ विजय कुमार ने मंगलवार को स्थानीय थाने में एक प्रेस कांफ्रेंस कर हत्याकांड में संलिप्त आरोपियों सहित तमाम गुत्थियों की जानकारी दी।



**चुड़की मरांडी ने रची थी सौतन सलोनी की हत्या की साजिश**

एसडीपीओ ने पत्रकारों को बताया कि चुड़की वकील सोरेन की पहली पत्नी थी। अपने सौतन सलोनी के पति के संग रहने से नाराज थी। अपने अधिकार के लिए और सलोनी को रास्ते से हटाने के लिए उसने पूर्व नकशली शिकर किस्कू से सांठगांठ कर उसकी हत्या की योजना तैयार किया और उसकी निर्मम हत्या करवा दी। हालांकि नक्सली शिकर वकील के दोनों पत्नियों के संपर्क में था जिसकी पुष्टि मोबाइल कॉल डिटेल्स से हुई है। जानकारी दी गई कि घटना स्थल और लाश की बरामदगी अलग-अलग स्थल से हुई। इस घटना में ब्लड स्टेन (रक्त से सनी मिट्टी), आरोपी के मोबाइल आदि बरामद किए गए हैं।

**चुड़की गिरफ्तार शिकर फरार**

एसडीपीओ ने बताया कि इस हत्या के साजिशकर्ता चुड़की को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं हत्या के आरोपी शिकर व संलिप्त अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**एसडीपीओ के नेतृत्व में बनी थी चार सदस्यीय टीम**

इस हत्याकांड के डिटेक्सन के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा, एसआई अरविंद कुमार मंडल, अजय महतो और श्रीचाँद किस्कू सहित चार सदस्यीय टीम बनाई गई थी। टीम ने लगातार प्रयास और अपनी सूझबूझ से कांड के उद्भेदन में सफलता प्राप्त किया।

## रेडीमेड गारमेंट शॉप ट्रेंड ऑफ इंडिया का ग्रेंड ओपनिंग



**पाकुड़ (एप्र)।** शहर के हाटपाड़ा बिरसा चौक के पास मंगलवार को रेडिमेड गारमेंट शॉप ट्रेंड ऑफ इंडिया का उद्घाटन किया गया। इसका फीता काट कर ग्रेंड ओपनिंग किया गया। इसके उपरांत दीप प्रज्वलित किया गया। इस खास अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। जिसमें ओपनिंग सेरेमनी में शामिल प्रोपाइटर सहित ट्रेंड ऑफ इंडिया के परिवार के सदस्य शामिल हुए। ओपनिंग सेरेमनी में सोमेंद्र कुमार राय, धर्मेंद्र कुमार भगत, अमित कुमार बोस, शशि शेखर झा एवं सेवानिवृत्त शिक्षक ललित कुमार मंडल सहित अन्य मौजूद थे। इस दौरान ट्रेंड ऑफ इंडिया परिवार की ओर से बताया गया कि यहां एक्सक्लूसिव मेंस वेयर सूट शेरवानी, कुर्ता सुलभ कीमत पर उपलब्ध है। इसमें क्वालिटी का खास ख्याल रखा गया है। क्वालिटी को लेकर ग्राहकों को किसी भी तरह की शिकायत नहीं होगी। क्वालिटी और प्राइस का कांबिनेशन ही हमारी प्राथमिकता है। ग्राहकों का विश्वास जीतना भी हमारा लक्ष्य होगा। यहां खरीदारी करने वाले ग्राहकों को संतुष्ट कर सकें, यही हमारी कोशिश रहेगी।

## एक नजर

### संविधान दिवस पर अम्बेदकर की प्रतिमा पर किया गया नमन, दी गई श्रद्धांजलि



**लिट्टीपाड़ा (एप्र)।** संविधान दिवस के मौके पर मंगलवार को प्रखंड परिसर स्थित डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर प्रतिमा परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर डॉ भीम राव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा पर बीडीओ संजय कुमार सहित प्रखंड एवं अंचल के कर्मियों द्वारा बारी बारी से माल्यार्पण कर नमन किया। आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ के द्वारा उपस्थित सभी को संविधान दिवस की प्रस्तावना का पाठन कराते हुए शपथ दिलाई गई। उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा भारत के संविधान निर्माण के इस महान योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है दरअसल इस दिन 1949 में भारत का संविधान अपनाया गया था। हमारे संविधान को बनाने में दो वर्ष, 11 माह और 18 दिन का समय लगा था। जिसके बाद भारत गणराज्य का संविधान 26 जनवरी 1949 को बनकर तैयार हो गया, लेकिन इसे आधिकारिक तौर पर 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया इसलिए हर साल 26 जनवरी को हम सभी गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी केसी दास, राजा राम, कमल पहड़िया सहित प्रखंड के सभी कर्मी एवं कस्तूरवा विद्यालय के छात्रा उपस्थित थे।

### एलिट पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया



**पाकुड़ (एप्र)।** एलिट पब्लिक स्कूल, पाकुड़ ने 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस का उत्सव बड़े ही उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भारतीय संविधान के महत्व और देश के लोकतंत्र को आकार देने में इसके महत्व के बारे में शिक्षित और संवेदनशील बनाना था।समारोह की शुरूआत स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षकों द्वारा भारतीय प्रस्तावना के पाठ से हुई। विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने पाठ में भाग लिया, जिससे संविधान के मौलिक सिद्धांतों की उनकी समझ का प्रदर्शन हुआ।साथ ही एक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जहां छात्रों और शिक्षकों के द्वारा भारतीय संविधान में निहित मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने का संकल्प लिया। शपथ में संविधान का सम्मान करने, राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देने और सभी प्रयासों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के महत्व पर बल दिया गया। छात्रों और शिक्षकों ने संविधान के महत्व, इसके इतिहास और भारतीय समाज पर इसके प्रभाव पर भाषण दिए और चर्चा में भाग लिया। सत्रों का उद्देश्य संविधान के प्रावधानों और दैनिक जीवन में उनके प्रासंगिकता की गहरी समझ पैदा करना था.इस अवसर पर निर्देशक श्री अरविंद साह,सह निर्देशक अनुपम आनंद,प्राचार्य अभिजित रॉय , एवं सभी शिक्षक गण उपस्थित थे। प्राचार्य अभिजित रॉय जी ने सभी को संविधान के महत्ता को समझाया और अपने देश के प्रति अपनी कर्तव्य का निर्वाहन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### प्रखंड कार्यालय में संविधान दिवस का आयोजन

**महेशपुर (एप्र)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने आंचल व प्रखंड कर्मियों के साथ शपथ ली गई कि हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व- संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार,अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म एवं उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अक्सर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी संविधान को अंगीकृत अधिनियम और आत्माप्रित करते हैं।

## संविधान दिवस पर बीजेपी ने भीम राव अम्बेदकर के प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

फोटो 12

**पाकुड़ (एप्र)।** संविधान दिवस के 75 वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पाकुड़ के द्वारा जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय के नेतृत्व में पाकुड़ नगर में स्थापित संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अम्बेदकर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा कार्यकताओं ने नमन किया। मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष सोहन मंडल, भाजपा नेता हिसाबी राय, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, महामंत्री रूपेश भगत, अनामिका कुमारी, अनिकेत गोस्वामी, पवन भगत आदि मौजूद थे।माल्यार्पण के उपरांत जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि आज का दिन काफी खास है,आज ही के दिन हमारे देश ने संविधान को अपनाया था। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में हमारा संविधान बना जिसके बाद आज तक इस सर्वोपरि माना जाता है। आगे भाजपा नेता हिसाबी राय ने कहा कि संविधान दिवस सिर्फ एक दिन नहीं है बल्कि हमारे देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज यानी संविधान को याद करने का दिन है। इस दस्तावेज को बनाने में बाबा साहब डॉक्ट्र भीमराव अंबेडकर जैसे महान लोगों का बड़ा योगदान था। उन्होंने ही हमारे देश में पहले कानून मंत्री के रूप में काम किया था। हमारे देश ने संविधान को 26 जनवरी 1949 को स्वीकार किया और लागू हुआ। जिसके कारण 26 जनवरी को हम सभी भारतवासी गणतंत्र दिवस के रूप में इस दिन को मनाते हैं। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य देश को लोगों को संविधान और संवैधानिक मूल्यों की जानकारी देना है।



## भाजयुमो जिलाध्यक्ष की कांग्रेस प्रदेश महासचिव के साथ वायरल तस्वीर से चचाओं का बाजार गर्म

**पाकुड़ (एप्र)।** पाकुड़ विधानसभा में चुनाव परिणाम के बाद भारतीय जनता पार्टी के एक कार्यकर्ता की सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीर चर्चा का विषय बना हुआ है। कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम के साथ भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक साह की एक तस्वीर ने पार्टी के अंदर खलबली मचा दी है। भाजयुमो पाकुड़ जिला अध्यक्ष दीपक साह कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम को गुलदस्ता देते हुए फोटो खिंचवाते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को लेकर दावा किया जा रहा है कि कांग्रेस की जीत के बाद दीपक साह तनवीर आलम से मिलने उनके आवास पहुंचे। तनवीर आलम से मुलाकात की और गुलदस्ता देकर बधाई भी दिया। यह भी दावा किया जा रहा है कि युवा जिला अध्यक्ष दीपक साह चुनाव के दौरान पार्टी के फैसले से खुश नहीं थे। सूत्रों का कहना है कि दीपक साह पार्टी के फैसले से नाखुश थे। अब इस तस्वीर को लेकर चर्चा का बाजार गर्म है कि दीपक साह जल्द ही कांग्रेस का दामन थाम सकते हैं। हालांकि भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक साह ऐसे तमाम चर्चा और संभावनाओं से साफ इंकार कर रहे हैं। प्रभात मंत्र भी इसकी पुष्टि नहीं करती है। वहीं वायरल तस्वीर में कितनी सच्चाई है, इसकी पुष्टि भी अखबार नहीं करती है। लेकिन चौक चौराहा पर चचाएं तेज है।



इधर सूत्रों का यह भी कहना है कि सरकार गठन के बाद भारतीय जनता पार्टी के कई नेता इधर से उधर हो सकते हैं। इधर दीपक साह ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। मैं कांग्रेस में बिल्कुल भी नहीं जा रहा हूं। मेरे एक मित्र के साथ बरहरवा से लौट रहा था, इसी दौरान मित्र के साथ तनवीर आलम के घर जाने का संयोग हुआ। किसी ने तस्वीर ली और वायरल कर दिया। मैं भाजपा छोड़ कहीं भी नहीं जा रहा।

## अधिकारी व कर्मियों ने संविधान दिवस पर लिया शपथ



**पाकुड़ (एप्र)।** समाहरणालय परिसर में जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर ने सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी की अगुवाई में संविधान के प्रस्तावना को पढ़कर शपथ लिया गया। इस दौरान शपथ लिया कि हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।अपने इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर 1949 ई (तिथि मार्गशीर्ष, शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

## डीपीएस ने संविधान दिवस पर मानव श्रृंखला का किया आयोजन

**पाकुड़ (एप्र)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, पाकुड़ में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर डॉक्टर भीम राव अम्बेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. वहीं छात्र और छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर संविधान दिवस की जानकारी दी. बताया संविधान दिवस को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी जाना जाता है, हम भारतीय संविधान की 75 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह दिन हमें हमारे संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों की याद दिलाता है, जो हमारे देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में मदद करते हैं। हमारे संविधान ने हमें एक मजबूत और स्थिर लोकतंत्र प्रदान किया है, जो हमारे देश के नागरिकों को समानता, न्याय, और स्वतंत्रता का अधिकार देता है। सर्वप्रथम इस अवसर पर विशेष सभा का आयोजन किया गया. जिसमें शिक्षक-शिक्षिकाओं ने राष्ट्रीय कानून दिवस के महत्व के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इस अवसर पर कक्षा सप्तम और अष्टम के लिए भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। डीपीएस के बच्चों द्वारा पाकुड़ अदालत परिसर से सिद्धो-कान्हो पार्क तक मानव श्रृंखला बनाई गई जिसका उद्देश्य था लोगो में संविधान के प्रति जागरूकता फैलाना। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जे.के.शर्मा ने संविधान के निमार्ताओं को पहले श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा हमें अपने संविधान के मूल्यों को बनाए रखने और उन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने कहा कि हम सभी भारतीयों से आग्रह करते हैं कि वे अपने संविधान के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण को प्रदर्शित करें।



## तारानगर में सिंचाई कूप निर्माण में ढाई इंच की जोड़ाई, गुणवत्ता से किया गया खिलवाड़



**पाकुड़ (एप्र)।** सदर प्रखंड अंतर्गत तारानगर पंचायत में मनरेगा के तहत सिंचाई कूप निर्माण में मानकों और गुणवत्ता से खिलवाड़ किया जा रहा है। पंचायत भवन से थोड़ी दूर रहसपुर के पास बन रहा सिंचाई कूप निर्माण कार्य में प्राक्कलन की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। यहां सिंचाई कूप निर्माण कार्य में चिमनी ईंट के बदले देशी भट्टी का घटिया ईंट का इस्तेमाल किया गया है। वहीं जोड़ाई के काम में सीमेंट की मात्रा भी कम दी गई है। यूं कहे कि सीमेंट की मात्रा नहीं के बराबर है। आश्चर्य की बात तो यह है कि दस इंच जोड़ाई की जगह पांच और ढाई इंच की जोड़ाई की गई। इस तरह सिंचाई कूप निर्माण कार्य में सारे प्राक्कलन, मानक और नियमों को दरकिनार कर दिया गया। इसमें बिचौलिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक की भूमिका भी जांच का विषय है। इधर कनीय अभियंता जुलियस मुर्मू ने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है। मैं सिंचाई कूप निर्माण का जांच करुंगा। अगर गड़बड़ी की गई है तो भुगतना नहीं किया जाएगा। इसमें जो भी दोषी होंगे, उनका रिपोर्ट वरीय पदाधिकारी को करुंगा।

# आश्रम विद्यालय का अस्तित्व खतरे में, विभागीय पहल की जरूरत

### मानवकृत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित हैं प्रखंड के सैंकड़ों विस्थापित जनजातीय बच्चे

**अमड़ापाड़ा (एप्र)।** शैक्षणिक पटल पर प्रखंड को और आगे ले चलने की योजना यहां पिछले आठ वर्षों से साकार नहीं हो पा रहा है। उल्लेखनीय है कि यह प्रखंड जनजातीय बहुल है। लाख प्रयास के बावजूद उक्त समुदाय के बच्चे गुणवत्तापूर्ण अथवा मैन (मानवकृत) मेकिंग शिक्षा से वंचित हैं। गौर करने योग्य विषय यह है कि प्रखंड अंतर्गत दो-दो कोल परियोजनाएँ संचालित हैं। यहां के आदिवासी रैय्यत ग्रामीण या यूं कहें विस्थापित हो चुके ग्रामीणों की जमीनों से दो कोल कंपनियां रोजाना करोड़ों-अरबों का कोयला खोद पंजाब और पश्चिम बंगाल भेज रही हैं। किन्तु, इन विस्थापितों के बच्चों के प्राईमरी या हायर एजुकेसन के लिए यहां अबतक एक उम्दा किस्म का स्कूल, ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट या शैक्षणिक संस्थान नहीं है। विशिष्ट शिक्षा या प्रशिक्षण के नाम सिर्फ औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।ऐसे में क्षेत्र के विस्थापित बच्चों का शैक्षणिक भविष्य क्या होगा ? यह एक बड़ा सवाल है।



**आश्रम विद्यालय के विशाल भवन का अस्तित्व खतरे में**

मुख्यालय से करीब अमड़ापाड़ा संताली मौजा में ही पहाड़ी पर स्थित आश्रम स्कूल के भव्य बिल्डिंग और हॉस्टल का अस्तित्व खतरे में है। लगभग सात-आठ वर्ष पूर्व करोड़ों की लागत से बना यह स्कूल बिल्डिंग और हॉस्टल आइटीडीए से निर्मित हुआ था। जनजातीय बच्चों के शैक्षिक भविष्य को संवारने की अवधारणा पर केंद्रित था यह विद्यालय। किन्तु, आजतक इस विद्यालय में पठन-पाठन शुरू नहीं हो पाया। वेल इक्वीप्पड बिल्डिंग डेड असेट बनकर रह गया। भवन के सभी कमरों के दरवाजे - खिड़कियां चुरा ली गईं। मेन गेट के ग्रील, टाइल्स आदि उखाड़ लिए गए। जंगलों-झाड़ियों की ओट में कहीं खो गया यह विद्यालय भवन। जहां प्रशासनिक व विभागीय पहल से रौनक आनी थी। क्षेत्र के गरीब, अशिक्षित जनजातीय बच्चों को शिक्षा ग्रहण करना था वह समय के साथ असामाजिक तत्वों का अड्डा बनकर रह गया। बहरहाल, इसको बचाने की दिशा में एक गंभीर पहल की आवश्यकता है अन्यथा वह दिन भी आ जाएगा जब इस स्कूल बिल्डिंग का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

**झारखंड आंदोलनकारी रामजी भगत ने कहा**

आंदोलनकारी श्री भगत ने कहा कि राज्य की नई सरकार से यह उम्मीद है कि इस दिशा में ठोस पहल हो। जिस परिकल्पना के तहत करोड़ों के इस भवन अथवा छात्रावास का निर्माण हुआ था वह अब पूरा हो। क्षेत्र के विस्थापित जनजातीय बच्चों का भविष्य संवरे। उन्होंने कहा कि मैं इस मामले को सरकार व जिला प्रशासन के संज्ञान में लाऊंगा।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण व जिर्णोद्धार की मांग

**हिरणपुर (एप्र)।** प्रखंड मुख्यालय के हिरणपुर बाजार स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा जो एक राजनीतिक दृष्टिकोण से अखाड़ा का केंद्र रहा है। जहां जीते हुए जनप्रतिनिधि से लेकर आगाज करने वाले राजनीतिक पार्टी के नेता प्रणेता माल्यार्पण करते है और अपनी राजनीतिक पैठ बनाते है। परंतु यह आदम कद प्रतिमा के गोलंबर की तरफ किसी प्रतिनिधि का ध्यान नहीं गया कि इसका सौंदर्यीकरण पर नजर दौड़ाए। प्रतिमा का सुध लेने वाला कोई नहीं है। देश की आजादी के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाकर अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की गोलंबर जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। जिसकी मरम्मती की आवश्यकता है। इसकी मरम्मती की दिशा में अब तक ना ही स्थानीय प्रशासन ने और ना ही राजनीतिक दल से जुड़े लोगों ने पहल की है। जबकि इसी रास्ते से होकर पदाधिकारियों से लेकर नेताओं का भी आना-जाना लगा रहता है। किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। जबकि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थल हिरणपुर की पहचान भी है। इधर समाजसेवी सुकुमार सेन का कहना है कि नेताजी की प्रतिमा पर सभी नेता प्रणेता माल्यार्पण करते है। परंतु इस गोलंबर का जीर्णोद्धार कोई नहीं करते है। आज वर्तमान में जीती हुई जनप्रतिनिधि से उम्मीद है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा से लेकर गोलंबर का जीर्णोद्धार जरूर करेंगे। मुस्लोद्दीन अंसारी कहते हैं कि अब उम्मीद है इसका जीर्णोद्धार जरूर होंगे। हमारी हिरणपुर की पहचान इस नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा से होती है।



## एक नजर

### सारठ मजार में धरने पर बैठी महिला गायब, थाने में शिकायत

**सारठ (एप्र)।** सारठ मजार में धरने पर बैठी एक महिला के गायब होने का मामला मंगलवार को सारठ थाने पहुंचा है। लापता महिला का नाम रीना






देवी (44) है, जो जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना अंतर्गत साकल गांव की रहने वाली है। उसके पति का नाम गोपी दास है। पति का कहना है कि उसकी पत्नी पर भूत-प्रेत का साया है। काफी जगह इलाज करवाया, लेकिन ठीक नहीं हुई। इसके बाद दो वर्ष पूर्व सारठ मजार में आकर धरने पर बैठी थी और हर दिन मजार पर हाजरी लगाने के बाद काफी हद तक ठीक भी हो गई थी। पत्नी को ठीक कराने के लिए सारठ में ही डेरा लेकर पुत्र सोनू कुमार के साथ रह रहे हैं। वहीं काफी सुधार होने के बाद वापस घर चला गया था, लेकिन कुछ महीने बाद फिर दोबारा वही परेशानी होने पर पुनः पत्नी को लेकर पुत्र के साथ सारठ मजार पर हाजरी लगवा रहा था। बीते सोमवार शाम तीन बजे के करीब पति पत्नी को मजार पर छोड़कर दोपहर का खाना खाने अपना डेरा गया और पुत्र को दूध का ग्लास देकर पत्नी के पास मजार भेजा। वहीं पुत्र जब मजार पहुंचा तो अपनी मां को नहीं पाकर पिता को सूचना दी। पिता-पुत्र ने महिला की खोजबीन की, लेकिन पता नहीं। इसके बाद सारठ थाने में सूचना दी।

### आईआईटी की छात्रा के फोटो से छेड़छाड़ कर वायरल किया, शिकायत

**देवघर (का.प्र)।** शहर के एक मोहल्ले की रहने वाली आईआईटी मुंबई की छात्रा को ब्लैक मेल कर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। इसे लेकर छात्रा ने साइबर थाना में शिकायत दी है। छात्रा के मुताबिक, पहले उसने एपल स्टोर से थर्ड पार्टी ऐप द्वारा तीन हजार रुपए लोन लिया था। उससे लोन का रूपया डबल में चुकता कर दिया। लेकिन उससे और रुपए की मांग की जाने लगी। लोन लेने के समय उसने आधार, पैन और फोटो को भी ऑनलाइन अपलोड किया था। उसके फोटो को एडिट कर उसके कांटेक्ट को एक्सेस कर लिया गया। फिर उसके परिजन, दोस्त सहित अन्य को ब्लैकमेल करने की नियत से फोटो वायरल कर दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने ली संविधान का शपथ



**पथरगामा (एप्र)।** पथरगामा थाना में मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। पारा लीगल वॉलेंटियर (पीएलभी) निशा रानी हांसदा, मार्था टुडू और जोबाती मुर्मू की उपस्थिति में थाना कर्मियों को संविधान के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने के लिए शपथ दिलाई गई। पथरगामा थाना के अवर निरीक्षक रवि किस्कू ने संविधान का पाठ किया और सभी थाना कर्मियों को संविधान की शपथ दिलवाई। जानकारी हो कि संविधान दिवस भारतीय संविधान को अपनाने के दिन के रूप में मनाया जाता है और इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को संविधान की मूल बातें और इसके महत्व के बारे में जागरूक करना है। इस दिन हमें यह याद दिलाया जाता है कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार और स्वतंत्रता प्राप्त है। मौके पर अवर निरीक्षक होरो जी, सहायक अवर निरीक्षक वेद प्रकाश, अनिल यादव, भगत सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**पथरगामा (एप्र)।** प्रखंड के रजौन कला के समीप मंगलवार को एक ट्रैक्टर के पलटने से चालक की मौत हो गई। यह ट्रैक्टर गोड्डा की ओर से तेज गति से आ रहा था, वह घोघा से चिमनी ईंटा लोड कर गोड्डा पहुंचा था। ईंट बेचने के बाद वापस लौटने के क्रम में ट्रैक्टर चालक साहपुर घोघा निवासी प्रवीण कुमार मंडल (32 वर्ष) रजौन कला मोड़ के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर की गति काफी तेज थी और यह संभावना जताई जा रही है कि चालक नशे में था, जिस कारण वह ट्रैक्टर पर नियंत्रण नहीं रख सका। सूचना मिलते ही मृतक के माता-पिता भी वहां पहुंचे। घटना के बाद से उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। जानकारी के अनुसार, मृतक दूसरे का ट्रैक्टर चलाता था और हर दिन घोघा से चिमनी ईंट लेकर गोड्डा बेचने आता था। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सहायक निरीक्षक नारद कुमार मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है।

### संविधान देश के हरेक नागरिक को देता समान अधिकार : उपायुक्त




**दुमका ( काप्र)।** समाहरणालय सभागार में उपयुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। इससे पूर्व उपायुक्त समेत जिले के वरीय अधिकारियों ने डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उपायुक्त ने कहा कि संविधान देश के हरेक नागरिक को समान अधिकार देता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश का संविधान बनाने के लिए एक संविधान सभा का गठन किया गया था। इस सभा ने संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए डा. भीमराव आंबेडकर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। संविधान सभा ने दो साल 11 महीने और 18 दिनों की कड़ी मेहनत के उपरांत भारतीय संविधान को तैयार किया। यह दिन बहुत ही हर्ष एवं उल्लास का दिन है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को संविधान दिवस के कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। भारत का संविधान एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

### आज से शुरू होगी यूजी सेमेस्टर-6 की परीक्षा

**दुमका(काप्र)।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में बुधवार से यूजी सेमेस्टर-6 की परीक्षा शुरू हो रही है। इस परीक्षा के लिए विभिन्न कॉलेजों में कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। एसकेएमयू के परीक्षा ओएसडी डॉ इंद्रनील मंडल ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन को लेकर विभागीय स्तर पर सारी तैयारियां कर ली गई है। इस परीक्षा में कुल 25128 परीक्षार्थी शामिल होंगें जिसमे से आर्ट्स में 21252, कॉमर्स में 734 एवं साइंस में 3142 परीक्षार्थी शामिल होंगें।

### आरोपी गिरफ्तार

**देवघर (का.प्र)।** रिखिया पुलिस ने मारपीट एवं जानलेवा हमला के फरार आरोपी राहुल महथा को गिरफ्तार किया है। वह पुनसिया का रहने वाला है। केस दर्ज होने के बाद आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया।

# शराब के अवैध कारोबार पर जामा पुलिस की बड़ी चोट

- अंग्रेजी शराब व बीयर की बड़ी खेप के साथ एक गिरफ्तार
- पश्चिम बंगाल से झारखंड के रास्ते बिहार ले जायी जा रही थी अवैध शराब व बीयर की खेप



**दुमका ( काप्र)।** सोमवार की देर रात शराब के अवैध कारोबार पर जामा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जामा पुलिस ने पश्चिम बंगाल से झारखंड के रास्ते बिहार ले जायी जा रही अवैध शराब व बीयर की बड़ी खेप को जब्त कर कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जानकारी हो कि जामा पुलिस को सूचना मिली थी कि एक मेरुन कलर की मारुति सुजुकी कार में अवैध शराब की बड़ी खेप दुमका महारो के रास्ते देवघर की ओर ले जायी जा रही है। मामले की सूचना वरीय पदाधिकारी को दी गई। वरीय पदाधिकारी ने छापेमारी दल का गठन कर जांच का निर्देश दिया। निर्देश के आलोक में जामा थाना प्रभारी अजित कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर जामा थाना के सामने वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के क्रम में रात करीब 1.30 बजे एक मेरुन कलर की मारुति सुजुकी कार को आता देख छापेमारी दल ने रुकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस को देखकर चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। छापेमारी दल ने वाहन का पीछा कर वाहन को रोका। इस दरम्यान वाहन चालक वहां भागने में सफल रहा जबकि वाहन में सवार एक व्यक्ति को पकड़ने में सफलता मिली। पकड़ें गए व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम राजकिशोर राय, उम्र 52 वर्ष पिता सत्यनारायण राय, ग्राम आदर्श नगर नासरीगंज, थाना दानापुर , जिला पटना बताया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वो बंगाल से शराब खरीदकर पटना ले जा रहा था। गाड़ी की तलाशी के दौरान डिक्की एवं सीट के नीचे से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद की गई। पकड़ें गए व्यक्ति से बरामद शराब व बीयर से संबंधित कागजात मांगने पर उसने ना तो कोई कागजात दिखाएं और ना ही संतोषजनक जबाब दिया, तत्पश्चात बरामद शराब व बीयर जब्ती सूची बनाकर जब्त करते हुए पकड़े गए व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में जामा थाना प्रभारी अजित कुमार के स्वटंकित बयान पर जामा थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। समाचार लिखे जाने तक गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पदस्थापन हेतु भेजने की तैयारी की जा रही थी। मामले में जामा थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि शराब एवं बीयर के अलावा गाड़ी से दो नंबर प्लेट भी बरामद हुई जिसे जब्त कर लिया गया। इसके अलावा मारुति सुजुकी कार एवं एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी अजित कुमार, सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक कौशलेंद्र कुमार सिन्हा, सहायक अवर निरीक्षक विरेन्द्र कुमार, हवलदार सुरेन्द्र मुर्मू, आरक्षी मंजीत किस्कू, नरेश मरांडी, अमित कुमार पांडेय, शिव कुमार दास एवं सहायक आरक्षी मदन मोहन शर्मा शामिल थे।

## विद्यालय में किया गया 75 वें संविधान दिवस समारोह का आयोजन






**गिरिडीह (एप्र)।** 75 वें संविधान दिवस समारोह का आयोजन विद्यालय में भव्य रूप से किया गया। संविधान दिवस के अवसर पर प्राचार्य मुन्ना कुशवाहा, बाल संसद्की प्रधान मंत्री, हेड गर्ल सहित पूरे विद्यालय परिवार द्वारा संविधान के जनक डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर श्रद्धा के सुमन अर्पित किया गया। मौके पर विद्यालय बाल संसद की प्रधानमंत्री प्रज्ञा कुमारी और हेड गर्ल रिया कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया तत्पश्चात प्रधानाध्यापक और शिक्षकों ने भी दीप प्रज्वलन कर श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश कुमार कर रहे थे जबकि प्राचार्य ने हमारे जीवन में अनुशासन नियम और कानून के महत्व प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से कहा कि आप आज अपने जीवन में क्लासरूम के नियम कानून विद्यालय के नियम कानून परिवार के नियम कानून का यदि अनुपालन करते हैं तभी यह संविधान के प्रति आपकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अन्यथा कितना विशाल संविधान का आशय हमारे लिए नहीं रहता है ।अनुशासन में रहने से हमें समय की बचत होती है परेशानियां कम होती है और हमारा जो किसी कार्य को करते हैं उसका प्रतिफल उम्दा होता है। संविधान के जनक को नमन करते हुए विद्यालय परिवार ने उनके द्वारा निर्मित विशाल का संविधान के मूल भावना से विद्यार्थियों का अवगत कराया गया। मौके पर शिक्षक अख्तर अंसारी संध्या संथालिया इंद्रदेव साव सहित पूरा विद्यालय परिवार,बाल संसद के पदाधिकारी और विद्यार्थी मौजूद।

## संविधान भारत का हृदय : दिनेश यादव



**गोड्डा (एप्र)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार संविधान दिवस पर मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि संविधान भारत का हृदय है। भारतीय संविधान के जरिए सरकार के 3 अंग विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका को अलग-अलग शक्तियां दी गई हैं। इन शक्तियों के जरिए, हर अंग सरकार के दूसरे अंगों पर नियंत्रण रखता है। इससे सरकार के तीनों अंगों के बीच शक्ति संतुलन बना रहता है। वहीं चर्चा करते हुए जिला महासचिव प्रियव्रत झा ने कहा कि आज संविधान कितना सुरक्षित है यह देश की जनता सब देख रही है। केन्द्र सरकार की ओर से भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सभी संवैधानिक संस्थाएं मूकदर्शक बनकर तानाशाही सरकार के सामने नतमस्तक दिखाई दे रही हैं। राजीव मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को हम हमेशा हमारे देश में संविधान दिवस के रूप में इसे मनाते हैं। 26 नवंबर 1949 को संविधान बनकर तैयार हुआ। इसे 26 जनवरी 1950 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार की ओर से लागू किया गया। वहीं अपना विचार रखते हुए जिला महासचिव कुंदन ठाकुर कहा कि केन्द्र सरकार भारत की जनता को लोकतांत्रिक तरीके से मौलिक अधिकार प्रदान करती है। भारत के नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने का कर्तव्य सरकार का होता है जो अभी दिख नहीं रहा हैं आज हम सभी को इसकी रक्षा करनी चाहिए ।वहीं राकेश रोशन ने कहा असली आजादी तो आज ही के दिन बाबा साहेब ने दिलवाई थी। बाबा साहेब ने संविधान लिखकर हर जाति-धर्म को बराबर का अधिकार दिलवाया था। लेकिन आज बीजेपी सिर्फ बांटने की राजनीतिक कर रही है और हम सभी को दृढ़ संकल्प होकर संविधान की रक्षा करनी पड़ेगी । सभी कांग्रेसी ने प्रस्तावना पढ़कर संविधान की रक्षा करने का शपथ लिया । मौके पर राजीव मिश्रा, प्रियव्रत झा, कुंदन ठाकुर, ज्योतिंदर झा, राकेश रोशन, अकबर अली, सुशीला देवी, अभय जयसवाल, महबूब अंसारी, सोनी सिंह, देवाशीष यादव, जलाउद्दीन अंसारी , जुगनू अली, अजय मंडल आदी उपस्थित थे।

## किसानों को वर्मी कंपोस्ट व जैविक खेती के लिए दिया गया प्रशिक्षण




**गोड्डा (एप्र)।** अदाणी अन्नपूर्णा कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को डुमरिया पंचायत भवन में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन और जैविक खेती के फायदे को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन के गणमान्य प्रतिनिधियों, मोतिया और डुमरिया के ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों के अलावा 50 से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात, गांव के विकास की रूप-रेखा के साथ अदाणी अन्नपूर्णा कार्यक्रम के महत्व पर चर्चा की गई। ग्रामीण आजीविका से संबंधित कई प्रमुख मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। प्रशिक्षण सत्र की शुरूआत करते हुए मुखिया प्रतिनिधि तिलक झा और अदाणी फाउंडेशन के अधिकारी संतोष सिंह ने जैविक खेती, वर्मी कम्पोस्टिंग की विधि और इसकी महत्वता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों को वर्मी कम्पोस्टिंग की तैयारी, उपयोग और इसके लाभों पर गहराई से प्रशिक्षित किया। इसके अलावा, किसान उत्पादक संघ के गठन और इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने किसानों की आय में बढ़ोतरी, कृषि उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने, बेहतर गुणवत्ता वाले बीजों के इस्तेमाल, जैविक खाद, मुगीर्पालन, मछलीपालन, सब्जी उत्पादन, समेत खेती के तमाम तरीकों के प्रबंधन जैसे विषयों पर जानकारी साझा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में वर्मी कम्पोस्टिंग के लिए इच्छुक किसानों के नाम दर्ज किये गये। किसानों ने सामुदायिक विकास के लिए अदाणी फाउंडेशन के इस पहल की सराहना की और इसे अपने खेतों में अपनाने का संकल्प लिया।

## इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह पर्ल्स के दौरे पर डिस्ट्रिक 325 की जिलाध्यक्ष



**गिरिडीह (निस)।** इनर व्हील जिला 325 की जिला अध्यक्ष मंगलवार को जमशेदपुर से गिरिडीह पहुंची। यहां पहुंचने पर इनर व्हील क्लब गिरिडीह पल्स के सदस्यों के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम वह क्लब के प्रोजेक्ट में राजकीय कन्या विद्यालय पाचन में पहुंची जहां पर उन्होंने बच्चों को शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों के बारे में बताया। साथ ही क्लब की प्रेसिडेंट सृष्टि सोनम ने मेंस्ट्रूअल हेल्थ एंड हाइजीन पर अपने विचार व्यक्त किये। जिलाध्यक्ष ने 101 सेनेटरी पैड के पैकेट और 101 स्टेशनरी किट बच्चों के बीच वितरण किया। वहीं विद्यालय परिसर में 1 पौधे लगाए गये। उसके बाद भरतनाट्यम वर्कशॉप का इनॉग्रेशन गिरिडीह की एक डांस एकेडमी में किया गया। जहां पर इनर व्हील क्लब गिरिडीह पल्स की देखरेख में बच्चियों को भरतनाट्यम सिखाया जाएगा। डांस शिक्षिका प्रीति भास्कर ने बताया कि जरूरतमंद बच्चियों को यहां निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। उसके बाद अलका नंदा बक्शी ने अशोका होटल में क्लब के मेंबर्स के साथ मीटिंग की और उनके कार्यो का निरीक्षण किया फिर वहीं पर एक जरूरतमंद महिला को व्हीलचेयर दी गई एक बच्ची को सिलाई मशीन दिया गया। वहीं पर एक और वर्कशॉप का उद्घाटन हुआ जिसमें वेस्ट मटेरियल से क्राफ्ट करना सिखाया जाएगा और यह भी वर्कशॉप क्लब के देखरेख में चलेगा, उसके बाद 101 कपड़ों की थैलियां का शपथ लेते हुए वितरण किया गया। प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने पर भी शपथ ली गई।

## व्यवहार न्यायालय परिसर में मनाया गया संविधान दिवस

**गोड्डा (एप्र)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से व्यवहार न्यायालय परिसर में मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार वैश्य की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार ने किया। इस दौरान न्याय मंडल के न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता, कर्मी व पीएलवी ने सामूहिक रूप से भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा। सभी ने सामूहिक रूप से शपथ लिया कि हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए और उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म व उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्तित्व की गरिमा और राष्ट्र की एकता तथा अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। इसके अलावा जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्थित लीगल एड क्लिनिकों में भी संविधान दिवस पर प्रस्तावना पढ़ा गया। इस अवसर पर जिला जज प्रथम कुमार पवन, जिला जज द्वितीय निरुपम कुमार, जिला तृतीय पियूष श्रीवास्तव, जिला जज चतुर्थ रिचा श्रीवास्तव,सीजेएम अर्जुन साव, सब जज तृतीय रेमी प्रफुल्ल बा, सब जज सुरेन्द्र बेदिया, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मुक्ति भगत आदि शामिल थे।

## राज्य कुश्ती प्रतियोगिता के लिए टीम पलामू रवाना

**गोड्डा (एप्र)।** झारखंड राज्य कुश्ती संघ के तत्वावधान में पलामू जिला कुश्ती संघ द्वारा पलामू के पिपरा में 27 से 29 नवंबर तक आयोजित 25वीं झारखंड



राज्य कुश्ती प्रतियोगिता के लिए गोड्डा से चयनित पहलवानों के 22 सदस्यीय दल को मंगलवार सुबह स्थानीय बस स्टैंड से जिला कुश्ती संघ सचिव सुरजीत झा ने शुभकामनाएं देकर गंतव्य के लिए रवाना किया। सचिव श्री झा ने बताया कि टीम के पुरुष वर्ग में जहां राहुल कुमार, रौशन कुमार साह, पियूष कुमार साह, लक्ष्मण बेसरा, सोनी पासवान, प्लस टू धपरा के श्रीकृष्ण यादव, पवन यादव व साजन कुमार, अंकित राज, प्लस टू रमला के गुरुदेव पूर्वे, प्लस टू विश्वासखानी के राजा राम यादव, संतोष यादव, प्लस टू तरडीहा के अमन राज व मो. जमील, भारत भारती पब्लिक स्कूल के मो. जिशान एवं पार्थ चंद्रा को जबकि महिला टीम में कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय ठाकुरगंगटी की निरीजिनी हेमब्रम, मेरी सोरेन एवं राखी कुमारी, कस्तूरबा गोड्डा की शिला मुर्मू एवं प्लस टू उच्च विद्यालय विश्वासखानी की नीतू कुमारी को शामिल किया गया है। महिला टीम मैनेजर के तौर पर कस्तूरबा ठाकुर गंगटी की खेल शिक्षिका लीना सोरेन टीम के साथ गई हैं।

## मामलों के निष्पादन को लेकर सकारात्मक प्रयास जरुरी : पीडीजे

**गोड्डा (एप्र)।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के आलोक में आगामी 14 दिसंबर को जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इसकी सफलता को लेकर मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार वैश्य की अध्यक्षता में पीडीजे के कार्यालय कक्ष में बिजली, वन विभाग, मापतौल, एक्साइज, कार्यपालक दंडाधिकारी के न्यायालय में लंबित मामले के निष्पादन को लेकर सबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गई। इस दौरान प्राधिकरण के अध्यक्ष राजेश कुमार वैश्य ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को लाभ सुनिश्चित हो इसके लिए सभी पक्षों को नोटिस भेजने की प्रक्रिया डालसा की ओर से शुरू है।

## आज के युवाओं को संविधान की जानकारी होना जरूरी : रामदेव




**गिरिडीह (एप्र)।** संवैधानिक मूल्यों पर प्रशिक्षण और संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर वी द पीपुल अभियान, नई दिल्ली एवं आंबेडकर सामाजिक संस्थान गिरीडीह द्वारा संयुक्त रूप से भारतीय संविधान पर ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पंचायत भवन पहाड़पुर में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रशिक्षक के रूप में शोभना स्मृति, एवं पवन कुमार सिंहा थे। सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए, आंबेडकर सामाजिक संस्थान गिरीडीह के सचिव रामदेव विश्वबंधु ने कहा कि, आज के युवाओं को संविधान की जानकारी जरूरी है। स्वतंत्रता समानता भाईचारे एवं न्याय पर आधारित संविधान देश को मजबूत करता है। सरकार को चाहिए कि, सभी स्कूलों में और सभी पंचायत में संविधान की प्रति दे, ताकि गांव में रह रहे लोग अपने अधिकार को जान सकें। इसके बाद सभी ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा। वी द पीपुल अभियान नई दिल्ली से आई, शोभना स्मृति ने संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार की चर्चा की। मौलिक अधिकार के बाद, मौलिक कर्तव्य की जानकारी दी गई। वी द पीपुल अभियान के साथी पवन कुमार सिन्हा ने संविधान के मुख्य पहलुओं पर बात की। उपस्थित सभी 50 युवा युवती को समूह में बांट कर परिचर्चा किया गया। सभी ने शिक्षा रोजगार, स्वास्थ्य, न्याय, भेद भाव विहीन समाज, समानता और भाईचारा की जरूरत को महसूस किया, जो संविधान में वर्णित है। इस अवसर पर, रूपा मरांडी, शांति मुर्मू, सीमा कुमारी, राजेश वर्मा, वाजीर दास, सहदेव राणा, बबीता वर्मा, मनीष कुमार, शिवम् भारती, लालिया देवी, ममता देवी, सूरज मुनि मरांडी, जुली देवी, गायत्री देवी आदि कई लोग मौजूद रहें।

## कांग्रेसियों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**गिरिडीह (एप्र)।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष की अध्यक्षता में कांग्रेसियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 60 दिनों संविधान को लेकर रैलिया, घर-घर जाकर जनता के बीच पहुंच कर वादों को बहाल कराने का काम किया जायेगा। इसके तहत एक संविधान, समानता का अभिमान आश्रम की सुरक्षा, संविधान की गारंटी, भेदभाव को दूर करना, गरीबों के संविधान के खिलाफ पूंजीपतियों की सरकार, लोकतंत्र को बचाओ, संविधान से ही है आजादी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य घर-घर पहुंचेंगे।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, बुधवार, 27 नवंबर, 2024



## सुभाषितम्

जो कर्म छोड़ता है वह गिरता है, कर्म करते हुए भी जो उसका फल छोड़ता है वह चढ़ता है। - महात्मा गांधी

## पाकिस्तान में इमरान के लिए प्रदर्शन

**पाकिस्तान में राजनीतिक संकट खड़ा हो** जाना आश्चर्यजनक बात नहीं है। फिलहाल दुनियां में जिस तरह की उथल-पुथल मची हुई है, उस स्थिति में पाकिस्तानी आवाम का सड़कों पर उतर आना वाकई चिंता की बात है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रिहा किए जाने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन अपने चरम पर है। हिंसक प्रदर्शन के बीच करीब 6 लोगों की मौत होने की भी खबर है। यह प्रदर्शन देश ही नहीं बल्कि पड़ोसी मुल्कों समेत अमेरिका तक को सोचने पर मजबूर कर रहा है। पड़ोसी देश इसलिए चिंतित होते हैं क्योंकि पाकिस्तान में हिंसा होने के बाद सीमा पर घुसपैठ जारी हो जाती है। इससे निपटने के लिए सीमा पर अलर्ट रहना होता है। बहरहाल पाकिस्तान में इमरान समर्थक बड़ी संख्या में सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) कार्यकताओं ने आंदोलन को असरकारी बनाने के लिए इस्लामाबाद कूच किया, इससे हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आई हैं। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी पहले ही ऐलान कर चुकी हैं कि पति की रिहाई तक इस्लामाबाद में जमी रहेंगी। इससे जनता और सरकार में टकराव की स्थिति बनती जा रही है। इसके चलते शहबाज सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर इस्लामाबाद को रेड जोन घोषित कर प्रदर्शनकारियों को हद में रहने का संदेश दे दिया है। रेड जोन एरिया में प्रधानमंत्री आवास, संसद और दूतावास समेत महत्वपूर्ण सरकारी दफ्तरों को शामिल किया गया है। पाकिस्तानी सेना की तैनाती कर दी गई है और सरकार ने आदेश जारी किया है कि अगर किसी प्रदर्शनकारी को रेड जोन के अंदर देखा गया तो उसे गोली मार दी जाएगी। खास बात यह है कि मौजूदा प्रदर्शन के दौरान करीब 30,000 से ज्यादा इमरान समर्थक राजधानी में मौजूद हैं। प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने की वजह से कई स्थानों पर झड़पें भी हुई हैं, और इसमें जहां करीब आधा दर्जन लोगों के मारे जाने की खबर है तो वहीं एक पुलिसकर्मी की मौत की भी खबर आई है। ऐसे में कब स्थिति विस्फोटक हो जाए कहा नहीं जा सकता है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पिछले साल से ही रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। उन्होंने जेल के अंदर से ही 24 नवंबर को विरोध प्रदर्शन के लिए करो या मरो का आह्वान किया था। इसी के साथ ही इमरान ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान की सरकार ने संविधान का उल्लंघन किया है। उन्होंने 26वें संशोधन को तानाशाही शासन को बढ़ावा देने वाला बताया। इस समय इमरान के खिलाफ 200 से अधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से कुछ में उन्हें दोषी भी ठहरा दिया गया है, जबकि कुछ मामलों में सुनवाई जारी है। ऐसे में जारी विरोध प्रदर्शनों का पाकिस्तान के सियासी हलके में खासा असर देखने को मिल रहा है। फिलहाल प्रदर्शनकारियों का मुख्य उद्देश्य इमरान की रिहाई है, लेकिन कब यह वर्तमान सरकार को सत्ता से हटाने वाला बन जाए कहा नहीं जा सकता है। यही वजह है कि पंजाब और इस्लामाबाद में पुलिस ने पीटीआई के 3500 से ज्यादा नेताओं और कार्यकताओं को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई का प्रदर्शन पर उल्टा ही असर पड़ा है। यही वजह है कि गिरफ्तारियों के बावजूद, प्रदर्शनकारी सरकार के खिलाफ संघर्ष जारी रखे हुए हैं। प्रभावी विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए अब अमेरिका ने भी पाकिस्तान सरकार को नसीहत देनी शुरू कर दी है। अमेरिकी विदेश विभाग ने स्पष्ट कहा है कि पाकिस्तान में प्रदर्शन करने वालों के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं का सम्मान किया जाना चाहिए। बात साफ है कि जब प्रदर्शन शांतिमय ढंग से हो रहा है तो उन पर जोर-जबरदस्ती करने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि सरकार को चाहिए कि वह प्रदर्शनकारियों से बात-चीत के रास्ते खोले, जैसा कि अमेरिका ने पाकिस्तान से अपील की है। पाकिस्तान सरकार प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार दे और हिंसा से बचने का आग्रह करे। सवाल यह है कि इमरान की रिहाई के बगैर प्रदर्शनकारी मानने को तैयार नहीं हैं और सरकार ऐसा कोई कदम उठा नहीं सकती, जिससे उसकी अपनी पकड़ सत्ता पर कमजोर पड़ने लग जाए। इस स्थिति में पाकिस्तान का वर्तमान राजनीतिक संकट और विरोध प्रदर्शनों का बढ़ना देश की राजनीतिक अस्थिरता को उजागर कर रहा है।

## चिंतन-मनन

### संत की सीख

**एक धनी सेठ ने एक संत के पास** आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं। कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो।

# झारखंड की राजनीति का टूटा रिकार्ड, हेमंत दूसरी बार ताजपोशी

**कुमार कृष्णन**



**वनाच्छादित, खनिज संपदा से** भरपूर और आदिवासी बहुल झारखंड विधानसभा चुनाव का परिणाम का संदेश यह रहा कि यहाँ के लोगों ने भाजपा की विभाजनकारी नीति को नकार दिया। इसके साथ ही झारखंड के अब तक के राजनीतिक इतिहास में यह पहला मौका है, जब कोई सरकार लगातार दूसरी बार सत्तासीन होने का जनादेश दिया है। यहां इंडिया गठबंधन ने 81 सीटों में से 56 सीटें जीतीं, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक 24 सीटों पर सिमट गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सबसे अधिक सीटें (34) हासिल कीं, जबकि कांग्रेस ने 16, राष्ट्रीय जनता दल ने 4 और सीपीआई (एमएल) ने 2 सीटें जीतीं। वहीं, दूसरी तरफ तीन सीट के नुकसान के साथ भाजपा ने 21, दो के नुकसान के साथ एजेएसयू ने एक सीट हासिल की, जबकि पहली बार एक सीट जेडीयू के खाते में गई। इनके अन्य सहयोगियों को भी दो सीट का नुकसान हुआ, उन्हें केवल एक सीट मिली।वहीं, पिछले विधानसभा चुनाव यानी 2109 में झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा को 30, भाजपा को 25, कांग्रेस को 16, जेवीएम को तीन तथा एजेएसयू को दो और आरजेडी को एक सीट मिली थी। झामुमो प्रमुख हेमंत सोरेन ने नई सरकार के गठन की तैयारी शुरू कर दी है। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश कर चुके हैं। 28 नवंबर को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। इस चुनाव में हाल के वर्षों में भाजपा के कारोबारी जगत के साथ बने रिश्तों एवं राजनीति व पूंजीपतियों के नये उभरे समीकरण के चलते इस क्षेत्र पर वर्चस्व स्थापित करना भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी। इस भाजपा पूरे झारखंड का चुनाव जीतने के लिये वैसी ही आमादा दिखी,जैसी वह छत्तीसगढ़ और ओडिशा में थी जहां उसने जीत दर्ज करने के लिये सारे पैंतरे लगाये और सफलता पायी थी। झारखंड में आदिवासी वोट निर्णायक होते हैं। झारखंड में एक तिहाई से ज्यादा (28) अनुसूचित जनजाति सीटें हैं। आबादी का 26% हिस्सा आदिवासी है। 21 में आदिवासियों आबादी कम से कम एक लाख है। इन सीटों पर झामुमो की अच्छी पकड़ है। भाजपा इसे तोड़ने में सफल नहीं रही। इस बार झारखंड में चुनाव प्रचार के दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छह, अमित शाह ने 16, योगी आदित्यनाथ ने 14 सभाएं कीं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने तो झारखंड में तो डेरा ही डाल रखा था। भाजपा के कई धुरंधर नेताओं ने झारखंड में धुआंधार प्रचार किया. संथाल परगना क्षेत्र में घुसपैठ को लेकर भाजपा काफी आक्रामक रही। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तो यहां तक कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनाइए, घुसपैठियों को उल्टा लटका देंगे. उन्होंने घुसपैठियों को ही झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस का वोट बैंक बताया। जमशेदपुर में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि वोट और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने चंपई सोरेन और सीता सोरेन के अपमान को आदिवासियों का अपमान बताया। भाजपा ने बंटोगे तो कटोगे का नारा देकर घुसपैठ की चर्चा करते हुए हिंदुत्व कार्ड खेला। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए नारे बंटोगे तो कटोगे को भाजपा के नेताओं ने इस चुनाव में खूब उछाला। यह नारा बीजेपी के लिए नुकसानदेह ही साबित हुआ। वहीं, इंडिया गठबंधन की तरफ से राहुल गांधी की छह सभाओं के अलावा लगभग पूरा जोर हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने ही लगाया। पुर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव स्टार प्रचारक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, उन्होंनें पचीस दिनों तक यहां कैंप कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में धुआँधार प्रचार किया, तो हेमंत सोरोन ने पूरी ईमानदारी से गठबंधन धर्म का पालन किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी योजनाओं की चर्चा के साथ आदिवासी कार्ड खेला। झारखंड मुक्ति मोर्चा का आदिवासी कार्ड भाजपा के कार्ड पर भारी पड़ गया। आदिवासियों का भरोसा गुरुजी शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन पर ही रहा। झारखंड में हेमंत सोरेन के पक्ष में सहानुभूति भी काफी प्रभावी रहा। हेमंत सोरेन अपने चुनाव प्रचार के दौरान लगातार यह संदेश देने की कोशिश करते रहे कि आदिवासी चेहरे को कुचलने के लिए किस तरह उन्हें गलत तरीके से जेल में डाला गया।इसमें वे कामयाब भी रहे। कई विधानसभा सीट पर 40 प्रतिशत से अधिक आदिवासी मतदाता हैं। वे एकजुट होकर उनके पक्ष में खड़े हो गए। हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन सामने आईं और जहां-जहां गईं, वहां उन्होंने पति के साथ ज्यादती की बात समझाने की कोशिश की। चुनाव प्रचार के दौरान मंईयां सम्मान योजना की राशि दो हजार से बढ़ाकर प्रतिमाह 2,500 रुपये करने की चर्चा भी उन्होंने खूब कीं। कल्पना ने सरना धर्म कोड की भी बात की और यह भी कहा कि बीजेपी ने नेता बाहर के हैं, वे हमारी भाषा-संस्कृति तक नहीं जानते। ये भला हमारे लिए क्या नीतियां बनाएंगे। अपने सहज व सरल अंदाज से खासकर महिलाओं से संवाद करने में वे सफल रहीं।वे गांडेय सीट से चुनी गई हैं। महिलाओं की कल्याणकारी योजनाओं का भी असर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्ष में गया। बेरोजगार महिलाओं के लिए मासिक सहायता, स्कूली लड़कियों को मुफ्त साइकिल, अकेली महिलाओं को नकद सहायता जैसी योजनाओं ने आदिवासी और कमजोर वर्ग की महिलाओं को झारखंड मुक्ति मोर्चा के पाले में लाने का काम तो किया ही, इसके साथ मंईयां सम्मान योजना ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिलाओं को सालाना 12,000 रुपये देने वाली इस योजना तथा सर्वजन पेंशन योजना ने हेमंत के पक्ष में संजीवनी का काम किया।फिलहाल झारखंड की करीब पचास लाख से अधिक महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत 2,000 रुपये प्रतिमाह की मदद दी जा रही है। चुनाव के पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस राशि को बढ़ाकर 2,500 रुपये कर दिया था।जबकि, गोगो दीदी योजना के तहत भाजपा ने 2,100 रुपये प्रतिमाह देने का वायदा किया था।बिजली बिल माफ करना भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए फायदेमंद साबित हुआ। सरकार बनने पर आरक्षण का दायरा बढ़ाने का भी वादा किया गया। हेमंत सोरोन ने आदिवासी अस्मिता और गर्व को बचाये रखा।-भाजपा के डबल डोजर सरकार के आतंक को खत्म किया। देशद्रोह के हजारों हजार मामले वापस लिए। लिंचिंग जैसी क्रूर अमानवीय घटनाओं पर लगाम कसी।मानवाधिकार का सम्मान किया।केंद्र की मनमानी के चलते घोर वित्तीय संकट में भी राज्य को चलायमान रखा। आदिवासियों की भाजपा से नाराजगी की कई वजहें रहीं। पहली यह कि वे जानते हैं कि भाजपा की नजरें यहां की खनिज-सम्पन्न जमीनों और जंगलों में हैं जिन्हें वह अपने कारोबारी मित्रों को देना चाहती है। फिर, जब यहां भाजपा शासन था और रघुबर दास मुख्यमंत्री थे, उस दौरान 2016 में छोटा नागपुर किरायेदारी अधिनियम और संथाल परगना अधिनियम में बदलाव की कोशिशें की गयीं जिनका सीधा नुकसान आदिवासियों को होने वाला था। सितंबर 2012 में बनी झारखंड सरकार की ऊर्जा नीति अक्टूबर 2016 में बदल दी गई। इसके प्रावधानों में मामूली संशोधन किए गए और रघुवर दास की कैबिनेट ने उस पर मुहर लगा दी। इससे पहले झारखंड की भाजपा सरकार ने कोई सर्वे नहीं कराया और न किसी विशेषज्ञ कमेटी ने उसे ऐसा करने की सलाह दी। उस समय पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड विकास मोर्चा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार ने अपनी ऊर्जा नीति अडाणी समूह को फायदा पहुंचाने के लिए बदल दी। सरकार ने कई स्तरों पर गड़बड़ी की. न केवल ऊर्जा नीति बदली बल्कि जमीन की कीमत के निर्धारण, जनसुनवाई और पर्यावरण सुनवाई में भी फजीर्वाड़ा किया गया। एनटीपीसी, डीवीसी (दामोदर घाटी निगम) और नेशनल ग्रिड से तो सरकार बिजली खरीदती ही है। अडाणी समूह के झारखंड से बाहर स्थित प्लांट से 400 मेगावॉट बिजली खरीदने से सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ेगा। ये भाजपा के नकारात्मक पक्ष थे। इसलिये इस चुनाव में आदिवासियों के वोट लेने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह समेत सारी भाजपा उन्हें यह कहकर डराती रही कि कांग्रेस-झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार आई तो उनकी जमीनें ह्यघुसपैठियेह्न हड़प लेंगे। यह डर झारखंड के साथ पश्चिम बंगाल के आदिवासियों को भी दिखाया जाता रहा। भाजपा के अनुसार ये बांग्लादेशी घुसपैठिये होंगे। उसका दावा है कि भाजपा की सरकार बनी तो आदिवासियों की जमीनों को हड़पने से रोकने के लिये कानून लाया जायेगा; जबकि आदिवासी जानते हैं कि उपरोक्त उल्लिखित दोनों अधिनियम इस मामले में पर्याप्त सक्षम है। इसलिये इन इलाकों में भाजपा की सभाएं फीकी गयीं।

घुसपैठ का डर दिखाकर भाजपा साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का पुराना खेला कर रही थी ताकि हिन्दू-मुस्लिम कार्ड खेला जा सके, तो वहीं वह आदिवासियों को हिन्दू बतलाकर उसे वैमनस्य के खेल में एक पार्टी बना रही है।

# संविधान ,संसद और हमारी सरकार

**राकेश अचल**

**विषय गंभीर है ,इसलिए इसे** गंभीरता से ही पढ़िए। देश के संविधान के 74 साल पूरे हो गए हैं और 75 वां साल शुरू हो गया है। इसी दीघार्यु संविधान से आज की सरकार धर्मनिरपेक्षता को निकाल फेंकना चाहती है ,लेकिन लाख-लाख शुक्रिया कि सरकार की बदनीयत पर देश की सबसे बड़ी अदालत ने पानी फेर दिया। इसी संविधान की शपथ लेकर संसद में जाने वाले लोग दूसरी तरफ संसद को बहरा और गूंगा बनाने पर आमादा हैं। अब सवाल ये है कि हमारा संविधान और संसद क्या किसी सनक का शिकार हो सकता है? देश के संविधान की प्रस्तावना में पिछली सरकार द्वारा जोड़े गए दो शब्द आज की सरकार और उसके समर्थकों की आँख में कांटे की तरह चुभ रहे है। इन्हें विलोपित करने के लिए फिलहाल संसद में प्रस्ताव नहीं आया है लेकिन कुछ लोग सर्वोच्च न्यायालय जा पहुंचे।सुप्रीम कोर्ट ने संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि प्रस्तावना के मूल सिद्धांत पंथनिरपेक्ष लोकाचार को दशार्ते हैं। केशवानंद भारती और एसआर बोम्मई सहित कई फैसलों में कहा गया है कि पंथनिरपेक्षता संविधान की एक बुनियादी विशेषता है। इन दो शब्दों को लेकर आज की सरकार और संविधान के बीच का टकराव साफ देखा जा सकता है। हाल ही में सम्पन्न हुए महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के चुनावों में संविधान की मूल भावना के खिलाफ सरकार और सरकारी पार्टी ने बटोगे तो कटोगे का बीभत्स नारा उछाला। लेकिन किसी ने सरकार को रोका नहीं। आखिर किसके पास इतनी ताकत है कि जो वो सरकार को संविधान के खिलाफ जाने से रोके? ये काम या तो देश की सबसे बड़ी अदालत कर सकती है या फिर जनता की अदालत। जनता की अदालत संसद होती है उसे गूंगा-बहरा बनाने की कोशिश की जा रही है। संसद के शीत सत्र के पहले ही दिन लोकसभा की कार्रवाई केवल 1 मिनट चली और तत्काल स्थगित कर दी गयी। लोकसभा अध्यक्ष ने सदन चलने की कोई कोशिश नहीं की। लगता है जैसे वे घर से ही सोचकर निकले थे कि संसद की कार्रवाई को चलाना ही नहीं है। प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने संसद में प्रवेश से पहले ही कह दिया कि जिन लोगों को जनता ने ठुकरा दिया है वे मुठ्ठी भर लोग संसद में हंगामा करते है। अब कोई मोदी जी से कैसे पूछे कि सदन में जनता द्वारा चुने हुए लोग ही प्रवेश करते हैं ठुकराए हुए नहीं। और ये लोग मुठ्ठी भर नहीं हैं सैकड़ों की संख्या में हैं। इन्हें इस तरह से लांछित नहीं किया जा सकता। मुश्किल ये है कि माननीय प्रधानमंत्री न संसद के बाहर सवालों का सामना करते हैं और न संसद में। उनकी अग्निवीर सेना संसद में संविधान के बजाय मोदी- मोदी के नारे लगाकर आतंक पैदा करना चाहती है। आखिर मोदी जी महाराष्ट्र में जीते हैं तो झारखण्ड में बुरी तरह हारे भी हैं। फिर इस नारेबाजी का क्या अर्थ है? इससे क्या हासिल होने वाला है? हमारी मौजूदा बैशाखी पर टिकी सरकार को शायद ये भरम हो गया है कि हमारा संविधान उनके मतलब का नहीं है ,क्योंकि जब संविधान बनाया गया तब माननीय मोदी जी थे ही नहीं। आपको बता दें कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना एक संक्षिप्त परिचयात्मक कथन है। प्रस्तावना किसी दस्तावेज के दर्शन और उद्देश्यों को बताती है। इसे 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था। इसके बाद 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू हुआ था। दरअसल, 1946 में जवाहरलाल नेहरू ने संवैधानिक ढांचे का वर्णन करते हुए उद्देश्य प्रस्ताव पेश किया था। 1947 (22 जनवरी) में इसे अपनाया गया। इसने भारत के संविधान को आकार दिया और इसका संशोधित रूप भारतीय संविधान की प्रस्तावना में परिलक्षित होता है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में केवल एक बार 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 के जरिए संशोधन किया गया है। समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और अखंडता शब्द 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 के जरिए प्रस्तावना में जोड़े गए। संप्रभु और लोकतांत्रिक के बीच समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़ दिए गए। राष्ट्र की एकता को बदलकर राष्ट्र की एकता और अखंडता कर दिया गया। ये शब्द भाजपा को अजीर्ण पैदा करते हैं। इसीलिए भाजपा न जाने कब से संविधना से इन शब्दों को हटाने की फिराक में हैं ,लेकिन कहते हैं की ऊपर वाला बड़ा दयालु है। गंजों को नाखून नहीं देता। संविधान में संशोधन के लिए जितनी ताकत चाहिए उतना भाजपा अभी तक जुटा नहीं पायी। हारकर उसने अदालत की शरण ली। शीर्ष अदालत में भाजपा नेता डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी, सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय और बलराम सिंह ने इसे लेकर याचिकाएं दाखिल की थीं।

## अवसाद से रहना है दूर तो पियो दूध

**डॉ. शंकर सुवन सिंह**

**दूध एक संपूर्ण आहार है जो** स्वस्थ दुधारू पशुओं के लैक्टियल स्राव से प्राप्त होता है। दुधारू पशुओं के ब्याने से 15 दिन पहले और ब्याने के 5 दिन बाद ही दूध का उपयोग होता है। दूध में मौजूद संघटक हैं- पानी, ठोस पदार्थ, वसा, लैक्टोज, प्रोटीन, खनिज वसा विहिन ठोस। अगर हम दूध में मौजूद पानी की बात करें तो सबसे ज्यादा पानी गधी के दूध में 91.5% होता है, घोड़ी में 90.1%, मनुष्य में 87.4%, गाय में 87.2%, ऊंटनी में 86.5%, बकरी में 86.9% होता है। दूध में कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक, फास्फोरस, आयोडीन, आयरन, पोटैशियम, फोलेट्स, विटामिन- ए, विटामिन- डी, राइबोफ्लेविन, विटामिन बी-12, प्रोटीन आदि मौजूद होते हैं। गाय के दूध में प्रति ग्राम 3.14 मिली ग्राम कोलेस्ट्रॉल होता है। पुराणों में दूध की तुलना अमृत से की गई हैं, जो शरीर को स्वस्थ मजबूत बनाने के साथ-साथ कई सारी बीमारियों से बचाता है। गाय का दूध आंतरिक पित्त-संबंधी समस्याओं जैसे की सीने में जलन, अल्सर और त्वचा पर चकत्ते को कम करने में मदद करता है। आयुर्वेद के अनुसार, वयस्कों को रात को सोने से पहले दूध पीना सबसे अच्छा बताया गया है। जबकि बच्चों को सुबह ही दूध पी लेना चाहिए। रात को सोने से पहले दूध पीने वाले व्यक्ति का ओजस बढ़ता है। पूर्ण या उचित पाचन की अवस्था ओजस कहलाती है। वहीं, गाय का दूध विटामिन का एकअच्छा स्रोत है। गाय का दूध मेलाटोनिन का समृद्ध स्रोत है। मस्तिष्क में स्थित पीनियल ग्रंथि एक छोटी अंतःस्रावी ग्रंथि है जो मेलाटोनिन हार्मोन को स्रावित करती है। यही मेलाटोनिन हार्मोन नीद को बढ़ावा देने में सहायक होता है। वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर सर्दियों के दौरान, कुल दैनिक दूध में मेलाटोनिन की सांद्रता, औसतन, गर्मियों की तुलना में 74.7% अधिक होती है। अतएव सर्दियों में दूध का पीना और ज्यादा फायदेमंद है। दूध में ट्रिप्टोफैन नामक एमिनो एसिड पाया जाता है। सेरोटोनिन और मेलाटोनिन के उत्पादन में ट्रिप्टोफैन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सेरोटोनिन एक न्यूरोट्रांसमीटर है जो मनोदशा (मूड), संज्ञानात्मक तर्क और स्मृति को प्रभावित करता है। दिन में दुही गई गायों की अपेक्षा रात्रि में दुही गई गायों से एकत्रित किया गया दूध ट्रिप्टोफैन के अलावा इसमें मेलाटोनिन की भी भरपूर मात्रा होती है। अतएव हम कह सकते हैं कि दूध पीने से तनाव और अवसाद दूर रहता है।

## आज का राशिफल

**मेष** आज धन लाभ होगा और आपके लिए आर्थिक मामलों में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**तुला** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन आराम से बीतेगा।

**वृषभ** आज दिन मिलजुला रहेगा। आपकी दूरदर्शिता का असर आपके कामकाज पर हो रहा है।

**वृश्चिक** करियर के मामले में लाभ होगा। आपके द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय सार्थक हो सकते हैं।

**मिथुन** आज दिन करियर में लाभ और सफलता से भरा होगा। आपके कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा।

**धनु** दिन लाभ से भरा होगा। आपके घर में इस वक्त कोई मांगलिक कार्य आयोजित होने वाले हैं।

**कर्क** आर्थिक मामलों में मिश्रित प्रभाव वाला रहेगा। अब आपके लिए परिस्थितियां कुछ नया मोड़ ले रही हैं।

**मकर** समय से किसी मित्र के साथ पैदा हुए तनाव आज सुलह सफाई के स्तर पर आकर खत्म हो जाएगा।

**सिंह** आपके लिए कठोर परिश्रम करना जरूरी है। अगर कुछ विलंब भी हो रहा है तो आप परेशान न हों।

**कुंभ** आज दिन शुभ है और आपको आर्थिक मामलों में लाभ और तरक्की हासिल होगी।

**कन्या** आज लाभ होगा और आपका दिन सामा-?य रूटीन के अनुसार चलता रहेगा।

**मीन** आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। काम में अरुचि रहेगी।

## विशेष

### हरियाणा के बाद भी नही एकजुट हुआ विपक्ष

**हरियाणा के विधानसभा चुनाव में** जो हुआ था उसे सारे देश ने देखा था। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कराई। हरियाणा के विधानसभा चुनाव से सारे विपक्ष को सबक लेना था। लेकिन विपक्ष के नेता कांग्रेस की हार पर मजे ले रहे थे। उत्तर प्रदेश में सपा ने कांग्रेस को हड़काया। महाराष्ट्र में शिवसेना ने कांग्रेस को हड़काने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। अंतिम समय तक टिकटों के बंटवारे को लेकर कुत्ते बिल्ली की तरह लड़ते रह गए। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हो गए। हरियाणा की पुनरावृति हो गई। विपक्ष के हाथ कुछ भी नहीं लगा। शर्मनाक पराजय के कारण अब मुंह दिखाना भी मुश्किल है। महाराष्ट्र की हार से अब विपक्ष सबक लेगा या नहीं,यह देखने की बात है।अब तो लोगों को बांग्लादेश की याद आने लगी है। जहां पर इसी तरह से चुनाव हुए थे। खालिदा जिया प्रधानमंत्री बन गई थी। लेकिन जनता ने उन्हें स्वीकार नहीं किया। बांग्लादेश से भागकर उन्हें भारत में शरण लेने पड़ी।

### हर राजा का अपना-अपना राजधर्म

**भारत में राजाओं का बहुत पुराना** इतिहास है। हजारों लाखों राजा हुए हैं। सभी का राजधर्म अलग-अलग था। स्वतंत्र भारत के इतिहास में भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था का राजधर्म भी राजा के हिसाब से तय होता है। अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजधर्म चचाओं में है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को राजधर्म का पालन करने के लिए कहा था। उस समय के (राजा) अटल बिहारी वाजपेई के स्थान पर अब राजा प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी हैं।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1737 इंग्लैंड में समुद्री तूफान से आठ हजार से अधिक लोग मारे गए। 1788 मुंबई में जोसेफ लिन ने गुब्बारे में 2286 मीटर की उंचाई तक उड़ान भर कर रिकार्ड बनाया। 1879 फ्रांसीसी संसद को वाईसाई से पेरिस स्थानांतरित किया गया। 1919 बल्गारिया ने प्रथम विश्वयुद्ध के शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1926 जावा/इंडोनेशिया में कम्युनिस्ट विद्रोह हुआ। 1940 द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जर्मनी ने फ्रांस के लोरेन प्रांत पर कब्जा किया। 196। सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षणों परतुरंत प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव किया। 1962 ब्रिटेन ने भारत को हथियार देने की पेशकश की। 1966 चीन को सदस्यता देने के सवाल पर राष्ट्र संघ में बहस हुई। 1969 दक्षिण यमन ने बड़े पैमाने पर राष्ट्रीयररण कार्यक्रम की घोषणा की। 1987 जिम्बाब्वे में सोलह मिशनिरियों और उनके बच्चों के हत्यारों की तलाश सुरक्षाबलों ने बड़े पैमाने पर की। 1988 बेरूत में विरोधी मुस्लिम गुटों का ंघर्ष रोकने की कोशिश सीरियाई शांति सेना ने की थी।

## दैनिक पंचांग

27 नवम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.51 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मकर | 09.56 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कुंभ | 11.43 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 13.16 बजे से |
| गुरु | वृष में | मेष | 14.46 बजे से |
| शुक्र | धनु में | वृष | 16.26 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 18.24 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 20.38 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.54 बजे से |
| राहुकाल | 12.00 से 1.30 बजे तक | कन्या | 01.06 बजे से |
| | | तुला | 03.17 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.31 ब.से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 332 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2081
**शक संवत्** 1946
**मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वादशी अहोरात्र।
**नक्षत्र** चित्रा अहोरात्र।
**योग** आयुष्मान 15.13 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 17.08 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 10'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872176
**जूलियन दिन** 2460641.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जमादि उलावल
**तारीख** 24

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### सुबह 10 बजे से शाम 6 तक बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**जामताड़ा (एप्र)।** बुधवार को मिहिजाम विद्युत उपकेंद्र में एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया जाएगा। इसको लेकर मिहिजाम और गोरायनाला विद्युत उपकेंद्र से निकलने वाली विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। उक्त जानकारी कनीय अभियंता रफीक आलम ने दी।

### एनएनएम तथा बीटीटी की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**नाला (एप्र)।** सिविल सर्जन सह सचिव जिला स्वास्थ्य समिति जामताड़ा के निर्देश के आलोक में मंगलवार को नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में एएनएम तथा बीटीटी की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर कालीचरण मुर्मू ने की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों के इंडिकेटरों से संबंधित अपेक्षित प्रगति को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बारी-बारी से सभी सीएचओ, एएनएम के कार्य क्षेत्र से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने एसएनआईडी कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर भी प्रकाश डाला और निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी, बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू, एमटीएस अहमद रेजा परवेज, बीटीटी प्रदीप कर, अंजू माजी, अमित चार के अलावे एएनएम कमलिनी मुर्मू, एनी एलिजा सोरेन, टुलटुली रुईदास, राज लक्ष्मी मंडल, स्टैसिला सोरेन, लखी साधु, बैसाखी पाल, नीलाद्री पाल, सुनीता कुमारी, सीएचओ चेतन शर्मा, तापस कुमार मंडल, मनोज कुमार यादव, ईशा राज, शाइस्ता प्रवीण, अनु कुमारी, मुस्कान, प्रियंका कुमारी, मिठु कुमारी, मनदली धान आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

### विजय जुलूस में हुए विवाद को लेकर दोनों पक्षों ने कराया मामला दर्ज

**नारायणपुर (एप्र)।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के ललकी गांव में विगत रविवार रात्रि को विजय जुलूस के दौरान हुए दो विपक्षों के विवाद को लेकर नारायणपुर थाने में दोनों पक्षों के द्वारा लिखित शिकायत दिया गया है। इस संबंध में प्रथम पक्ष के विनोद हेंब्रम ने लिखित शिकायत देकर कहा है कि वे लोग शांतिपूर्ण विजय जुलूस निकाल रहे थे। इतने में सोनू सिंह, कार्तिक भंडारी, गौतम दुबे समेत अन्य लोगों ने विजय जुलूस रोक कर कहा कि आप इस तरह के रैली का समर्थन क्यों कर रहे हैं। इस दौरान उक्त लोगों ने जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल भी किया। इस आलोक में नारायणपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है, जबकि दूसरे पक्ष के विजय भंडारी शिकायत की है। उसने बताया कि रैली में नागो मियां, मंजूर मियां, जमीर मियां समेत 50 से अधिक लोग आए और विवाह के रस्म में बाधा उत्पन्न करते हुए महिलाओं के साथ अभद्र टिप्पणी करने लगे। इस दौरान लोगों ने जाति सूचक शब्द का भी इस्तेमाल किया। इसके आलोक में नारायणपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### झामुमो कार्यकर्त्ताओं ने निकला विजय जुलूस

**कुंडहित(एप्र)।** विधानसभा चुनाव में हॉट सीट रही नाला पर विजय का परचम लहराने के बाद झामुमो सहित इंडिया गठबंधन के तमाम दलो के नेताओं और कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त खुशी और उत्साह का माहौल बना हुआ है। मंगलवार को झामुमो की अगुवाई में इंडिया गठबंधन के दलों द्वारा कुंडहित प्रखंड मुख्यालय में विजय जुलूस निकालकर नाला विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी रवींद्रनाथ महतो के ऐतिहासिक जीत के साथ-साथ हैट्रिक और विजय का चौका लगाने की खुशियां मनाई। जुलूस के दौरान डीजे की आवाज पर हरे रंग के गुलाल से लबरेज नेता और कार्यकर्ता जमकर झूमते और नाचते दिखे। पार्टी के स्थानीय नेताओं की अगुवाई में कार्यकर्त्ताओं ने बरमसिया मोड़ से जुलूस निकालकर पूरे कुंडहित मुख्यालय का परिभ्रमण किया गया। इस दौरान नेताओं ने जमकर नारेबाजी की। विजय जुलूस में झामुमो के अलावे माले के नेता भी शामिल हुए। गौरतलब है कि रविंद्र नाथ महतो की जीत से झामुमो काफी उत्साहित है। पार्टी ने नाला की अपनी पारंपरिक सीट पर एक बार फिर से कब्जा जमा लिया है। जिससे उसके नेता और कार्यकर्ता तथा समर्थकों में खुशी और उत्साह का जबरदस्त माहौल बना हुआ है।

# ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल चालक घायल

## आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम



**करमाटांड़(एप्र)।** करमाटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत शेखपुरा गांव के समीप ट्रक एवं मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर में मोटरसाइकिल चालक हिरणाडंगाल निवासी जाहिद भट्ट गंभीर रूप से घायल हो गया। वह जामताड़ा से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान यह घटना घटी। ग्रामीणों के सहयोग से घायल जाहिद को प्राथमिक उपचार हेतु जामताड़ा सदर अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत घायल जाहिद की स्थिति नाजुक रहने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। वहां से भी घायल को रांची रिम्स भेजा गया। घटना को लेकर ग्रामीण सड़क जाम कर हंगामा करने लगे। ग्रामीणों द्वारा जामताड़ा-चितरा मुख्य सड़क को 8 घंटे तक जाम कर दिया। जाम के कारण स्थानीय लोगों समेत राहगिरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर मनोज कुमार महतो, करमाटांड़ प्रभारी थाना प्रभारी विकास कुमार तिवारी, एसआई रतिनाथ मुंडा दर्जनों पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले को शांत कराया। काफी मशक्कत के बाद 8 घंटे के बाद जाम हटा। वहीं पुलिस ने ट्रक एवं मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया है। बता दें कि मंगलवार सुबह 9 बजे जामताड़ा की ओर से आ रहे ट्रक बीआर 06 जीसी 2632 एवं विपरीत दिशा में आ रहे हीरो ग्लैमर मोटर साइकिल जेएच 21एल 4152 में जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दौरान मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं मोटरसाइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ वहां इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों द्वारा 108 एंबुलेंस के माध्यम से घायल को जामताड़ा सदर अस्पताल भेजा गया।

### संविधान दिवस पर पुलिस कर्मियों को दिलाई शपथ



**जामताड़ा(एप्र)।** संविधान दिवस के अवसर पर जामताड़ा पुलिस द्वारा संविधान की उद्देशिका का पाठ कर शपथ लिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाइन, जामताड़ा, करमाटांड़ थाना सहित जिला अन्तर्गत सभी थाना, प्रतिष्ठान में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों ने संविधान में निहित मार्ग पर चलने का शपथ लिया। जामताड़ा थाना परिसर में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राजेश कुमार मंडल ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा तथा सभी पदाधिकारियों एवं जवानों ने एक स्वर में प्रस्तावना को दोहराया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ संविधान की शपथ ली। इस दौरान उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को संबोधित करते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राजेश कुमार ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर के बनाए गए कानून के तहत ही हमलोग भी पुलिस की नौकरी करते हैं। हम सबको बखूबी संविधान का पालन करना चाहिए तथा आम लोगों को भी संवैधानिक नियमों से अवगत कराना हम सब का फर्ज बनता है। उन्होंने पुलिस पब्लिक के बीच संवैधानिक तथ्यों के तहत मधुर संबंध बनाने की बात कही। ताकि लोगों में पुलिस प्रशासन पर अटूट आस्था हो सके। उन्होंने पुलिसकर्मियों से अपील किया कि डॉ भीमराव अंबेडकर से सीख लें तथा इमानदारी पूर्वक काम करें। मौके पर कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

### पल्स पोलियो कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित

**नाला (एप्र)।** पल्स पोलियो कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर अंचल कार्यालय कक्ष में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सीओ मोहम्मद कयूम अंसारी की अध्यक्षता में हुई। 8, 9, 10 दिसंबर तक आयोजित कार्यक्रम को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मोहम्मद कयूम अंसारी ने पल्स पोलियो कार्यक्रम में लक्षित आयु वर्ग के सभी बच्चों को शत प्रतिशत पल्स पोलियो टीकाकरण से आच्छादित करने का निर्देश दिया। बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू ने माइक्रो प्लान की जानकारी दी। बैठक में बाल विकास योजना पदाधिकारी गलेरिया एक्का, प्रखंड कार्यालय के बीपीओ नयन कुमार, शिक्षा विभाग के बीपीओ नित्यानंद गोराई, प्रखंड प्रशिक्षक दल के बीए एफ प्रदीप कुमार, एमटीएस अहमद रेजा परवेज, सहित बीएलटीएफ के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## संत एंथोनी विद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**जामताड़ा(एप्र)।** संत एंथोनी विद्यालय प्रांगण में छात्रों को संविधान के महत्व और देश के लोकतांत्रिक सिद्धांतों को आकार देने में इसकी भूमिका के बारे में शिक्षित करने हेतु संविधान दिवस मनाया गया। विद्यालय के मुख्य संरक्षक डॉ दुगार्दास भंडारी, निदेशक डॉ चंचल भंडारी, प्राचार्य अरूप कुमार यादव, उप प्राचार्य लारेब खान, शैक्षणिक प्रमुख दीपक कुमार मंडल, नई शाखा के प्रभारी शिक्षक नीरज कुमार तिवारी सहित उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विद्यालय के हेड बॉय एवं हेड गर्ल ने संविधान शिल्पी डॉ. अंबेडकर की प्रतिमूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें शत-शत नमन किया। डीडी भंडारी ने बताया कि संविधान किसी भी राष्ट्र को लोकतांत्रिक व कानूनी रूप से चलाने के लिए एक वैधानिक दस्तावेज होता है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे व्यापक, समावेशी, दूरदर्शी एवं सबसे बड़ा लिखित संविधान है। मौके पर विद्यालय के मुख्य संरक्षक डॉ दुगार्दास भंडारी ने संविधान की प्रस्तावना को सामुहिक वाचन कराया। विद्यालय के निदेशक डॉ चंचल भंडारी ने बताया कि हमें मूल अधिकार के प्रति सजग होने के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य अरूप कुमार यादव ने संविधान की विशिष्टताओं एवं उसमें वर्णित मौलिक कर्तव्यों व अधिकारों के बारे में जानकारी दी तथा संविधान दिवस की असीम शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निवास कुमार, उत्पल मंडल, तृषा दे, रिया माझी, संजय कुमार माहतो, रोनित विश्वास, सुजित साहा रतना पाल, मुकेश कुमार, रोहित ओझा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं तथा सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों ने संविधान प्रस्तावना पढ़ लिया संकल्प



**नाला(एप्र)।** संविधान दिवस को लेकर नाला प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न सरकारी संस्थानों में भारत का संविधान उद्देशिका का पाठ किया गया। इस अवसर पर नाला प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी मोहम्मद कयूम अंसारी ने भारत के संविधान की उद्देशिका का पाठ कराया। वहीं नाला थाना में थाना प्रभारी प्रदीप राणा तथा बिन्दापाथर थाना में थाना प्रभारी बालाजी राजहंस ने भारत के संविधान की उद्देशिका का पाठ कराया। इस अवसर पर सबों ने सामूहिक रूप से भारत के संविधान उद्देशिका का संकल्प लेते हुए कहा कि हम भारत के लोग ,भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। इस अवसर पर नाला प्रखंड मुख्यालय में आयोजित संकल्प पाठ समारोह कार्यक्रम में अंचलाधिकारी मोहम्मद कयूम अंसारी, बीपीओ नयन कुमार, शिक्षा विभाग के बीपीओ नित्यानंद गोराई, बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू, राजेन्द्र बेसरा, श्रवण मरांडी, संजय कुमार, बनराज कुमार, पंचायत राज कॉर्डिनेटर तरूण कुमार हेम्ब्रम, प्रेम प्रकाश टुडू, अमरजीत हेम्ब्रम, श्रीकांत बाउरी, संदीप मित्र, सुजीत चौधरी, संतोष हाजरा, रंजीत दुबे, स्वरूप सरकार, दुर्गा टुडू, प्रदीप कर सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। वहीं बिन्दापाथर थाना में पीएलभी अमित कुमार सिंह, प्रेम कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल,
पथ निर्माण विभाग,देवघर, झारखण्ड

सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई-निविदा प्रसंग सं०-NH/DEOGHAR/SBD/01/2024-25 दिनांक 01/10/2024 [PR No. 337898(Deoghar)24-25(D)] [Widening & Strengthening Work of Meharma bypass starting from Sidhokanho Chowk to meet at Ch. 11.2 at Meharma from Km 9.300 to Km 11.200 of NH-133 (total Length- 1.710 Km) को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह०/-
कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल,देवघर

PR 340365 Deoghar(24-25).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, देवघर प्रपत्र सं०-1

ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

अल्पकालीन ई-निविदा प्रसंग सं०- NH/DEOGHAR /SBD/02/2024-25
दिनांक- 26/11/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Widening & Strengthening Work of Meharma bypass starting from Sidhokanho Chowk to meet at Ch. 11.2 at Meharma from Km 9.300 to Km 11.200 of NH-133 (total Length- 1.710 Km) |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | 5,02,69,400=00 |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 05 माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 28.11.2024 (12:30 PM) |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा उपलब्धता की अंतिम तिथि एवं समय | 13.12.2024 (05:00 PM) |
| 6. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 14.12.2024 (03:00 PM) |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, देवघर |
| 8. | प्रोक्युरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8789224908 |
| 9. | ई-प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर | 0651-2401010 |

ऑन लाइन निविदा के लिए वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखें।

ह०/-
कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल,
देवघर

PR 340369 (Deoghar)24-25*D

## श्रीमद्भागवत गीता मनुष्य को कर्म योगी बनने के लिए करता प्रेरित : मुकुंद दास





**जामताड़ा (एप्र)।** जामताड़ा जिला के बिंदापाथर गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिन कथावाचक मुकुंद दास अधिकारी ने श्रीमद्भागवत कथा अंतर्गत महाभारत राजा परीक्षित को सात दिन में मृत्यु का श्राप, नारद जी के उपदेश, भगवान भागीरथ की उत्पत्ति आदि प्रसंग का मधुर वर्णन किया। इस मार्मिक प्रसंग में कथावाचक ने व्याख्यान करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत गीता एक ऐसा धर्म ग्रंथ है जो मनुष्य को कर्म योगी बनने के लिए प्रेरित करता है। इतिहास के महानतम लोग चाहे वैज्ञानिक, इतिहासकार, ऋषि मुनि, दार्शनिक या कोई भी रहे हो, उन्होंने गीता को सफलता का रहस्य बताया है। सही मायने में मनुष्य के जीवन की जो सच्चाई है उसकी झलक आपको योगीराज श्री कृष्ण के उपदेशों में देखने को मिलता है। देवर्षि नारद, वेदव्यास, बाल्मीकि तथा महाज्ञानी शुकदेव आदि के गुरु हैं। श्रीमद्भागवत जो भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य का परमोपदेशक ग्रंथ-रत्न है तथा रामायण, जो मर्यादा-पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पावन, आदर्श चरित्र से परिपूर्ण है, देवर्षि नारदजी की कृपा से ही हमें प्राप्त हो सके हैं। इन्होंने ही प्रह्लाद, ध्रुव, राजा अम्बरीष आदि महान भक्तों को भक्ति मार्ग में प्रवृत्त किया। ये भागवत धर्म के परम-गूढ़ रहस्य को जानने वाले- ब्रह्मा, शंकर, सनत्कुमार, महर्षि कपिल, स्वयंभुव मनु आदि बारह आचार्यों में अन्यतम हैं। देवर्षि नारद द्वारा विरचित 'भक्तिसूत्र' बहुत महत्त्वपूर्ण है। वहीं कथावाचक ने शुकदेव मुनि का जन्म का व्याख्यान करते हुए कहा कि महर्षि वेद व्यास के अयोनिज पुत्र थे और यह बारह वर्ष तक माता के गर्भ में थे। शुक जान बचाने के लिए तीनों लोकों में भागता रहा, भागते-भागते वह व्यास जी के आश्रम में आया और सूक्ष्मरूप बनकर उनकी पत्नी के श्रीमुख में प्रवेश कर गया। वह उनके गर्भ में रह गया तथा बारह वर्ष तक वहां से बाहर ही नहीं निकले। जब भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं आकर इन्हें कहा कि बाहर निकलने पर तुम्हारे उपर माया का प्रभाव नहीं पड़ेगा, तभी ये गर्भ से बाहर निकले और व्यासजी के पुत्र कहलाये। शुकदेवजी कोई साधारण प्राणी नहीं बल्कि श्री राधाजी के द्वारा लालित पालित शुक हैं। यह कथा गर्ग संहिता में आती है। एक बार रास रासेश्वरी श्रीराधा रानी जब श्री हरि के साथ व्रज मण्डल में अवतरित होने लगीं तब वह शुक भी साथ चलने के लिए लालायित हुआ। तब शुकदेव जी से राधा जी बोलीं- शुक हम अभी व्रजभूमि में लीला करने जा रहे हैं, तुम वहां क्या करोगे, यह सुन शुकदेवजी घबराए और बोले मां मैं आपसे दूर नहीं, मैं आपके साथ चलूंगा। आप वहां लीलाएं करना मैं आपकी लीलाओं को देखा करूंगा। पर आपके बिना मैं नहीं रह सकता हूं। राधाजी झट से शुक को हृदय से लगाकर बोलीं ठीक है चलो। इस तरह से वही शुक व्यासजी के पुत्र रूप जन्म लेकर भगवान श्री के कथा का गान करने लगे। कार्यक्रम में धार्मिक कथा के साथ-साथ सुमधुर भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया जिससे उपस्थित श्रोता-भक्त भावविभोर होकर कथा स्थल पर भक्ति से झूमते रहे।

### पुलिस और प्रशासनिक कर्मियों ने ली संविधान की शपथ

**कुंडहित(एप्र)।** मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के अलावे कुंडहित एवं बागडेहरी थाने में संविधान दिवस मनाया गया। प्रखंड कार्यालय में बीडीओ जमाले राजा, कुंडहित थाने में थाना प्रभारी विनय कुमार यादव बागडेहरी थाना परिसर में थाना प्रभारी अमित कुमार की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जमाले राजा एवं कुंडहित थाना प्रभारी विनय कुमार यादव एवं बागडेहरी थाना प्रभारी अमित कुमार ने अपने अपने पुलिस एवं प्रखंड कर्मियों को संवैधानिक दिशा निर्देशों के अनुरूप पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मियों को भारतीय संविधान की शपथ दिलाते हुए अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करने की बात कही। मौके पर अधिकारियों ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार देश के सभी नागरिकों को बराबरी का अधिकार है कोई भी नागरिक छोटा व बड़ा नहीं है। हमें अपने दायित्व का निर्वहन करते वक्त संविधान के दिशा निर्देशों का ध्यान रखना है। मौके पर प्रखंड कर्मी एवं पुलिस बल उपस्थित थे।

पूर्व रेलवे

सं. ईएल/50/निविदा/63/2268, दिनांक: 25.11.2024। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा वैध इलेक्ट्रिक ठेकेदार लाइसेंस रखने वाले और निम्नलिखित कार्य को वित्तीय रूप से पूरा करने में सक्षम प्रतिष्ठित निविदाकारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- **निविदा सूचना संख्या ईएल-63-24; कार्य का नाम और स्थान:** आसनसोल मंडल: आसनसोल मंडल में पुराने एवं अत्यधिक उपयोग किए गए एयर कंडीशनरों का प्रतिस्थापन; **निविदा मूल्य:** रु. 52,26,831.50; **निविदा दस्तावेजों की लागत:** शून्य; **बयाना राशि:** 1,04,500.00; **निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय:** 23.12.2024। पूरी जानकारी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

(ASN-244/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर-देवघर

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

e-Tender Reference No. : W.R.D./M.I.D.D.D.C.DEOGHAR/$F_2$-04/2024-25 Dated :- 26/11/2024

| क्रम सं० | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | वेबसाईट में ई-निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | वेबसाईट में ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय | ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता | ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नम्बर | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | भलसुनिया मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार | पालोजोरी | 88,55,724.32 | 1,77,200.00 | 10,000.00 | 02/12/2024 (पूर्वाह्न 10.30 बजे से) | 16/12/2024 (अपराह्न 05.00 बजे तक) | 17/12/2024 (अपराह्न 03.00 बजे) | कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल दुमका शिविर देवघर | 9304384785 10 A.M से 5 P.M | 11 माह |

(1) केवल ई-निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही सम्बन्धित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागू होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in में लॉग ऑन करें।

ह०/-
कार्यपालक अभियन्ता
लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर-देवघर

PR 340401 Water Resource(24-25)#D




## ये किसी भूलभुलैया से कम नहीं, जानिए क्यों कहलाता है दुनिया का सबसे मुश्किल रास्ता

दुनिया के सबसे कठिन ओवरपास के बारे में सुनकर आप चौंक जाएंगे क्योंकि ये किसी भूलभुलैया से कम नहीं है। चीन के चॉन्गक्विंग में स्थित हुआंगजेवान ओवरपास पर आना-जाना बेहद मुश्किल है क्योंकि यह चकरा देने वाला रास्ता है। इस ओवरपास में 20 रैम्प्स हैं जो कि 5 स्तरों पर एक दूसरे से जुड़े हैं। ये 8 दिशाओं की ओर ले जाते हैं। साथ ही यह तीन प्रमुख एक्सप्रेसवे को जोड़ते हैं। इस ओवरपास में इतने सारे मोड़ हैं कि आपका दिमाग घूम जाएगा और अगर आपने गलत रैम्प पकड़ लिया, तो पूरे शहर के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। सात साल काम चलने के बाद यह ओवरपास साल 2017 में पूरा हुआ था।




## गुलाबी रंग का झरना कभी देखा है? ये नज़ारा है अनोखा

प्रकृति के करीब महसूस करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आपके चारों ओर पहाड़ी हो और पहाड़ी से गिरता पानी। झरनों को देखना अपने आप में सुकून देता है। आपने आजतक कई झरने देखे होंगे लेकिन एक ऐसा झरना है जिसका रंग हमेशा से चर्चा में रहता है। यह झरना कनाडा के अल्बर्टा में स्थित है और इस झरने को कैमरॉन फॉल्स के नाम से जाना जाता है। यूं तो यह झरना सफेद रंग का आम तरह का दिखने वाला झरना होता है लेकिन जून में इसका रंग बदल जाता है। इस महीने में गुलाबी रंग का पानी निकलता है। वास्तव में जून में खूब बारिश होती है और पानी में एग्रीलाइट पदार्थ मिल जाता है। इस कारण से धूप में इसका रंग गुलाबी दिखने लगता है।







# भारत में बहने वाली ये नदियां मानी जाती है श्रापित

**नदी एक प्रमुख प्राकृतिक स्रोत है जो समुद्र या अन्य जल माध्यमों में बहती है। ये पर्वतों से निकलती हैं और सागर में जाकर मिल जाती है। नदी जीवनदायक माना जाता है। वे पेयजल की आपूर्ति, कृषि, औद्योगिक उपयोग, ट्रांसपोर्टेशन और पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण होती हैं।**

नदियों के प्रवाह के दौरान वो अपने साथ रेत लाती हैं, जिससे मिट्टी की आपूर्ति होती है। हमारे देश में नदियों को देवी का स्थान दिया गया है और साधकों द्वारा उनकी पूजा भी की जाती है, लेकिन क्या आपने कभी श्रापित नदी के बारे में सुना है। जिसके पानी को छूने मात्र से इंसान के सारे अच्छे कर्म नष्ट हो जाते हैं। जी हां, भारत में ऐसी बहुत सी नदियां हैं, जिनके पानी को कोई हाथ तक नहीं लगाता लेकिन वह जलीय जीवों के लिए अनुकूल माना जाता है। यदि आप उन नदियों के बारे में नहीं जानते हैं। तो चलिए आज के आर्टिकल में हम उन नदियों की दिलचस्प कहानी आपको बताएंगे कि आखिर क्यों इनको श्रापित माना जाता है।

### चंबल नदी



मध्य प्रदेश में बहने वाली चंबल नदी के बारे में बच्चा-बच्चा जानता है। दरअसल, इस इलाके को डाकुओं का इलाका माना जाता है। हालांकि, अब यहां पर डाकू रहते नहीं है, लेकिन इस नदी को काफी अपवित्र माना जाता है। बता दें कि इस नदी का उद्गम विंध्य पर्वत से हुआ है जोकि एमपी के कई जिलों और राजस्थान के कुछ इलाकों से बहते हुए यमुना में समा जाती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, द्वापर युग में द्रोपदी ने इस नदी को श्राप दिया था। हालांकि, आज लोग इस नदी का पानी पीते अवश्य हैं, लेकिन इसकी पूजा नहीं की जाती। वहीं, एक और मान्यता है इस नदी का उद्गम जानवरों के खून से हुआ था। राजा रतिदेव ने हजारों जानवरों की बलि देकर, उनके खून को इसी नदी में बहने दिया था। तब से लोग इस नदी को श्रापित मानने लगे।

### फल्गु नदी



बिहार के गया जिले में स्थित है, जिसे फल्गु नदी के नाम से जाना जाता है। वैसे तो हिंदू धर्म में भक्त नदी में स्नान कर अपने सारे पापों से मुक्ति पा लेते हैं लेकिन इस नदी को लोग देवी नहीं बल्कि श्रापित मानते हैं। ऐसी मान्यता है कि माता सीता ने इस नदी को श्राप दिया था, जिसके कारण लोग इस नदी में कतराते हैं। कहते हैं इस नदी के पानी को छू लेने मात्र से इंसान के सारे पुण्य नष्ट हो जाते हैं।

### कर्मनाश नदी



ऐसी ही एक और नदी बिहार जिले में ही प्रवाहित होती है, जिसका नाम कर्मनाश नदी है। जैसा कि इसके नाम से ही पता चल रहा है कि इसके पानी को छूने से आपके सारे कर्मों का नाश हो जाता होगा। लोगों का ऐसा मानना है कि जो भी इस नदी के पानी को छू लेता है, उसके सारे बने हुए काम बिगड़ जाते हैं। इसलिए लोग यहां जाने से बचते हैं। यह नदी भारत के श्रापित नदियों की लिस्ट में शामिल है।

### कोसी नदी

सभी ने कोसी नदी के बारे में तो अवश्य ही सुना होगा। इस नदी का जिक्र किताबों में भी रहता है। दरअसल, इस नदी को शोक नदी के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि इस नदी में हर साल बाढ़ आता है, जिस कारण हजारों की संख्या में लोगों की जान चली जाती है। इसलिए लोग इस नदी को श्रापित और अशुभ मानते हैं और इसके पानी को हाथ नहीं लगाते।







## नीले केले का अद्भुत स्वाद, जानिए कहां होती है इसकी खेती

केला, जिसे आमतौर पर हम पका या कच्चा खाते है। पका केला पीले रंग का होता है। जबकि कच्चा केला हरे रंग का होता हैं, जो हमारे आहार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हम इसे अक्सर खाते हैं और उसके स्वास्थ्य लाभों का आनंद लेते हैं। लेकिन, क्या आपने कभी नीले केले के बारे में सुना है? नहीं ना तो चलिए हम आपको बताते इस नीले केले के बारे में, यह एक विशेष प्रकार का केला होता है जिसका रंग और स्वाद पूरी तरह से अलग होता है। इस लेख में, हम नीले केले के बारे में जानेंगे और इससे हमारी सेहत को होने वाले फायदे के बारे में भी जानेंगे । नीला केला, जिसे ब्लू जावा बनाना और आइसक्रीम बनाना भी कहा जाता है, एक विशेष तरह का केला है। जिसका रंग और स्वाद बेहद खास होता है। इसका नाम नीला केला इसके नीले रंग के छिलके के कारण है, जो इसे एक अनूठे और अद्भुत फल के रूप में बनाता है। यह भारत में तो नहीं लेकिन दुनिया के कई देशों में पाया जाता है। खासकर दक्षिण अमेरिका में इसकी पैदावार होती है। नीला केला अपने स्वाद के लिए काफी मशहूर है। हवाई द्वीप पर नीला केला काफी मशहूर है। वहा इसे आइसक्रीम बनाना कहा जाता है। शोध में कहा गया है कि नीले केले के सेवन से दिमाग तनाव मुक्त रहता है। नीला केला अमेरिका के कुछ हिस्सों समेत फिजी में भी उपलब्ध है। फिलिपींस में भी इसे पाया जाता है। नीले केले के पेड़ 6 मीटर तक लंबे होते है। इसमे फल आने में 2 साल का लंबा वक्त लगता है। इस केले का इस्तेमाल आइसक्रीम, स्मूदी और कई तरह के डेजर्ट में किया जाता है।



## भारत की इस रहस्यमयी जगह से निकलता है खौलता हुआ गर्म पानी, ऐसी है मान्यता

**भारत में ऐसी कई जगह है जहां पर कुछ ना कुछ अद्भुत और अनोखा पाया जाता है। ऐसी ही कई नदियां यहां पाई जाती है। जिनके बारे में अलग-अलग मान्यताएं हैं। हम आपको इस लेख के द्वारा एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं जहां 12 महीने पानी गर्म रहता हैं, तो चलिए जानते हैं वो कौन सी जगह हैं।**

यह रहस्म्यी जगह छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में है। यह एक ऐसी जगह है जहां जमीन से 12 महीने गर्म पानी निकलता है। ऐसा कहा जाता है कि यह पानी इतना ज्यादा गर्म होता है कि इसमें आसानी से चावल पकाए जा सकते हैं। यहां इस गर्म पानी को देखने के लिए भारी मात्रा में जनता की भीड़ उमड़ती रहती है। यह जगह बलरामपुर जिले से लगभग 12 किलोमीटर दूर है जिसे तातापानी नाम से जाना जाता है। यह जगह प्राकृतिक रूप से निकलने वाले गर्म पानी के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। तातापानी नाम रखने के पीछे भी इसका एक अलग महत्व है। ताता का अर्थ होता है गर्म और पानी का मतलब होता है जल। यहां हमेशा गर्म पानी निकलता है इसलिए इसका नाम तातापानी रखा गया है।

### ऐसी है मान्यता

इस अद्भुत रहस्म्यी जगह को लेकर ऐसा माना जाता है कि भगवान श्री राम ने एक बार खेल-खेल में सीता जी की ओर पत्थर फेंका, जो सीता मां के हाथ में रखे गर्म तेल के कटोरे से जा टकराया। जिससे कि थोड़ा सा तेल झलक कर धरती पर गिर गया और जहां-जहां तेल की बूंदे गिरी वहां से गर्म पानी धरती से फुटकर निकलने लगा। इस स्थल की ऐसी मान्यता है कि यहां पर गर्म पानी से स्नान करने से सभी चर्म रोग खत्म हो जाते हैं।

### चार सौ साल पुरानी शिव प्रतिमा का महत्व

इस अद्भुत दृश्य को देखने और इसके बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए देशभर से लोग यहां आते हैं। इस स्थल के पास एक शिव मंदिर हैं जिसमें लगभग चार सौ वर्ष पुरानी प्रतिमा स्थापित है। मकर संक्रांति के पर्व पर इस मंदिर का विशेष महत्व है। इस दिन मंदिर में पूजा व अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ती हैं। इस पर्व पर लाखों की संख्या में पर्यटक यहां आते हैं और मकर संक्रांति का त्यौहार मनाते हैं। इतना ही नहीं यहां पर विशाल मेले का आयोजन भी किया जाता है। जिसमें पर्यटक झूलों, मीना बाजार व अन्य दुकानों का आनंद ले सकते हैं।



## वो गांव जहां मिलेंगे हर तरह के भूत! रात को दरवाजा नहीं खोलते लोग




एक गांव ऐसा है है जहां एक नहीं बहुत सारी आत्माएं परेशान हो कर भटकती हैं, जिनकी चीखें आज भी सुनाई देती हैं. हर एक की अपनी अलग कहानी है जिसे या तो बेरहमी से मारा गया था या फिर उनकी बहुत ही असामान्य मौत हुई थी. प्लकली ब्रिटेन के सबसे भूतहा जगहों में से एक माना जा चुका है.
दुनिया के सबसे आधुनिक और बड़े शहरों में से एक से एक घंटे की दूरी पर स्थिति एक पूरा का पूरा गांव भूतहा बताया जाता है. प्लकली लंदन के पास एक साधारण सा गांव है. यह किसी भी दूसरे शांत गांव जैसा ही लगता है, लेकिन इसके इतिहास में हत्याएं और भूत-प्रेतों की दिल दहलाने वाली कहानियां मिलती हैं. यह ब्रिटेन की सबसे भूतहा जगहों में से एक होने के लिए मशहूर है, जिसका नाम 1989 में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने दर्ज किया गया था.
प्लकली का निर्मम और क्रूर हत्याओं का लंबा इतिहास है. यहां भूतों को भटकते हुए देखा जाता है. कहा जाता है कि शहर में भटकने वाली कई आत्माएं कथित तौर पर डेरिंग परिवार से जुड़ी हैं, जो 15वीं शताब्दी और प्रथम विश्व युद्ध के बीच जागीर के मालिक हुआ करते थे. सेंट निकोलस चर्च खास तौर पर कुछ भूतों के लिए कुख्यात है. डेरिंग परिवार के भूतों द्वारा प्रेतबाधित पहला स्थान सेंट निकोलस का चर्च है, जहां लोगों ने अजीब रोशनी देखने की सूचना दी है. साथ ही चैपल के फर्श के नीचे से खटखटाहट की आवाज भी सुनी है, जहां परिवार के कई लोगों को दफनाया गया है. इस परिवार से जुड़ी एक और भूतनी का श्रेय रोज कोर्ट में रहने वाली महिला को दिया जाता है.
कहानी यह है कि रोज कोर्ट को परिवार के एक सदस्य ने अपनी मालकिन, बदकिस्मत महिला के रहने के लिए बनवाया था. उसे पास में रहने वाले एक भिक्षु से प्यार हो गया था. वह प्रेम त्रिकोण के दिल टूटने से उबर नहीं पाई और उसने जहर पी लिया. जब उसका शव मिला, तब भी वह ग्रेस्टोन्स की ओर देख रही थी. अब, ऐसा कहा जाता है कि रोज कोर्ट में एक खौफनाक माहौल छाया रहता है, जहां रात भर आहें और कराहने की आवाजें अक्सर सुनाई देती हैं. सिर्फ उसका भूत ही गांव में नहीं भटकता, कहा जाता है कि जिस भिक्षु से वह प्यार करती थी, उसका भूत भी दिल टूटने से मरने के बाद ग्रेस्टोन्स में भटकता है, जिसे कई बार देखा जाता है. इस तरह की कई कहानियां हैं. कहा जाता है कि जंगल में आने वाले लोग जंगल के अंदर से आने वाली अचानक, तीखी चीख से बुरी तरह डर जाते हैं. यह इतनी तेज होती है कि पक्षी भी पेड़ों से उड़ जाते हैं.

**देखने में यह गांव साधारण ही लगता है, लेकिन बताया जाता है कि यहां बहुत सारे भूत रहते हैं.**
**देखने में यह गांव साधारण ही लगता है, लेकिन बताया जाता है कि यहां बहुत सारे भूत रहते हैं.**





# संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को किया गया प्रेरित

**जमुई (निंस)।** भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत, जमुई के बैनर तले छात्र छात्रा द्वारा संविधान शपथ, संविधान प्रस्तावना वाचन एवं पदयात्रा का आयोजन किया गया। विद्या विहार पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित बच्चों और युवाओं द्वारा डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर संविधान प्रस्तावना का शपथ दिलाई गई और उसके बाद महिसोड़ी से लगमा तक संविधान स्वाभिमान पदयात्रा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चे और युवाओं ने भाग लिया। इसके साथ ही यूवाओ को विकसित भारत यूथ लीडर डायलॉग के तहत माय भारत पोर्टल पर व्यूज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर चंदन मिश्रा ने बताया कि बिना संविधान के आजाद भारत में जीवन की कल्पना करना असंभव है। जब-जब देश घने अंधेरे से गुजरा संविधान ने मंजिल की रोशनी दिखाई।सदियों से गुलामी की बेड़ियों से निकलने के बाद टूटे देश को संविधान ने एक संबल दिया। वहीं इसमें दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं। साथ ही इसमें दिए मौलिक कर्तव्य हमें हमारे कर्तव्यों की याद दिलाते हैं।इस अवसर पर उपस्थित सचिराज पद्माकर ने बताया कि संविधान में लिखे मूल्यों,जैसे न्याय, समानता और भाईचारे की याद दिलाता है। यह नागरिकों में उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है, उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। साईकिल यात्रा एक विचार, जमुई के सदस्य हर्ष कुमार सिन्हा ने युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। जहां संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं, वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं। इस अवसर पर किडजी के निर्देशक,सचिराज पद्माकर, लड्डू मिश्रा, सिप्पु कुमार, राकेश कुमार, गोलू कुमार, हर्ष सिन्हा, विद्यालय की शिक्षिकाओं पूनम मैम,शिवानी मैम,अंजू मैम, आरुषि, शिवानी, निधि, सूरज, देवराज, आयुष, आर्यन, आदित्य, मनीष, शिवानी सहित सैकड़ों छात्र छात्रा नेहरू युवा केंद्र,साईकिल यात्रा एक विचार जमुई किड्जी स्कूल के छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## पैक्स चुनाव के दौरान डीएम ने कई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**जमुई(निंस)।** मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने पैक्स चुनाव के मद्देनजर जमुई जिले के प्रखंड सिकंदरा तथा अलीगंज के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रखंड सिकंदरा के महादेव सिमरिया पैक्स के मतदान केंद्र मध्य विद्यालय महादेव सिमरिया के पूर्वी भाग 12 (क), दक्षिणी भाग 12 (ख) व उत्तरी भाग 12 (ग) तथा सिकंदरा नगर पंचायत पैक्स के मतदान केंद्र मध्य विद्यालय सिकंदरा नया भवन पूर्वी भाग 3 (क), मध्य भाग 3 (ख) तथा पश्चिमी भाग 3 (ग) एवं गोखुला फतेहपुर पैक्स के मतदान केंद्र पैक्स गोदाम गोकुल दायां भाग 4 (क), बायां भाग 4 (ख) सामुदायिक भवन गोखुला 4 (ग) तथा सामुदायिक भवन यादव टोला गोखुला 4 (घ) का निरीक्षण के दौरान प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी से पूछताछ की। जिलाधिकारी ने कतार में खड़ी महिलाओं मतदाताओं एवं मतदान अभिकर्त्ताओं से बातचीत की। जिलाधिकारी ने सामुदायिक भवन गोखुला यादव टोला मतदान केंद्र पर कतारबद्ध महिला मतदाताओं की संख्या अधिक रहने से लम्बी थी, तत्क्षण संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को मतदान केंद्र पर अतिरिक्त मतदान कर्मी को नियुक्त करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त अनुमंडल पदाधिकारी जमुई को उसे बूथ केंद्र पर महिला पुलिसकर्मी प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा मतदाताओं द्वारा अब तक डाले गए मतों की संख्या की जानकारी ली गई। निरीक्षणोंप्रांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रखंड कार्यालय सिकंदरा के परिसर में स्थित मतगणना कक्ष (अंबेडकर भवन), वज्रगृह (ट्राईसेन भवन) का जायजा लिया। इसके उपरांत उन्होंने मतगणना के समय सजग और निष्पक्ष रहने का निर्देश दिया साथ ही शांतिपूर्ण ढंग से ससमय मतगणना संपन्न कराने हेतु वरीय पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। इसी तरह जिला निर्वाचन पदाधिकारी जमुई द्वारा अलीगंज प्रखंड के विभिन्न बूथों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि पैक्स चुनाव के दौरान संवेदनशील जगहों को ध्यान में रखते हुए सतर्कता बरती जा रही है। सभी मतदान केंद्र पर पुलिस बल अपने समय से तैनात हैं, सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा सावधानी बरती जा रही है।

## संविधान दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

**बरहट(एप्र)।** जवाहर नवोदय विद्यालय बरहट में संविधान दिवस मनाया गया। बच्चो ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की फोटो पर पुष्प अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया तथा विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में प्रभात फेरी निकालकर संविधान के प्रति लोगों को जागरूक किये। पश्चात स्कूल प्रांगण में क्विज और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर बिद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार ने संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के संविधान निमार्ता के डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान के रूप में दुनिया का सबसे बड़ा संविधान तैयार किया है।यह दुनिया के सभी संविधानों को परखने के बाद बनाया गया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक तंत्र में मूल अधिकारों के प्रति सजगता जरूरत से ज्यादा है। विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का आधार है। मौके पर वाइस प्रिंसिपल राजकिशोर प्रसाद, शिक्षक एके सिंह, एमके देव, डीके रॉय, रीता झा, एपी सिंहा सहित छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।

## राजद के पूर्व विधायिका ने चलाया सदस्यता अभियान

**सोनो(निंस)।** प्रखंड चौक स्थित शिव मंदिर के समीप मंगलवार को राजद की पूर्व विधायिका सावित्री देवी व राजद के युवा नेता विजय शंकर यादव के नेतृत्व में सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई। इस दौरान सावित्री देवी ने कहा कि हर हाल में सभी कर्मठ राजद कार्यकर्त्ता अपने-अपने क्षेत्र में गांव-गांव जाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को राजद पार्टी की सदस्यता सदस्य बनाएंगे, ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में आसानी से हम अपने पार्टी को लक्ष्य को पूरा कर सकें। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के प्रखंड अध्यक्ष रियासत हसन, सहित दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बर्तन साफ करने का पाउडर बेचने वाला युवक, सोने का चैन छीनकर हुआ फरार

**जमुई (निंस)।** टाउन थाना क्षेत्र के सिरचन नवादा मोहल्ले में बर्तन साफ करने का पाउडर बेचने पहुंचा दो युवक ने महिला के गले से सोने का चैन छीनकर फरार हो गया। महिला के गले से सोने का चैन छीनकर भागते हुए चोर का फोटो सीसीटीवी में कैद हो गया। पीड़िता की पहचान सिरचन नवादा मोहल्ला निवासी शमशेर कुमार सिंह की पत्नी हेमलता देवी के रूप में की गई है। घटना के बाद पीड़ित ने टाउन थाना में आवेदन दिया गया है। जिसमें महिला ने बताया गया कि वह सोमवार की दोपहर 1 बजे के करीब अपने घर में पूजा कर रही थी। तभी दो युवक बाइक से पहुंचा और बर्तन साफ करने का पाउडर बेचने वाला अपने आपको बताया। महिला ने आगे बताया कि उसे पाउडर की जरूरत नहीं है। उसके बावजूद एक चैन स्क्रैचर उसे समझाने लगा।जब उसने बोला कि वह पाउडर की खरीदारी नहीं करेगी। उसके बाद एक युवक बाइक पर जाकर बैठ गया और बाइक स्टार्ट कर दिया। जबकि दूसरा युवक बाइक की चाभी नीचे गिरने का नाटक किया और गिरा चाभी उठाने की कोशिश किया। इसी बीच झट से महिला जो सोने की चैन गले में पहने थी उसका छीना और दौड़ते हुए बाइक पर बैठकर फरार हो गया। महिला ने शोर मचाया और पकड़ने की कोशिश भी की। लेकिन चैन स्क्रैचर बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गया। वहीं महिला से चैन छीन कर भागने का वीडियो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।टाउन थाना अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि जिले में पहली बार चैन स्क्रैचर सामने आया है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।


### कार्यालय नगर परिषद, पाकुड़

पत्रांक................/न0प0 दिनांक....................

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)

—: आम सूचना :—

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, पाकुड़ क्षेत्रान्तर्गत सभी वार्डो को ODF+ नगर परिषद, पाकुड़ को घोषित किया जा रहा है।

उक्त के आलोक में यदि किन्ही को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे 03 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति/प्रतिक्रिया कार्यालय नगर परिषद, पाकुड़ में जमा कर सकते है। उक्त अवधि के उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति/प्रतिक्रिया कार्यालय द्वारा स्वीकार किया जाना संभव नही हो सकेगा।

प्रशासक
नगर परिषद, पाकुड़

PR 340439 (Urban Development)24-25*D

### OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT, BASUKINATH

email-nagarpanchayatbasukinath@gmail.com/
nagarpanchayatbasukinath@yahoo.in
BASUKINATH, DUMKA – 814118

e - Procurement Notice (Very Short term)

e-Tender Reference No: UDHD/NPB/eTender/19/2024-25 Dated:25-11-2024

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Gr. No. | Name Schemes | |
| | | 1 | Construction of PCC road in ward no.-6 from bypass main road to manuvandra ji house under Nagar Panchayat Basukinath | |
| | | 2 | Construction of PCC road in ward no.-9 from Bus stand asharyagrih to Shankar singh's house under Nagar Panchayat Basukinath | |
| 2 | Tender Fee & EMD | Gr. N0. | Tender Fee | EMD |
| | | 1 | Rs. 5000.00 | Rs. 29534.00 |
| | | 2 | Rs. 5000.00 | Rs. 20210.00 |
| 3 | Estimated Cost | Gr. N0. | Estimated Cost | |
| | | 1 | Rs. 1476700.00 | |
| | | 2 | Rs. 1010500.00 | |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 30-11-2024 | | |
| 5 | Date/Time for receipt of bids(ONLINE) | 30-11-2024 to 09-12-2024 | | |
| 6 | Date of Bid Opening | 10-12-2024 | | |
| 7 | Name & address of office inviting tender | Nagar Panchayat, Basukinath, Dist-Dumka, Jharkhand | | |
| 8 | Helpline number | Mobile-9504272522/8789952584 | | |

NOTE:- Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in

Executive Officer
Nagar Panchayat, Basukinath

PR 340419 (District)24-25*D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RWD/SD/GODDA/25/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्रम/ग्रुप सं० | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ठाकुरगंगटी | गोड्डा जिला अन्तर्गत ठाकुरगंगटी प्रखंड अंतर्गत टमाशाचक और बुधासन के पास झमरिया नदी में पुल निर्माण। | 3,97,29,300.00 | 7,95,000.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 29.11.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 29.11.2024 से दिनांक 09.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गोड्डा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 11.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8340110173
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।

PR.NO.340344 Rural Development(24-25):D

### Government of Jharkhand Deoghar Municipal Corporation, Deoghar

Short Term Procurement Notice Inviting Tender

NIT No. 20/2024-25 Date:- ..................

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name & address of office Inviting tender | Administrator, Deoghar Municipal Corporation, Deoghar |
| 2 | Date of publication of tender on website | 27.11.2024 at 11:00AM |
| 3 | Last date &Time for receipt of bids | 12.12.2024 up to 05:00PM |
| 4 | Date & Time of Bid Opening | 13.12.2024 at 05:00 PM |
| 5 | Contact no. of Procurement officer | Administrator, Deoghar Municipal Corporation, Deoghar . |
| 6 | Help line number of e-Procurement cell | Mob No. – 9508112201 |

7.

| S. N. | Tender Reference No. | Name of Work | Estimated Cost (in Rs.) | Earnest Money | Cost of Tender (Rs.) | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DNN/01/20/2024-25 | Repairing of Building in Kshetriya Tika Bhawan Sadar Hospital at Deoghar | 1928100.00 | 02% of boq cost | 5,000.00 | 12 month |
| 2 | DNN/02/20/2024-25 | Construction of Drain in Vivekanand Vidyalya at Deoghar | 1805650.00 | 02% of boq cost | 5,000.00 | 12 month |

Note :- 1. Only e-Tenders will be accepted.Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in Or Office Notice Board.
2. Estimated cost/ quantity may be increased or decreased, as per actual requirement.
3. BOQ Cost and Earnest Money can be deposit only Online through the website.
4. e-tender will be in Single envelop system.

ह0/–
नगर आयुक्त सह प्रशासक
देवघर नगर निगम, देवघर।

PR 340378 (Deoghar) 24-25 (D)

### दुमका समाहरणालय, (जिला भू-अर्जन शाखा)

—:अधिघोषणा:—

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

संख्या–1350/जि0भू0अ0 दुमका, दिनांक–18.10.2024

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्ता को यह प्रतित होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना रानीघाघर से झगडाही तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना हेतु ग्राम–नूतन तसरिया, थाना–मसलिया, थाना संख्या–33, अंचल–मसलिया, जिला–दुमका में कुल–0.565 एकड़ यानि 0.228 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.565 एकड़ यानि 0.228 हेक्टेयर है और जो ग्राम–नूतन तसरिया, थाना–मसलिया, थाना संख्या–33, अंचल–मसलिया, जिला–दुमका में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. स. | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उत्तर | दक्षिण | पूरब | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1. | - | 280 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.01 | -- | रोड | 279 | 281 | 250 |
| 2. | 16 | 250 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.005 | टूरका मराडी वो विरजा मरांडी पिता–स्व0 हरी मरांडी वो देबिया मराडी वो राम मराडी वो सिंगू मरांडी पिता–स्व0 उदय मरांडी वो दीबू मरांडी पिता–स्व0 कान्दाना मरांडी। | रोड | 269 | 277 | रोड |
| 3. | - | 248 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.055 | – | रोड | रोड | रोड | 247 |
| 4. | 15 | 247 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.18 | जेठा हेम्ब्रम वो पाडू हेम्ब्रम पिता– डेडे हेम्ब्रम। | रोड | 246 | 248 | 245 |
| 5. | 12 | 234 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.04 | चुड़का टुडू पिता–स्व0 सुना टुडू। | रोड | 237 | 242 | 236 |
| 6. | - | 233 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.065 | – | रोड | 229 | 230 | 229 |
| 7. | 30 | 230 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.025 | बुधन मुर्मू पिता–स्व0 लेबड़ा मुर्मू। | रोड | 231 | 232 | 228 |
| 8. | 21 | 229 | ज0 रै0 | वाड़ी एक | 0.04 | दर्शनिया मोहलीन पिता–स्व0 मंगल मोहलीन। | रोड | 228 | 230 | 227 |
| 9. | 18 | 227 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.13 | ढेलका टुडू पिता–स्व0 जोलहा टुडू। | रोड | 226 | 228 | 219 |
| 10. | 12 | 219 | ज0 रै0 | वाड़ी दो | 0.015 | चुड़का पिता–स्व0 सुना टुडू। | रोड | 218 | 227 | रोड |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किये गये है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है।

ग्राम– ..X...., थाना–.....X......, थाना सं0–.......X......, अंचल–........X......, जिला–........X....., रकवा–.......X......एकड़

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दुमका के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,दुमका

PR 340371 Land Reforms(24-25).D

### कार्यालय, देवघर नगर निगम, देवघर

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 21/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त सह प्रशासक देवघर नगर निगम, देवघर।
2. परिमाण विपत्र निर्गत करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 12.12..2024 (11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 13.12..2024 (02.00 बजे अपराह्न तक)।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.12..2024 (03.00 बजे अपराह्न से)।
5. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– कार्यालय, देवघर नगर निगम, देवघर।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय, देवघर नगर निगम, देवघर।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय, देवघर नगर निगम, देवघर।
8. कार्य का विवरणी :–

| क्र0 | योजना का नाम (शहरी परिवहन) | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of pcc road from Rohini basuadih main road toway kalimandir at basuadih in ward no 02 | 628050.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 2 | Construction of pcc road From Main road to munna modi,Main road to avinash pandey, dharu pandey to sunil jha, upendra pandey to kameshwar pandey,sitaram modi to birbal pandey at rohini in ward no 03 | 570750.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 3 | Construction of pcc road From deep narayan dubey toway kameshwar at mahavir nagar at ramchandrapur in ward no 05 | 888880.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 4 | Construction of pcc road From Kumaitha main road to way of Gopalpur pond at Gopalpur in ward no 06 | 858530.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 5 | Construction of pcc road from Shankar mahtha to umesh barnwal at singhwa in ward no 07 | 747930.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 6 | Construction of road from sarjeet pandit shop to balkrishan jha and kanchan devi to mani road at belabagan no 08 | 706240.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 7 | Construction of pcc road from Satsang main road to Ranjeet Yadav house and Sukdeo Mallick house at Satsang in ward no. 09 | 853200.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 8 | Construction of PCC road from Shamsher house to main road and Masjit to main road at Gulipathar in ward no. 09 | 514300.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 9 | Construction of pcc road in ward no from gopal sharma toway raja prasad sah house at purandaha,and renovation of pcc roadfrom naresh verma toway deepak verma at kalyanput in ward no 11 | 926070.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 10 | Laying of paver block of A.k ratan toway munnam sanjay ji and mritunjay ji at p dayal road and Contruction of pcc road from bula rani toway janki nandan at raja bagichain ward no 13 | 413500.00 | 2 % of BOQ | 1000.00 | 03 Month |
| 11 | Construction of road from pawan mahtha via rajinash ranjan,vijay kumar gupta toway siphi ramnandan singh at gandhi nagar gali no 03 in ward no 14. | 626040.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 12 | Laying of paver block of from house of Shankar Singh to way of Income Tax office at Williams Town in ward no. 15 | 682300.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 13 | contraction of pcc road from vishun ji house via mahakant jha house toway of birendra barnwal at jathai in ward no 17 | 592800.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 14 | Renovation of road from Dc thakur house corner toway of birju jha hpuse at back of hariyali complex town in ward no18 | 277300.00 | 2 % of BOQ | 1000.00 | 03 Month |
| 15 | Renovation of PCC road from Sarita hotel gali to buchu sah house and Shambhu Sah house to public toilet at Harikishun Sah lane in ward no 19. | 361980.00 | 2 % of BOQ | 1000.00 | 03 Month |
| 16 | Construction of PCC road from Bishnu Pandit house to Chandan Jha house at Anand Nagar in ward no. 22 | 682300.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 17 | Construction of PCC road from Narayan Jha house to Devnandan Jha at Chhatisi in ward no 24. | 759010.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 18 | Construction of PCC road from Divya Jyoti public school to way of Sunil jee house via SC Choudhary at Rampur in ward no 25. | 857500.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 19 | Construction of PCC road from Binod Choudhary house to P S Jha house and Subodh Thakur house to Govind Mishra house at Ranga Pahari Rikhiya road in ward no. 26 | 780900.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 20 | Construction of PCC road from Ranjeet Rout to Shaligram sharma house at Mahalaxmi nagar Karnibag in ward no 27. | 682400.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 21 | Construction of PCC Road from Baidhyanath Ray house to Debu Ray house , Ranjay Poddar house via Maghu Ray house at Ghatwari Tola in ward no. 27 | 755300.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 22 | Construction of pcc road From Shahid asharam Road toway sundar bandh in ward no 28 | 908580.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 23 | Laying of Paver Block from Manohar Lohar house to Pawan Sarolia house at Manohar Lohar Gali SSM Jalan road Castari town in ward no. 31 | 990600.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 24 | Construction of pcc road from dr N K Singh to main road at castair town in ward no 32 | 155130.00 | 2 % of BOQ | 1000.00 | 03 Month |
| 25 | Construction of pcc road From Ajay ramani to neha kumari at bariyarbandhi in ward no 33 | 113680.00 | 2 % of BOQ | 1000.00 | 03 Month |
| 26 | Construction of PCC road from Anwar Ansari to jawed Ansari and Shekhawat Ansari to way of Masjid at Durgapur in ward no. 34 | 370300.00 | 2 % of BOQ | 1000.00 | 03 Month |
| 27 | Construction of PCC road from Edgah to Alif Miya house via Najir Miya house at Tharidulampur in ward no. 35 | 850300.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |
| 28 | Construction of PCC road from Sunil Das house to Digamber Ray house at Kunda Bye Pass road in ward no. 36 | 855400.00 | 2 % of BOQ | 5000.00 | 03 Month |

नोट:–(1) निविदा की नियम व शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

(2) परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु निबंधन प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र एवं बैंक ड्राफ्ट (परिमाण विपत्र का मूल्य जो नहीं लौटाया जायेगा, जो Municipal Commissioner, DMC, Deoghar के पदनाम से निर्गत तथा देवघर स्थित शेडयूल बैंक में भुगतेय होगा।) संलग्न कर उपरोक्त निर्धारित समय पर कार्यालय में जमा करना होगा। विज्ञापन की तिथि के बाद का बैंक ड्राफ्ट एवं बैंक ड्राफ्ट में संवेदक का नाम उल्लेखित होना अनिवार्य होगा, अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।

ह0/–
नगर आयुक्त सह प्रशासक
देवघर नगर निगम, देवघर।

PR.NO.340379 Deoghar(24-25):D

## एक नजर

### रुपया गिरावट पर बंद



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को शुरूआती कारोबार में रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ ही 84.33 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपय अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.22 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 9,947 करोड़ रुपये के शेयर खरीद 40 सत्रों से जारी शुद्ध बिकवाली का सिलसिला तोड़ा, जिसकी वजह से रुपए को मजबूत समर्थन मिला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.27 प्रति डॉलर पर खुला और फिर 84.22 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले सात पैसे की बढ़त को दिखाता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.29 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.28 फीसदी की बढ़त के साथ 107.11 पर देखा गया।

### सोना 1,630 गिरकर 75,451 पर आया

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सोने के भाव में मंगलवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 1,630 रुपए कम होकर 75,451 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 77,081 रुपए प्रति दस ग्राम थी। वहीं, चांदी के दाम में भी गिरावट रही। ये 1,345 रुपए गिरकर 88,100 रुपए प्रति किलो हो गई। इससे पहले चांदी 89,445 रुपए पर थी। वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### बॉन्ड के माध्यम से 54,800 करोड़ जुटाएंगे सरकारी बैंक

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष के दौरान कुल मिलाकर 54,800 करोड़ रुपये जुटाने का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव के अनुसार बैंकों ने एक आंतरिक दस्तावेज के माध्यम से अतिरिक्त टियर-1 (एटी-1) और टियर-2 बॉन्ड जारी करने की योजना बनाई है। एटी-1 और टियर-2 दोनों बॉन्ड पूंजी जुटाने के नियामकीय साधन हैं। बैंक बेसल-3 मानदंडों के तहत, ये बॉन्ड पूंजी पर्याप्तता जरूरतों को पूरा करने में मदद करते हैं। अब तक चालू वित्त वर्ष में केवल भारतीय स्टेट बैंक और केनरा बैंक ने एटी-1 बॉन्ड जारी करके रकम जुटाई है। एसबीआई ने 5,000 करोड़ रुपये और केनरा बैंक ने 3,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष में अब तक टियर-2 बॉन्ड के जरिये 23,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कुल मिलाकर सरकारी बैंकों ने एटी-1 और टियर-2 बॉन्ड के जरिये इस साल अब तक 31,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह निर्णय सार्वजनिक स्तर पर बैंकों के वित्त पर एक सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है और वित्तीय सुरक्षा में मदद कर सकता है। इस भावनात्मक प्रस्ताव के कारण बैंकों की स्थिति में सुधार संभावित है और वित्तीय स्थिरता में सहायता मिल सकती है।

### इस वर्ष जापान और चीन ने अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड्स की 61.9 बिलियन डॉलर बिक्री की

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अप्रैल से जून 2024 तक की तीसरी तिमाही में जापान ने अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड्स (अमेरिकी खजाने) में विशाल 61.9 बिलियन डॉलर की बिक्री की है, जो अब तक की सबसे बड़ी बिक्री है। इससे पहले दूसरी तिमाही में जापान ने 40.5 बिलियन डॉलर के ट्रेजरी बेचे थे। जापान की यह लगातार दूसरी तिमाही है जब उन्होंने अमेरिकी खजाने में भारी बिक्री की है। वहीं चीन ने भी इसी तिमाही में अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड्स को 51.3 बिलियन डॉलर का डंप किया, जो अब तक की दूसरी सबसे बड़ी बिक्री है। चीन ने पिछले 7 तिमाहियों में से 6 में ट्रेजरी बेची हैं, जिससे उनकी ट्रेजरी बॉन्ड्स में कुल हिस्सेदारी अब 800 अरब डॉलर से कम हो गई है। इन दोनों देशों जापान और चीन ने अमेरिकी सरकारी ऋण के सबसे बड़े धारक होने के बावजूद अमेरिकी खजाने में इतनी बड़ी बिक्री की है। इससे दिखता है कि विदेशी निवेशकों की रुचि घट रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति में बदलाव आए हैं।

### बैटरी स्मार्ट ने अमित भारद्वाज को सीएफओ किया नियुक्त

**मुंबइ(एजेंसी)।** इलेक्ट्रिक दोपहिया तथा तिपहिया वाहनों के लिए बैटरी स्वैपिंग नेटवर्क कंपनी बैटरी स्मार्ट ने अमित भारद्वाज को अपना सीएफओ नियुक्त किया है। उन्हें वित्तीय अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया गया है, जिन्हें कंपनी की वित्तीय रणनीति के नेतृत्व, लाभप्रदता और आंतरिक नियंत्रण पर कार्य करना होगा। बैटरी स्मार्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारद्वाज की नियुक्ति कंपनी के विकास को गति देने और उनके वित्तीय कौशल एवं रणनीतिक दृष्टि में मदद करेगा। अमित भारद्वाज ने पहले भी कई जगह काम किया है और अपने समर्पण से उन्होंने शिपरॉकेट, ओयो, जुबिलेंट फूडवर्क्स और कार्स24 जैसी कंपनियों के साथ जुड़े रहे हैं। अधिकारी ने उम्मीद जताई है कि भारद्वाज की नियुक्ति से बैटरी स्मार्ट की रणनीति और दीर्घकालिक लाभप्रदता को मजबूत होगा। इससे कंपनी के विकास में और भी तेजी और मजबूती आएगी।

### कैंडीटॉय कॉरपोरेट ने 110 करोड़ का निवेश किया

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कैंडीटॉय कॉरपोरेट (सीटीसी) ने वित्त पोषण चक्र में 110 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त किया है। इस भारी निवेश के साथ इंदौर स्थित कैंडी टॉय ने वृद्धि की उम्मीद जताई है। इस सीरीज ए वित्त पोषण चक्र में घरेलू निवेशकों, उच्च नेटवर्थ वालों, एंजेल निवेशकों और संस्थागत निवेशकों का समूह शामिल हुआ है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस उद्यम के उज्जवल दिनों के लिए अभिनंदन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम बहुत ही बेहतरीन चरण में प्रवेश कर रहे हैं। यह वित्त पोषण हमारी वृद्धि को गति देगा और हमारी प्रतिभा को समृद्ध करेगा। कैंडीटॉय कॉरपोरेट ने कैंडी और खिलौने के व्यापक विकसित करने में विशेषज्ञता प्राप्त की है। इसने कंपनियों जैसे कोलगेट, प्यूमा, एमटीआर, बॉर्नविटा, येलो डायमंड्स, विस्तारा एयरलाइंस के साथ काम किया है। कैंडी टॉय का उद्देश्य है हर खिलौने को किसी न किसी तरह की कैंडी के साथ पेश करना। इस निवेश से सीटीसी ने उत्कृष्टीयता की मील का पत्थर रखा है, जिससे उसकी गति और विस्तार न केवल बढ़ेगा बल्कि उसकी नामी दुनिया में मजबूती से परिपूर्ण होगी।

# वित्त मंत्रालय की मासिक समीक्षा में रबी फसल के उत्पादन में वृद्धि का अनुमान

## फसल उत्पादन में वृद्धि उच्च एमएसपी, अनुकूल मानसून के कारण संभव

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** वित्त मंत्रालय ने अपनी नवीनतम मासिक समीक्षा में आने वाले महीनों में रबी फसल की बुवाई और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान जताया है। मंत्रालय ने बताया कि यह वृद्धि उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), अनुकूल मानसून और पर्याप्त जलाशय स्तर के कारण संभव है। इस समीक्षा के अनुसार रबी सीजन को इस साल की शुरूआत में अच्छी खरीफ फसल द्वारा स्थापित



मजबूत नींव से लाभ होने की संभावना है। मंत्रालय का मानना है कि इस बंपर फसल से घरेलू खुदरा मुद्रास्फीति को कम करने में भी मदद मिल सकती है। मंत्रालय ने कहा कि 6 नवंबर 2024 तक, धान की खरीद 161.0 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई, जिससे चल रहे केएमएस खरीद कार्यों से 14.79 लाख किसानों को लाभ हुआ। बढ़े हुए एमएसपी के साथ रिकॉर्ड खरीफ खाद्यान्न उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा। रबी की फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए ठंडी और शुष्क जलवायु की आवश्यकता होती है, जबकि खरीफ में उत्पादित फसलों के लिए गर्म और आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है। मंत्रालय ने उम्मीद जताई है कि रबी की बुवाई और उत्पादन में अनुकूल मानसून, पर्याप्त जलाशय स्तर और उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य की वजह से वृद्धि हो सकती है। इसके साथ ही खाद्य मुद्रास्फीति में कमी की उम्मीद भी है, जिसे अक्टूबर में खाद्य मूल्य दबाव के कारण देखा गया था। मंत्रालय ने बताया कि आर्थिक गतिविधियों में सुधार के साथ स्थिरता आने वाले महीनों में उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही के दौरान एफएमसीजी की बिक्री मात्रा में सुधार होने के साथ-साथ, ग्रामीण क्षेत्र में ट्रैक्टर और दोपहिया वाहनों की बिक्री में भी वृद्धि देखी गई। मांग में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था में मजबूती के संकेत है। मंत्रालय के अनुसार रबी सीजन में व्यापक आर्थिक स्थिरता को समर्थन करने के लिए तैयार है, जिससे कृषि विकास को बढ़ावा मिल सकता है और आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति के दबाव से भी राहत मिल सकती है।

## जेनएआई स्टार्टअप में निवेश दूसरी तिमाही में छह गुना उछला

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** नैसकॉम की एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में भारत की जेनएआई फंडिंग तिमाही आधार पर छह गुना बढ़ी है। भारत ने वैश्विक जनरेटिव एआई की दुनिया में अपनी स्थिति मजबूत की है। नैसकॉम की रिपोर्ट कहती है कि भारतीय जेनएआई स्टार्टअप ने वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में 5.1 करोड़ डॉलर जुटाए जो वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में जुटाए गए 80 लाख डॉलर से अधिक हैं। टेक इंडस्ट्री एक्टिविटी के अनुसार दूसरी तिमाही के दौरान फंडिंग की गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और रिकॉर्ड स्तर पर फंडिंग के 20 राउंड हुए जो पहली तिमाही की सुस्ती के बाद मजबूत सुधार को दशार्ता है। कुल फंडिंग में पिछले साल के मुकाबले 3.4 गुना इजाफा हुआ तथा एंटरप्राइज एप्लिकेशन और एजेंटिक एआई में निवेश ने इसकी अगुआई की। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में जेनएआई फंडिंग का 90 प्रतिशत से अधिक भाग तीन स्टार्टअप नूरिक्स एआई, डैशटून और मिहप को मिला। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में फंडिंग राउंड में तीन गुना तक वृद्धि हुई। सभी दौर में शुरूआती चरण वाले निवेशों का हिस्सा 77 प्रतिशत रहा जिसमें ऐंजल और सीड फंडिंग शामिल है। इस तिमाही में जेनएआई स्टार्टअप कंपनियों के लिए फंडिंग के दौर सीरीज ए राउंड में 1.5 करोड़ डॉलर और सीड राउंड में 1.25 करोड़ डॉलर से कम रहे, जिसका मुख्य कारण कृत्रिम और सर्वम जैसे मॉडल के निवेशों का न होना रहा, जो पिछली दो तिमाहियों में हावी रहे थे। नैसकॉम की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मुख्य रणनीति अधिकारी संगीता गुप्ता ने कहा, जेनरेटिव एआई परिदृश्य तेजी से विकसित हो रहा है, प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाताओं को नया आकार दे रहा है और नई क्षमताओं को जन्म दे रहा है। प्रदाता रणनीतियों का नए सिरे से आकलन कर रहे हैं और प्रौद्योगिकी एवं प्रतिभा में निवेश बढ़ा रहे हैं। रिपोर्ट में भारत में तकनीकी उद्योग के जेनएआई के प्रयासों पर भी नजर डाली गई है।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई(एजेंसी)।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिलेजुले रुख के बीच ही अदाणी ग्रुप के शेयरों में बिकवाली हावी रहने से आई है। इससे पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी बाजार की तेजी रुक गयी। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में यह उतार-चढ़ाव के बाद 105.79 अंक करीब 0.13 फीसदी नीचे आकर 80,004.06 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई निफ्टी 27.40 अंक तकरीबन 0.11 फीसदी नीचे आकर 27.40 अंकों की गिरावट के साथ 24,194.50 अंकों पर बंद हुआ।




आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर शुरूआती कारोबार में 2 फीसदी से ज्यादा ऊपर आया। इसके अलावा टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, मारुति, टीसीएस के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त पर बंद हुए।

वहीं दूसरी ओर अल्ट्रा सीमेंट के शेयर में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गयी है। साथ ही सनफार्मा, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक के शेयर भी नीचे आये।

विदेशी निवेशकों ने गत दिवस सोमवार को 9,947.55 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। यह आंकड़ा 20 सितंबर के बाद सबसे अधिक है।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरूआत तेजी से हुई। कारोबार के दौरान दोनों प्रमुख इंडेक्स बढ़त के साथ खुले। एचडएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल के शेयरों में वृद्धि से बाजार में तेजी आई। सेंसेक्स पिछले बंद भाव के मुकाबले 300 से ज्यादा अंक ऊपर आकर 80,415.47 अंक पर खुला। इससे पहले सोमवार को यह लगभग 1000 अंक उछलकर बंद हुआ था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी तेजी के साथ 24,343.30 अंक पर खुला जबकि सोमवार को यह 24,221.90 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं सेंसेक्स की 30 कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर शुरूआती कारोबार में 2 फीसदी से ज्यादा उपर आया। इसके अलावा टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, मारुति, टीसीएस के शेयर मुख्य रूप से लाभ में रहे।

## सोने और चांदी के भाव में मामूली तेजी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सोने और चांदी के भाव में मंगलवार को मामूली तेजी देखी गई है। सोने की कीमतों में 65 रुपये की वृद्धि हुई है और यह 75376 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला है। इसके साथ ही चांदी में 290 रुपये की तेजी देखी गई है और यह 88203 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रही है। 5 दिसंबर की वायदा डिलीवरी के परिप्रेक्ष्य में सोना 75376 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला है और इसमें सुबह की शुरूआत में 61661 लाख के सोने के ऑर्डर बुक हो चुके हैं। साथ ही 5 फरवरी की वायदा डिलीवरी के लिए सोने 76356 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला और 9786 लाट्स के सोने का कारोबार 35681 लाख पर बंद हुआ था। मल्टी कमोडिटी बाजार में चांदी की कीमत में भाव में भी बदलाव देखा गया। 5 दिसंबर के बाजार में चांदी 88105



रुपये प्रति किलोग्राम पर खुली और 88203 प्रति किलोग्राम पर आ गई। 25 नवम्बर को एमसीएक्स पर 5 दिसंबर की डिलीवरी वाला सोना 75311 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हो गया था, जबकि 5 फरवरी की डिलीवरी वाला गोल्ड 75988 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हो गया था। पिछले कारोबारी सत्र में, 25 नवम्बर को 5 दिसंबर की वायदा डिलीवरी वाली चांदी 87699 रुपये प्रति किलो के भाव पर बंद हुई थी। इस विस्तृत विश्लेषण के माध्यम से पता चलता है कि सोने और चांदी के भाव में दिन-प्रति-दिन उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिससे बाजार में संवेदनशीलता बनी हुई है। आने वाले दिनों में भाव में और बदलाव देखने की संभावना है और निवेशकों के लिए यह महत्वपूर्ण रहेगा कि वे बाजार को ध्यान से नजरअंदाज न करें।

## हुंडई मोटर को मिला कर प्राधिकरण से टैक्स नोटिस

**मुंबई (एजेंसी)।** हुंडई मोटर इंडिया को महाराष्ट्र राज्य कर प्राधिकरण से पांच करोड़ रुपए से अधिक का कर नोटिस मिला है। यह नोटिस कथित अतिरिक्त इनपुट टैक्स क्रेडिट दावे को लकर मिला है। इनपुट टैक्स क्रेडिट या आईटीसी वह कर है जो व्यवसाय द्वारा किसी खरीद तथा बिक्री पर चुकाया जाता है। हुंडई मोटर इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे महाराष्ट्र राज्य कर प्राधिकरण से कारण बताओ नोटिस जारी हुआ है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि अतिरिक्त आईटीसी का दावा मानदंडों के अनुसार और कंपनी द्वारा भुगतान किए गए आरसीएम कर के अनुरूप नहीं है।

## कनाडा, मेक्सिको से आयात पर शुल्क लगाएंगे ट्रंप

**वाशिंगटन(एजेंसी)।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पदभार ग्रहण करने के बाद अमेरिका की सीमाओं को अवैध प्रवासियों और मादक पदार्थों से बचाने के लिए कड़ा कदम उठाने का ऐलान किया है। ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा, और चीन से आने वाले उत्पादों पर 25 फीसदी और 10 फीसदी शुल्क लगाने का निर्देश दिया है। उन्होंने ट्रुथ प्लेटफॉर्म पर जानकारी दी कि इन तीन देशों पर शुल्क लगाने वाले कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे। उन्होंने कहा कि सीमाओं को पार करके आने वाले लोगों ने अपराध और मादक पदार्थ लाने की समस्या को फैलाया है। ट्रंप ने कहा कि चीन ने भी उसकी अपील को नजरअंदाज करते हुए अमेरिका में मादक पदार्थों के प्रवाह को रोकने में विफल रहा है। उन्होंने चीन के प्रतिनिधियों को निरंतर चेतावनी दी थी, लेकिन चीन ने कोई कदम नहीं उठाया।

## फिच ने अदाणी ग्रुप की चार कंपनियों का आउटलुक घटाया




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अमेरिका द्वारा अदाणी ग्रुप पर लगे रिश्वत के आरोप के बाद रेटिंग एजेंसी फिच ने समूह की चार कंपनियां का आउटलुक निगेटिव कर दिया है। जबकि तीन कंपनियों को रेटिंग वॉच नेगेटिव में रखा है। जिसके चलते मंगलवार को अदाणी ग्रुप के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई पर कारोबार के दौरान ग्रुप के शेयर आठ फीसदी तक गिर गए। जबकि ग्रुप ने शेयरों में सोमवार को कुछ रिकवरी हुई थी। बीएसई पर अदाणी ग्रीन एनर्जी, एसीसी, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पावर, अदाणी टोटल गैस, अदाणी विल्मर और अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन और अंबुजा सीमेंट्स 2 फीसदी से 8 फीसदी तक नीचे रहे। इसके अलावा अदाणी ग्रीन एनर्जी (8 प्रतिशत गिरकर 893 रुपये पर) और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस (5 प्रतिशत गिरकर 593.15 रुपये पर) के शेयर अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गए। पिछले एक हफ्ते में इन कंपनियों की बाजार कीमत में क्रमशः 37 फीसदी और 32 फीसदी की गिरावट आई है। एसएंडपी ग्लोबल ने अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड, अदाणी पोर्ट्स और अदाणी ग्रीन एनर्जी की सहायक कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी रिस्ट्रिक्टेड ग्रुप 2 (को लेकर अपने आउटलुक में बदलाव किया है। एजीईएल पर आरोपों के छींटे लगे हैं, लेकिन अमेरिकी में चल रही कार्यवाही में इसका नाम सीधे नहीं लिया गया है।

# अदाणी समूह: निवेशकों के मिलेजुले रुख से शुरू हुआ सप्ताह

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कोयला से लेकर हवाई अड्डा तक के कारोबार से जुड़े अदाणी समूह के लिए यह हफ्ता निवेशकों के मिलेजुले रुख से शुरू हुआ है। फ्रांस की दिग्गज कंपनी टोटाल एनर्जीज ने एक बयान जारी किया है कि वह अदाणी समूह में फिलहाल कोई नया निवेश नहीं करेगी। लेकिन फ्लोरिडा की जीक्यूजी पार्टनर्स ने जाहिर किया है कि उन्हें भरोसा है कि उनका निवेश अदाणी समूह में मजबूती लाएगा। अमेरिका की एक जिला अदालत में अदाणी समूह के प्रवर्तक गौतम अदाणी और अन्यों के खिलाफ पिछले हफ्ते रिश्वत देने और धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज होने के बाद निवेशकों की ये प्रतिक्रिया आई है। यह मामला अदाणी ग्रीन एनर्जी की परियोजनाओं से जुड़ा है। श्रीलंका, बांग्लादेश और केन्या में भी अदाणी समूह के निवेश पर अनिश्चितता है। टोटाल एनर्जीज ने अदाणी ग्रीन में अभी तक 3.2 अरब डॉलर का निवेश किया है। उन्होंने आज बताया कि जब तक अदाणी समूह के प्रवर्तक आरोपों से मुक्त नहीं हो जाते हैं, तब तक टोटाल एनर्जीज अदाणी समूह की कंपनियों में कोई नया निवेश नहीं करेगी। टोटाल ने कहा कि पिछले हफ्ते अमेरिकी अदालत द्वारा सार्वजनिक घोषणा के बाद उन्हें अदाणी ग्रीन एनर्जी से संबंधित भ्रष्टाचार में अदाणी समूह के अधिकारियों की संलिप्तता का पता चला। उन्होंने बताया कि वह अदाणी ग्रीन में अपने हितों की रक्षा के लिए समुचित उपाय पर विचार करेंगे। अदाणी ग्रीन में टोटाल की 19.75 फीसदी हिस्सेदारी है। उनके साथ ही अदाणी ग्रीन के साथ संयुक्त उपक्रम में तीन परियोजनाओं में उनकी 50 फीसदी हिस्सेदारी है। इस साल सितम्बर तक टोटाल ने अदाणी ग्रीन में कुल 3.2 अरब डॉलर का निवेश किया है। टोटाल एनर्जीज का अदाणी ग्रीन में 37.4 फीसदी हिस्सेदारी है। यह पहली बार नहीं है जब टोटाल एनर्जीज ने अदाणी समूह की कंपनियों में अपने निवेश पर रोक लगाई है। फरवरी 2023 में टोटाल एनर्जीज ने घोषणा की थी कि हरिबर्ग रिसर्च रिपोर्ट पर स्वतंत्र समीक्षा का आदेश दिया जाएगा और सरकार द्वारा मामले की जांच के नतीजे जारी होने तक वह अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड में अपनी 25 फीसदी हिस्सेदारी के तहत निवेश नहीं करेगी। हालांकि कंपनी ने अभी तक अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड में निवेश नहीं किया है, मगर अदाणी ग्रीन के संयुक्त उपक्रमों में दो नये निवेश किए हैं।

## टाटा कैपिटल हेल्थकेयर फंड 2 ने तैयार की अपनी योजनाएं

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** टाटा कैपिटल हेल्थकेयर फंड 2 (टीसीएचएफ) वर्तमान में अपनी योजनाओं को मजबूती दे रहा है जिसे 13 करोड़ डॉलर फंड के शेष हिस्से के साथ निवेश करने के माध्यम से साबित किया गया है। टीसीएचएफ 2 ने साल 2023-24 में स्वास्थ्य क्षेत्र के 17 लाख लाभार्थियों को सहायता पहुंचाई और 41 नई नौकरियां के अवसर प्रदान किए हैं। टीसीएचएफ 2 के एक अधिकारी ने बताया कि फंड अब अपनी योजनाएं पुख्ता कर रहा है ताकि फंड 3 के लिए तैयार हो सके। उन्होंने टीसीएचएफ 2 के सह-निवेशकों के साथ निवेश योजनाएं तैयार करने का वादा किया है। उन्होंने बताया कि टीसीएचएफ 1 के सफल विनिवेशान के बाद टीसीएचएफ 2 ने भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं के आवश्यकताओं पर ध्यान देते हुए सफलता प्राप्त कर लिए हैं। फंड ने अपने निवेशों से औसतन दो से ढाई गुना रिटर्न कमाया है। टीसीएचएफ 2 ने अब तक 9 कंपनियों में निवेश किया है जिसमें लाइनक्स लैबोरेटरीज, साकार हेल्थकेयर, ऑर्बिक्युलर फार्मास्युटिकल्स टेक्नोलॉजिज, अतुल्य हेल्थकेयर, एंडरसन डायग्नोस्टिक्स, डीपटेक, एपेक्स किडनी केयर, मुंबई ऑन्कोकेयर सेंटर और नोबल प्लस फामेर्सी ऐंड स्किन केयर शामिल हैं। टाटा कैपिटल हेल्थकेयर फंड 2 के सफलतापूर्वक निवेश की स्टोरी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव की सीधी दिशा में कदम बढ़ाया है।

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, बुधवार, 27 नवंबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में पेंशन पर भाजपा ने कर दिया आप से बड़ा वादा, सबको मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** आम आदमी पार्टी की ओर से दिल्ली के और 80000 बुजुर्गों को पेंशन देने की घोषणा के कुछ घंटे बाद बीजेपी ने इससे भी बड़ा वादा किया है। बीजेपी ने राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में आने पर सभी बुजुर्गों की मांग पर सार्वभौमिक पेंशन कवरेज देने का वादा किया है। एक्स पर एक पोस्ट में भाजपा ने आप की घोषणा को राजनीतिक दिखावा करार दिया। बीजेपी ने कहा कि अगर भाजपा अगले साल दिल्ली में सत्ता में आती है तो 100 प्रतिशत बुजुर्ग आबादी को मांग के आधार पर वृद्धावस्था पेंशन मिलेगी। बीजेपी के इस वादे पर आप की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बीजेपी ने सत्तारूढ़ दल पर राजधानी की बुजुर्ग आबादी की जरूरतों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, इस घोषणा के बाद भी दिल्ली के 10 लाख बुजुर्ग निवासियों में से आधे से अधिक लोग वंचित हैं। यह समुद्र में एक बूंद मात्र है। इससे पहले सोमवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में केजरीवाल ने घोषणा की कि और 80000 लोग अब दिल्ली में वृद्धावस्था पेंशन के लिए पात्र हैं। इसके बाद लाभार्थियों की कुल संख्या 5.3 लाख हो गई है। केजरीवाल ने दावा किया कि दिल्ली की पेंशन दरें 60-69 आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए 2000 रुपये और 70 से ऊपर के लोगों के लिए 2500 रुपये हैं, जो देश में सबसे अधिक है। केजरीवाल के दावे का खंडन करते हुए भाजपा ने कहा कि हरियाणा में उसकी सरकार 2750 रुपये प्रति माह की उच्चतम वृद्धावस्था पेंशन प्रदान करती है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव फरवरी 2025 में होने की उम्मीद है। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। आप लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने 2020 में 62 सीटों के साथ शानदार जीत हासिल की थी। वहीं, 1998 से सत्ता से बाहर रह रही बीजेपी वापसी करने के लिए जोर लगा रही है।

### नाबालिग लड़की को होटल ले गया था एजाज, पीछे से पहुंच गया भाई; फिर हुआ ऐसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली से सटे नोएडा के सेक्टर-69 ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक कंपनी में साफ-सफाई का काम करने वाली किशोरी से कथित तौर पर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विशेष समुदाय के युवक ने किशोरी को प्रेमजाल में फंसाया और उसे ओयो होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। नोएडा फेज-3 पुलिस ने पीड़िता के भाई की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दिल्ली संगम विहार निवासी पीड़ित लड़की के भाई ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में परिवार के साथ सेक्टर-123 स्थित एक घर में किराये पर रहते हैं। उनकी 16 वर्षीय बहन ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक कंपनी में साफ-सफाई का काम करती है। उस कंपनी में ही एजाज नामक एक युवक भी काम करता है। एजाज मूलरूप से फरीदाबाद का रहने वाला है। किशोरी के भाई ने बताया कि 17 नवंबर को उनकी बहन घर नहीं पहुंची। उसकी तलाश करने पर सेक्टर-66 के ओयो होटल में उसके होने की जानकारी मिली। जब वह वहां पहुंचे तो आरोपी एजाज को भी मौके से दबोच लिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस ने लड़की के बयान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं, नोएडा फेज-3 क्षेत्र के गांव से 19 नवंबर से युवक और युवती लापता थे। परिजनों ने युवती की थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पता चला है कि युवक और युवती शादी कर चुके हैं। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी है। गढ़ चौखंडी निवासी पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह और उनकी पत्नी नोएडा प्राधिकरण में काम करते हैं। उनके चार बच्चों में दूसरे नंबर की बेटी 19 साल की है। 19 नवंबर को ड्यूटी से वापस आने पर पता चला कि बेटी घर पर नहीं है। चौकी और थाने जाकर गुमशुदगी दर्ज कराई। वहीं, पता चला है कि गांव का एक युवक भी लापता है। युवक और युवती दोनों साथ गए हैं। दोनों पहले ही आर्य समाज मंदिर में शादी कर चुके हैं। परिवास के पास से शादी का प्रमाणपत्र भी मिला है।

# कोहरे-धुंध से दिल्ली का पारा 3 डिग्री गिरा, 2 दिन का येलो अलर्ट; 5 साल में इस बार सबसे खराब रही हवा

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
कोहरे और धुंध के चलते दिल्ली के तापमान में लगभग तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव में 28 और 29 दिसंबर को राजधानी में घना कोहरा छा सकता है। इसके लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में सुबह के समय हल्का कोहरा देखने को मिला, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही कोहरा साफ होने लगा। हालांकि, 11 बजे के बाद मौसम में कोहरा और धुंध की एक परत देखने को मिली। प्रदूषण के साथ मिलकर यह धुंध इतनी गहरी हो गई कि इसने धूप को कमजोर कर दिया और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। एक दिन पहले यहां पर



अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री था। वहीं, दिल्ली के लोग इस बार पांच साल में सबसे खराब हवा में सांस ले रहे हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े बताते हैं कि इस साल अब तक हवा में प्रदूषक कण पीएम 10 और पीएम 2.5 का औसत स्तर वर्ष 2019 के बाद सबसे ज्यादा है। यानी हवा में मौजूद प्रदूषक कण अब कोरोना काल के पहले वाले स्तर में पहुंच गए हैं। राजधानी में इस साल मॉनसून में जमकर बादल बरसे। इस दौरान सामान्य से लगभग साठ फीसदी ज्यादा बारिश दर्ज की गई थी। अच्छी बारिश के चलते वायु गुणवत्ता भी तुलनात्मक तौर पर अच्छी रही थी, लेकिन मॉनसून की वापसी के साथ ही हवा में प्रदूषक कणों का स्तर तेजी से बढ़ा। खासकर, 30 अक्टूबर के बाद से लोगों को ज्यादा प्रदूषण का सामना करना पड़ा है। 30 अक्टूबर को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 अंक के पार यानी बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया था। इसके बाद से ही हवा बेहद खराब, गंभीर या फिर गंभीरतम श्रेणी में रही है। इस बीच में एक दिन भी ऐसा नहीं रहा जब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 से नीचे आया हो। प्रदूषण का स्तर लगातार ऊपर रहने का असर साल के औसत प्रदूषण पर भी देखा जा सकता है। सीपीसीबी के मुताबिक, इस साल एक जनवरी से 23 नवंबर तक पीएम 10 का औसत स्तर 203.59 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा है। इससे पहले वर्ष 2019 में ही इससे ज्यादा पीएम का स्तर 209.89 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा था। इस बार पीएम 2.5 का औसत स्तर 96.71 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा है। बेहद खराब श्रेणी वाले दिन सबसे ज्यादा आंकड़ों पर नजर डालें तो पहले के वर्षों में इस साल बेहद खराब श्रेणी वाले दिनों की संख्या में सबसे ज्यादा इजाफा हुआ है। इस बार 57 दिन ऐसे रहे हैंजब हवा बेहद खराब श्रेणी में रही।

## ड्यूटी के बहाने शादीशुदा प्रेमी संग ओयो होटल में गई थी लड़की, दोनों की मौत

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली सीमा से सटे फरीदाबाद की सरस्वती कॉलोनी स्थित एक ओयो होटल में ठहरे युवक-युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों की पहचान इस्माइलपुर के शिव एन्क्लेव निवासी 28 वर्षीय मोहित और 21 वर्षीय तनु के रूप में हुई है। आशंका है कि दोनों होटल ने होटल में जहरीला पदार्थ खाया, इसके बाद उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पल्ला थाना की पुलिस जांच में जुटी है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मृतक मोहित और तनु दोनों दोस्त थे। उनमें प्रेम-प्रसंग होने की भी बात सामने आ रही है। वह रविवार सुबह करीब नौ बजे ओयो होटल में ठहरने के लिए पहुंचे थे। शाम करीब साढ़े छह-सात बजे मोहित कमरे से बाहर निकल कर, होटल के कर्मचारी से पता पूछा। फिर अपने परिजनों को कॉल करके सूचना दी कि उसने अपने दोस्त तनु के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया है। यह सुनकर मोहित के परिजनों के होश उड़ गए। वह तुरंत ओयो होटल पहुंचकर दोनों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी पाकर तनु के परिजन भी मौके पर पहुंचे और उसे दूसरे निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए। जानकारी के अनुसार मोहित दूध का कारोबार करता था। साथ ही उसकी अप्रैल माह में शादी हुई थी। बताया जा रहा है कि बावजूद उसकी मुलाकात तनु से होती रहती थी। इस बाबत परिजनों को भी जानकारी थी। बताया यह भी जा रहा है कि परिजनों ने बीते दिनों दोनों को समझाया भी था।

## लाइब्रेरी की बिल्डिंग तोड़ने पर एमसीडी को फटकार, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कोई दैवीय शक्ति नहीं जो आपको जगा सके

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट ने एक बिल्डिंग को ध्वस्त करने के लिए दिल्ली नगर निगम को कड़ी फटकार लगाई है। जस्टिस सूर्यकांत और उज्जल भुइयां की पीठ ने सवाल किया कि शीर्ष अदालत में जाने के लिए पार्टियों को मौका दिए बिना नागरिक निकाय उस इमारत को कैसे ध्वस्त कर सकता है, जिसमें 1954 से दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी स्थित था।

पीठ ने नाराज होकर कहा कि वर्षों से लोग आपको जगाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। ऐसी कोई दैवीय शक्ति नहीं है जो आपको जगा सके। इस मामले में एक सप्ताह के भीतर आपने बिजली की तेजी से काम किया और इमारत को ध्वस्त कर दिया। पीठ ने एमसीडी की ओर से कोर्ट में मौजूद वकील को चेतावनी देते हुए कहा, हम न केवल जांच का आदेश देंगे बल्कि अगर कुछ गलत पाया जाता है तो इमारत की बहाली का भी निर्देश दिया जाएगा।

पीठ ने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट ने 10 सितंबर 2018 को मामले में एक आदेश पारित किया था। उसके बाद किरायेदारों और इमारत में रहने वाले अन्य लोगों को शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने का समय दिए बिना एमसीडी ने 18 सितंबर 2018 को इमारत को ध्वस्त कर दिया।

पीठ ने कहा कि अजीब बात है कि सुनवाई के दौरान एमसीडी के वकील ने कहा कि नगर निकाय ने तोड़फोड़ नहीं की थी। पीठ ने कहा कि इमारत के मालिक ने अदालत के संज्ञान में एक तस्वीर लाई है, जिसमें एमसीडी के एक कार्यकारी इंजीनियर को बिल्डिंग को ध्वस्त करने के लिए भारी मशीनरी के साथ आते हुए दिखाया गया है।

पीठ ने कहा, एमसीडी और प्रतिवादी नंबर 2 (मैसर्स डिंपल एंटरप्राइज) को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए ताकि वे बताएं कि किसके आदेश पर विध्वंस की कार्रवाई की गई थी। अदालत को यह जानने की जरूरत है कि ऐसी कौन सी छिपी हुई परिस्थितियां थीं जिसके कारण एमसीडी ने पार्टी को शीर्ष अदालत में जाने के अधिकार से वंचित कर दिया। एमसीडी को एक हलफनामा दायर करने का निर्देश देते हुए पीठ ने विवाद से जुड़ी एक निजी कंपनी डिंपल एंटरप्राइज से अपने संस्थापकों का विवरण देने और उन परिस्थितियों को समझाने के लिए कहा, जिनके कारण इमारत को ध्वस्त किया गया। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया फर्म के प्रमोटरों और एमसीडी की विध्वंस कार्रवाई के बीच कुछ संबंध प्रतीत होता है।

# दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में आपा खो बैठे आईपीएस, डॉक्टर के साथ जमकर बहस

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में एक आईपीएस अधिकारी द्वारा एक रेजिडेंट डॉक्टर से कथित तौर पर बदसलूकी करने का मामला सामने आया है। यह घटना रविवार रात की है। आरोप है कि आईपीएस अधिकारी की पत्नी अस्पताल के स्पोर्ट्स इंजरी सेंटर में भर्ती है, इस दौरान उन्होंने इलाज के दौरान अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर के साथ कथित तौर पर बदसलूकी की। इस मामले के सामने आने के बाद से रेजिडेंट डॉक्टरों में गुस्सा है। घटना का एक सीसीटीवी वीडियो भी अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। एबीवी लाइव डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) के अनुसार, रेजिडेंट डॉक्टर को ड्यूटी के दौरान वर्बल हैरासमेंट और धमकियों का सामना करना पड़ा। आरडीए के अध्यक्ष भरनी कुमार ने बताया कि



यह घटना 24 नवंबर की रात को हुई, जब ड्यूटी पर मौजूद रेजिडेंट डॉक्टर न्यू एसआईसी बिल्डिंग में जनरल सर्जरी रेफरेंस कॉल पर एक मरीज को देख रहे थे। भरनी ने कहा कि मरीज अनीता रॉय एसआईसी बिल्डिंग की सातवीं मंजिल पर भर्ती थीं। अटेंडेंट के तौर पर मरीज के साथ उनके आईपीएस अधिकारी पति बृजेंद्र कुमार यादव भी अस्पताल में थे। जब रेजिडेंट डॉक्टर ने मरीज से उसके स्वास्थ्य के बारे में पूछा, तो मरीज ने कथित तौर पर ठीक से जवाब नहीं दिया और बुरा व्यवहार किया। उसके बाद, उनके पति ने भी बहुत अभद्र व्यवहार किया और डॉक्टर का अपमान किया। हालांकि, यह अब तक साफ नहीं है कि यादव के गुस्से का कारण क्या था।घटना की खबर सोमवार को सुबह 3 से 6 बजे के बीच अस्पताल के बाकी डॉक्टरों तक पहुंची। उसके बाद रेजिडेंट डॉक्टरों ने लगभग 2 घंटे तक इमरजेंसी वार्ड में सेवाएं बंद रखीं। बाद में सभी रेजिडेंट डॉक्टर अपनी ड्यूटी पर चले गए। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने सोमवार को इस मामले पर एक पत्र लिखकर अस्पताल प्रशासन और अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। पत्र में कहा गया है, मरीज के अटेंडेंट के तौर पर आईपीएस अधिकारी बिजेंद्र कुमार यादव को रेजिडेंट डॉक्टर के साथ किए गए दुर्व्यवहार के लिए माफी मांगनी चाहिए। इसके साथ ही रेजिडेंट डॉक्टरों की मांग है कि वह इस घटना की जिम्मेदारी लें और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकें। अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा और सम्मान बहाल करें। रेजिडेंट डॉक्टर ने अस्पताल प्रशासन को भी घटना की जानकारी दे दी है। सफदरजंग रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के साथ ही अब फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन भी पीड़ित रेजिडेंट डॉक्टर के सपोर्ट में आ गई है।

# मैं एक बच्चे की उम्मीद कर रही हूं: क्रिस चैन

**शंघाई, एजेंसी।**
मशहूर कार्टूनिस्ट क्रिस चैन हमेशा किसी ना किसी वजह से चर्चाओं में बनी रहती हैं। अब उन्होंने कुछ ऐसी घोषणा कर दी है जिसने एक नई चर्चा को जन्म दे दिया है। हाल के दिनों में एक लाइव गेमिंग स्ट्रीम के दौरान उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि वह एक बच्चे की उम्मीद कर रही हैं।

दरअसल, क्रिस चैन ट्रांसवुमन हैं। उन्होंने अपने एक प्रशंसक के सवाल के जवाब में इस बात पर चर्चा की। एक कार्यक्रम के दौरान प्रशंसक ने उनसे पूछा कि आप अपने बच्चे की घोषणा कब करेंगी? इस सवाल के जवाब में चैन ने कहा कि जब बच्चा वास्तव में गर्मियों में खेल में आ रहा होगा उस समय के आसपास या मैं आप सभी को अंधेरे में रख सकती हूं और बच्चे के जन्म तक आप सभी को बता सकती हूं।

क्रिस चैन के इस जवाब के बाद उनके फैंस ने ये अनुमान लगाया कि चैन की गर्भावस्था की घोषणा उसके करीबी दोस्त फ्लटर से संबंधित हो सकती है। बता दें कि फ्लटर एक 30 वर्षीय महिला है। साल 2021 से 2023 तक जब क्रिस चैन सेंट्रल वर्जीनिया क्षेत्रीय जेल में कैद थीं, उसी दौरान दोनों की दोस्ती हुई थी। हालांकि, कई मौकों पर चैन ने



किसी भी रोमांटिक रिश्ते से इनकार किया है। वहीं, कई मौकों पर दोनों को सार्वजनिक रूप से स्नेह प्रदर्शित करते हुए देखा गया है। इस कारण उनके संबंध के बारे में अफवाहें फैलती रही हैं। बच्चे की घोषणा वाली खबरों ने लोगों के मन में चिंताएं ला दी हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि चैन का अतीत यौन उत्पीड़न के लिए उनकी गिरफ्तारी सहित जटिल रहा है। एक सोशल मीडिया यूजर ने इस संबंध में लिखा कि एक यौन अपराधी और सबसे अधिक संभावना है कि वह बच्चा पैदा करने के लिए उपयुक्त नहीं है। उनकी एक भयानक प्रतिष्ठा है और उन्हें गिरफ्तार किया गया रहा है। वहीं, एक अन्य यूजर ने कहा कि ओह यार मुझे आशा है कि यह सच नहीं है। रिपोर्ट्स के अनुसार क्रिस चैन 42 वर्षीय अमेरिकी ट्रांसजेंडर महिला हैं। उनका जन्म क्रिस्टोफर वेस्टन चैंडलर के रूप में हुआ। वर्ष 2000 में उन्होंने पीडमोंट वर्जीनिया कम्युनिटी कॉलेज से पढ़ाई थी। वहीं, साल 2006 में कंप्यूटर एडेड ड्राफ्टिंग और डिज़ाइन में डिग्री हासिल की। साल 2007 से ही वह इंटरनेट की दुनिया पर छाई रही हैं।

## 73 वर्षीय भारतीय ने फ्लाइट में 4 महिलाओं को छेड़ा

### सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट थी, 21 साल की जेल हो सकती है

**सिंगापुर सिटी, एजेंसी।**
सिंगापुर की एक अदालत ने 73 साल के भारतीय नागरिक बालसुब्रमण्यम रमेश को सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट में चार महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोपी माना है। द स्ट्रेट्स टाइम्स के मुताबिक, इस मामले में बालसुब्रमण्यम रमेश को 21 साल तक की जेल हो सकती है। सोमवार को जिला अदालत में उन पर छेड़छाड़ के सात आरोप तय किए गए। बालसुब्रमण्यम ने 18 नवंबर को सुबह 3.15 बजे से शाम 5.30 बजे के बीच चार महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की। इनमें एक महिला के साथ चार बार और तीन अन्य महिलाओं के साथ एक-एक बार छेड़छाड़ की। सिंगापुर के कानून के



तहत हर बार छेड़छाड़ के लिए तीन साल की जेल, जुर्माना या बेंत मारने की सजा या इनमें से कोई भी सजा दी जा सकती है। बालासुब्रमण्यम को बेंत से नहीं मारा जा सकता क्योंकि उनकी उम्र 50 साल से ज्यादा है। अदालत की रिपोर्ट में यह खुलासा नहीं किया गया है कि ये महिलाएं पैसेंजर थीं या स्टॉफ मेंबर थीं। बालसुब्रमण्यम को 13 दिसंबर को सजा सुनाई जा सकती है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले इस्कॉन के सदस्य चिन्मय दास को हिरासत में लिया गया

**ढाका, एजेंसी।**
इस्कॉन के प्रमुख सदस्य चिन्मय कृष्ण दास को बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सोमवार को हिरासत में ले लिय गया. वह चटगांव जाने के लिए ढाका एयरपोर्ट पर पहुंचे थे, उसी समय पुलिस ने उन्हें रोक लिया. चिन्मय दास बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं. वह सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता भी हैं.

मीडिया में आ रही जानकारी के मुताबिक उन्हें ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हिरासत में लिया गया. वह चटगांव जाने के लिए निकले थे. वहां पर उन्हें किसी कार्यक्रम में हिस्सा लेना था. वह हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर मुखर रहे हैं. हिंदुओं पर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वालों में चिन्मय दास प्रमुख रहे हैं. उन्होंने हिंदुओं द्वारा आयोजित कई रैलियों में भी हिस्सा लिया है. ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा के अतिरिक्त आयुक्त रेजाउल करीम मल्लिक ने उनके हिरासत में लिए जाने की पुष्टि कर दी है. उन्होंने कहा, शिकायत के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया है. खिलाफ चिन्मय दास आवाज



उठाते रहे हैं. उन्होंने सरकार के रवैए की खुलेआम आलोचना की है. माना जा रहा है कि सरकार के खिलाफ मुखर रहने की वजह से उन्हें हिरासत में लिया गया है. प्राप्त सूचना के अनुसार उनके खिलाफ 30 अक्टूबर को राष्ट्रीय ध्वज के अपमान करने का एक मामला दर्ज हुआ था. उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया. इस मामले में कुल 19 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें से एक नाम चिन्मय दास का भी है. 25 अक्टूबर को लालदिग्गी में एक रैली आयोजित की गई थी. इस रैली में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था. इस ध्वज के ऊपर इस्कॉन का एक गेरुआ रंग का धार्मिक झंडा फहराया गया था. नई दिल्ली स्थित द राइट्स एंड रिस्क्स एनालिसिस ग्रुप के डायरेक्टर सुहास चकमा ने कहा, राजद्रोह का मामला यह सुनिश्चित करने के लिए दायर किया गया था कि हिंदू अल्पसंख्यक उन पर मानवाधिकारों के उल्लंघन को उजागर करने के लिए संघ और सभा की स्वतंत्रता के अपने अधिकार को संगठित और प्रयोग नहीं कर सकते हैं. यह वही रणनीति है जो चटगांव हिल ट्रैक्ट्स (सीएचटी) में मोहम्मद यूनुस शासन द्वारा अपनाई गई थी, जहां 19-20 सितंबर को आदिवासी छात्रों द्वारा सबसे बड़े आयोजन के बाद चार पहाड़ी जनजातियों की हत्या कर दी गई थी, 70 से अधिक घायल हो गए थे।

## अमेरिका में इजरायली दूत का बड़ा दावा, हिजबुल्लाह के साथ कुछ ही दिनों में युद्धविराम समझौता संभव

**वाशिंगटन, एजेंसी।** वाशिंगटन में इजरायली राजदूत का कहना है कि इजरायल और लेबनान स्थित हिजबुल्लाह के बीच लड़ाई समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम समझौते पर कुछ दिनों के भीतर पहुंचा जा सकता है। राजदूत माइक हर्ज़ोग ने इज़राइली आर्मी रेडियो को बताया कि अंतिम रूप देने के लिए बिंदु बाकी हैं और किसी भी सौदे के लिए सरकार से सहमति की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हम एक समझौते के करीब हैं और यह कुछ ही दिनों में हो सकता है। जो मुद्दे बने हुए हैं उनमें इजरायल की मांग है कि अगर हिजबुल्लाह उभरते समझौते के तहत अपने दायित्वों का उल्लंघन करता है तो कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखा जाए। उद्देश्य हिज़्बुल्लाह और इज़रायली सैनिकों को दक्षिणी लेबनान से बाहर धकेलना है। इज़राइल ने हिजबुल्लाह पर संयुक्त राष्ट्र के उस प्रस्ताव का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है जिसने समान प्रावधान करने वाले पक्षों के बीच 2006 के युद्ध को समाप्त कर दिया था, और इज़राइल को चिंता है कि अगर हिजबुल्लाह वहां भारी उपस्थिति बनाए रखता है तो वह दक्षिणी लेबनान से हमास-शैली सीमा पार हमला कर सकता है। लेबनान का कहना है कि इज़राइल ने 2006 के प्रस्ताव का भी उल्लंघन किया है। लेबनान कोई सक्रिय संघर्ष न होने पर भी सैन्य जेट और नौसैनिक जहाजों के लेबनानी क्षेत्र में प्रवेश करने की शिकायत करता है। दक्षिणी इज़राइल पर हमास के हमले के एक दिन बाद, हिजबुल्लाह ने 8 अक्टूबर, 2023 को इज़राइल पर हमला करना शुरू कर दिया, जिससे एक साल से अधिक की लड़ाई शुरू हो गई। यह सितंबर में लेबनान में बड़े पैमाने पर इजरायली हवाई हमलों और बाद में देश के दक्षिण में इजरायली जमीनी घुसपैठ के साथ चौतरफा युद्ध में बदल गया।

आर. एन .आई रजि0 न0 JHAHIN/2006/24924 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक कमलेश तुलस्यान एस बी राय रोड देवघर द्वारा प्रकाशित तथा आदित्य पब्लिकेशन हाउस, बंधा बाय-पास रोड,बंधा, देवघर (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक-कमलेश तुलस्यान (मो0 9431132132)। कार्यकारी संपादक- श्याम कुमार श्रृंगारी' (इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)। फोन नं. 7004539007 फैक्स नं. (06432) 275355, डाक पंजीयन संख्या : SP-13/09 Email : shwetpatra10@gmail.com



## गौतम गंभीर 'निजी आपात स्थिति के कारण स्वदेश लौटे

पर्थ, एजेंसी। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर 'निजी आपात स्थिति के कारण स्वदेश अपने परिवार के पास लौट आए हैं और छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाले गुलाबी गेंद के टेस्ट से पहले उनके टीम से जुड़ने की संभावना नहीं है। गंभीर कैनबरा में 30 नवंबर से होने वाले दो दिवसीय दिन रात के अभ्यास मैच में भी नहीं होंगे।
बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया, 'वह मंगलवार की सुबह भारत के लिए रवाना हो गए। यह एक निजी इमरजेंसी थी। वह एडीलेड में दूसरे टेस्ट से पूर्व लौट आएंगे। भारतीय टीम 27 नवंबर को कैनबरा रवाना होगा जहां पूरी टीम ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस द्वारा उनके सम्मान में दिये जाने वाले समारोह में भाग लेगी। दो दिवसीय मैच दिन रात के दूसरे टेस्ट की तैयारी के लिए काफी अहम है। इसके लिये गुलाबी कूकाबूरा गेंद का इस्तेमाल होगा। प्रधानमंत्री एकादश की कप्तानी हरफनमौला जैक एडवडर्स करेंगे। टीम में कई युवा खिलाड़ियों के साथ स्कॉट बोलैंड और मैथ्यू रेनशॉ जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी हैं। मैच के नियम दोनों टीमें तय करेंगे और ऐसी उम्मीद है कि सभी को बल्लेबाजी और गेंदबाजी का मौका मिलेगा क्योकि इस मैच को आधिकारिक दर्जा हासिल नहीं है।

### चेस

## विश्व चैम्पियनशिप शतरंज में डिंग लिरेन ने गुकेश को पहले मुकाबले में हराया, जानें

सिंगापुर, एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को बाजी के बीच में गैर जरूरी ढंग से जटिल बनाना भारी पड़ा जिससे चीन के मौजूदा चैम्पियन डिंग लिरेन ने विश्व शतरंज चैम्पियनशिप के पहले मुकाबले में सोमवार को उन्हें हरा दिया। विश्व चैम्पियन के सबसे युवा चैलेंजर 18 वर्ष के गुकेश ने शुरूआत में ही राजा के आगे वाले प्यादे को दो घर चलकर गलती कर दी। इस तरह की चाल आक्रामक तेवर जताती है और लिरेन ने इसका जवाब 'फ्रेंच डिफेंस' से दिया। गुकेश ने वही रणनीति अपनाई जो विश्वनाथन आनंद ने 2001 में स्पेन के एलेक्सी शिरोव के खिलाफ पहला विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने के समय अपनाई थी। गुकेश को 12वीं चाल तक आधे घंटे का फायदा था लेकिन आठ चाल बाद लिरेन को अतिरक्त मिनट मिले जिससे साबित हो गया कि शुरूआत की अपनी दिक्कत से वह उबर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन करके 42 चालों में जीत दर्ज की।





### जूनियर एशिया कप

### श्रीजेश की अगुवाई में भारतीय हॉकी टीम

# थाईलैंड के खिलाफ आगाज करने के लिए तैयार

**मस्कट (ओमान), एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को जूनियर एशिया कप 2024 में थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करने से एक दिन से भी कम समय बचा है। आज से शुरू हो रहे महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत को कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ पूल ए में रखा गया है, जो 4 दिसंबर 2024 तक चलेगा।

इस बार टूर्नामेंट में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जबकि, पूल बी में पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, ओमान और चीन की टीमें हैं। भारत ने 2023, 2015, 2008 और 2004 सहित रिकॉर्ड चार बार यह टूर्नामेंट जीता है। पिछले साल फाइनल में उन्होंने पाकिस्तान को 2-1 से हराकर खिताब जीता था। पिछले साल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी आमिर अली और रोहित अब क्रमशः कप्तान और उप कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे। थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान के शुरूआती मैच के बाद भारत 28 नवंबर को जापान के खिलाफ मैच खेलेगा। इसके बाद, 30 नवंबर को चीनी ताइपे के खिलाफ मुकाबला होगा। कोरिया के खिलाफ भारत का अंतिम ग्रुप चरण मैच 1 दिसंबर को होगा। फिर, भारतीय टीम को तीन दिसंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए शीर्ष दो में जगह सुनिश्चित करनी होगी।

कप्तान आमिर ने कहा, हम पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 में अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्साहित और पूरी तरह तैयार हैं। हमारी टीम कड़ी मेहनत कर रही है। हमें अच्छा प्रदर्शन करने की अपनी क्षमताओं पर भरोसा है। पूल ए में थाईलैंड, जापान और कोरिया जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ खेलना चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने और शीर्ष स्थान हासिल करने का लक्ष्य रखने के लिए तैयार हैं। हमारा लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना और अपने देश को एक बार फिर हम पर गर्व करने का मौका देना है। सुल्तान जोहोर कप 2024 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद भारत अपनी लय को बरकरार रखते हुए ओमान में होने वाले टूर्नामेंट में मुख्य कोच पीआर श्रीजेश के नेतृत्व में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा।



## एडीलेड टेस्ट के लिए टीम में बदलाव नहीं करेगा ऑस्ट्रेलिया, मार्श की फिटनेस पर नजरें: मैकडोनाल्ड



पर्थ, एजेंसी। आस्ट्रेलिया के कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि पहले टेस्ट में भारत के हाथों 295 रन से हारने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा हालांकि हरमनमौला मिचेल मार्श की फिटनेस को लेकर चिंताएं हैं। मैकडोनाल्ड ने बताया कि उनकी टीम छह दिसंबर से शुरू हो रहे दिन रात के टेस्ट के लिये पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से पहले ही एडीलेड पहुंचेगी ताकि अतिरिक्त अभ्यास कर सके। उन्होंने कहा, 'पर्थ टेस्ट के लिए जो लोग चेंज रूम में थे, वही एडीलेड में भी होंगे। बदलाव करने पर हमेशा विचार होता है लेकिन हालात के अनुसार टीम चुनी जाती है। सितंबर में इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के बाद से फिटनेस समस्या से जूझ रहे मार्श ने पहले टेस्ट में सिर्फ 17 ओवर डाले और तीन विकेट लिए। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि पहले टेस्ट में उसका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था। हमें उसकी फिटनेस पर नजर रखनी होगी।
पिछली दस टेस्ट पारियों में 13.66 की औसत से ही रन बना सके मार्नस लाबुशेन का बचाव करते हुए उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों के करियर के उतार-चढ़ाव पर लगातार बात होती रहती है। खराब दौर आते हैं लेकिन वह जल्दी ही फॉर्म में लौटेगा। हमें उसकी क्षमता पर यकीन है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसकी हमें जरूरत है। मैकडोनाल्ड ने करारी हार के बावजूद टीम के मजबूत मनोबल की बात की। उन्होंने कहा, 'हमें इस हार की जिम्मेदारी लेनी होगी।

# आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने वैभव सूर्यवंशी

- उम्र धोखाधड़ी के आरोपों के बाद पिता का आया बयान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) हमेशा से ही ऐसा मंच रहा है, जहां प्रतिभाओं को अवसर मिलते हैं। अब बिहार के 13 वर्षीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित मेगा नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपए में चुना। सूर्यवंशी अब कैश-रिच लीग के इतिहास में साइन किए जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी (13 वर्ष, 243 दिन) हैं। इसके बाद उनके उम्र धोखाड़ी संबंधी खबरें फैल रही हैं। इस पर सूर्यवंशी के पिता संजीव सूर्यवंशी का बयान सामने आया है।



संजीव ने कहा, जब वह साढ़े आठ साल का था, तब उसने पहली बार बीसीसीआई के बोन टेस्ट के लिए आवेदन किया था। वह पहले ही भारत अंडर-19 खेल चुका है। हमें किसी से डर नहीं है। वह फिर से आयु परीक्षण से गुजर सकता है। समस्तीपुर के रहने वाले वैभव सूर्यवंशी ने इस साल की शुरुआत में मुंबई के खिलाफ अपने प्रथम श्रेणी पदार्पण के बाद से अब तक पांच रणजी ट्रॉफी खेलों में भाग लिया है। उन्होंने हाल ही में 23 नवंबर को राजस्थान के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू भी किया था। इससे पहले वैभव सूर्यवंशी ने भी ट्रायल में भाग लिया था और युवा खिलाड़ी के पिता ने खुलासा किया कि राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने उन्हें एक ओवर में 17 रन बनाने की स्थिति दी थी। संजीव ने कहा, राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें नागपुर में ट्रायल के लिए बुलाया था। विक्रम राठौर सर (बल्लेबाजी कोच) ने मैच की स्थिति बताई, जिसमें उन्हें एक ओवर में 17 रन बनाने थे। बिटुवा ने 3 चक्के मारे। ट्रायल में उन्होंने आठ छक्के और चार चौके मारे। वह सिर्फ क्रिकेट खेलना चाहता है और कुछ नहीं। कुछ साल पहले उसे डोरेमोन बहुत पसंद था, लेकिन अब नहीं।

संजीव ने कहा, वो अब सिर्फ हमारा बिटुवा नहीं, पूरा बिहार का बिटुवा है। मेरे बेटे ने कड़ी मेहनत की है। 8 साल की उम्र में उसने अंडर-16 डिस्ट्रिक्ट ट्रायल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैं उसे क्रिकेट कोचिंग के लिए समस्तीपुर ले जाता था और फिर वापस भी ले आता था। सिर्फ निवेश ही नहीं, यह बहुत बड़ा निवेश है। आपको क्या बताया हमने तो अपनी जमीन तक बेच दिया। अभी भी हालात पूरी तरह सुधरे नहीं। वैभव सूर्यवंशी इस समय अंडर-19 एशिया कप के लिए दुबई में हैं। भारत अपना पहला मैच 30 नवंबर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड पर पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

# जिद से हासिल किया मुकाम तपकर निखरी चांदनी अंडर-19 टीम में बिखेरेंगी जलवा, पिता चलाते हैं नाई की दुकान

**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी लखनऊ के बंगलाबाजार में एक छोटा सा सैलून चलाने वाले रामकुमार शर्मा की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। उनकी बेटी चांदनी भारत की अंडर-19 ए टीम के लिए चयनित हुई है। इस खुशी का इजहार करते हुए रामकुमार की आंखों में कुछ घटनाएं बिजली सी कौंध जाती हैं। वह मुस्कुराते हुए कहते हैं, एक दिन वो था जब मैंने बेटी को क्रिकेट खेलने से मना किया था। चांदनी को शुरू से क्रिकेट पसंद था। हाईस्कूल का आखिरी पेपर देने के बाद तो वह क्रिकेट में दाखिला दिलाने के लिए लड़ गई थी। खाना खाने से इन्कार कर दिया था। हमारे आश्वासन के बाद उसने खाना खाया। अगले दिन नॉर्दर्न रेलवे स्टेडियम में ट्रेनिंग शुरू कर दी।



**भाई ने दिलाई खेलने की परमिशन-** बातचीत में चांदनी ने कहा कि मुझे आज भी याद है जब पापा मेरे क्रिकेट खेलने के खिलाफ थे, तब बड़े भाई ने पापा से बात करके मुझे खेलने की परमिशन दिलाई। शुरुआत गली क्रिकेट में लड़कों के साथ खेलकर की। बाद में मेरा चयन नॉर्दर्न रेलवे स्टेडियम में हो गया। यहां प्रियंका शैली मैम के निर्देशन में खेलना शुरू किया। यजुवेंद्र चहल को अपना पसंदीदा खिलाड़ी बातते हुए चांदनी कहती हैं कि चहल की बात ही निराली है। उनको गेंदबाजी करते देखकर काफी कुछ सीखने को मिला।

### क्रिकेट के प्रति प्यार चांदनी को बहुत आगे ले जाएगा : प्रियंका शैली

बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली चांदनी बेहतर प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। स्थानीय क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन प्रदेश की अंडर-19 क्रिकेट टीम में हो गया। पुणे में 3 से 10 दिसंबर तक होने वाली त्रिकोणीय प्रतियोगिता में इंडिया ए और इंडिया बी के अलावा दक्षिण अफ्रीका की टीम भाग लेगी। अगर चांदनी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहती है, तो उसका चयन अगले साल श्रीलंका में जनवरी माह में होने वाले अंडर-19 विश्वकप के लिए हो सकता है।

### सिनर ने इटली को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया

# फाइनल में नीदरलैंड को 2-0 से हराया

**मलागा (स्पेन), एजेंसी।** शानदार फॉर्म में चल रहे विश्व नंबर एक यानिक सिनर की बदौलत इटली ने नीदरलैंड को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी बार डेविस कप जीत लिया। इटली लगभग 25 वर्ष तक डेविस कप खिताब से दूर रहा, लेकिन सिनर के आते ही उसे लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल हुआ है। सिनर ने टैलन ग्रीकस्पोर को सीधे सेटों में 7-6 (2), 6-2 से हराकर इटली को विजेता बनाया।



**बेरेटिनी ने जीता पहला एकल-** इससे पहले मैटियो बेरेटिनी ने राफेल नडाल को उनके अंतिम मुकाबले में हराने वाले बोटिक वान डि जेंडशुल्प को 6-4, 6-2 से हराकर इटली को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। सिनर ने जीत के बाद कहा, गत विजेता होकर एक बार फिर चैंपियन बनना, हमारे लिए इससे अच्छी भावना और कोई नहीं हो सकती है। पलासियो डि डिपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कारपेना में बैठे 9 हजार दो सौ दर्शकों में इटली को जबरदस्त समर्थन मिला। इटली के समर्थकों ने मेगा फोन और ड्रमों की थाप पर अपनी टीम का हौसला बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। चेक गणराज्य की ओर से 2012 और 2013 में लगातार दो बार डेविस कप का खिताब जीतने के बाद इटली दो बार चैंपियन बनने वाली पहली टीम है।

### पूरी टीम ने मनाया जश्न

बीते बुधवार को इटली की महिला टीम ने स्लोवाकिया को हराकर बिली जीन किंग कप का खिताब जीता था। इटली टीम के कप्तान फिलिपो वोलांद्री ने कहा- पुरुष टीम ने जीत के साथ हमें और ज्यादा गौरवान्वित किया है। सिनर का यहां डेविस कप में रिकॉर्ड 4-0 रहा। इसमें बेरेटिनी के साथ युगल में अर्जेटीना के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में हासिल की गई जीत भी शामिल है। सिनर के जीतते ही बेरेटिनी और पूरी टीम कोर्ट पर आ गई और एक दूसरे गले में हाथ डालकर जश्न मनाने लगी। वोलांद्री ने सिनर को उठाकर हवा में लहरा दिया। सिनर ने ग्रीकस्पोर के खिलाफ 15 एस लगाए। एक सप्ताह पूर्व एटीपी फाइनल्स का खिताब जीतने वाले सिनर पिछले 14 मैचों और 26 सेट से नहीं हारे हैं। इस वर्ष उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई और यूएस ओपन का खिताब भी जीता है।

# गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम कंप्लीट, सिर्फ 21 प्लेयर ही चुने

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल मेगा नीलामी में सिर्फ 21 प्लेयर ही चुने हैं। वह अन्य प्लेयरों पर इसलिए नहीं जा सकी क्योंकि उनके पास 5 लाख ही बचे थे जबकि एक प्लेयर को खरीदने का मिनिमम बेस प्राइस 30 लाख रुपए था। कोलकाता टीम में क्विंटन डिकॉक की सरप्राइस एंट्री हुई है जबकि वेंकटेश अय्यर को भी रिकॉर्ड 23.75 करोड़ की कीमत मिली है। कोलकाता का तेज गेंदबाजी खेमा खासहोगा। इसमें हर्षित राणा के अलावा उमरान मलिक, एनरिक नोटर्जे और स्पेंसर जॉनसन होंगे। उमरान और एनरिक दोनों 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी कर लेते हैं।

आंकड़ेः कोलकाता ने 13 भारतीय तो 8 विदेशी प्लेयरों पर दांव लगाया है। उनके पास अब सिर्फ 5 ही लाख रुपए बचे हैं। ऑक्शन के दौरान उन्होंने 50.95 करोड़ रुपए लगा दिए।

### बल्लेबाज

- **रिंकू सिंह :** 13 करोड़ में रिटेन हुए थे। मध्यक्रम के शानदार बल्लेबाज। टीम को कई जीत दिला चुके
- **अंगकृष रघुवंशी :** युवा बल्लेबाज अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप में चमके। 3 करोड़ की बोली मिली।
- **अजिंक्य रहाणे :** अनुभवी बल्लेबाज। ढेरों रन बना चुके। डेढ़ करोड़ की बोली लगी।
- **मनीष पांडे :** अनुभवी बल्लेबाज, मध्यक्रम में अच्छे हिटर हैं। 75 लाख की बोली लगी।

### विकेटकीपर

- **लवनीथ सिसोदिया :** रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन रहा। 30 लाख की बोली लगी।
- **क्विंटन डिकॉक :** लखनऊ से केकेआर में आए डिकॉक। सलामी बल्लेबाज। विस्फोटक पारियां खेलते हैं। 3.60 करोड़ की कीमत मिली।
- **रहमानउल्लाह गुरबाज :** अफगानिस्तान के बल्लेबाज को दो करोड़ मिले। टीम को अच्छी शुरूआत देते हैं।

### ऑलराऊंडर

- **सुनीन नरेन :** टीम के सबसे अनुभवी प्लेयर 12 करोड़ में रिटेन हुए थे। गेंद के साथ बल्ले से भी धमाल मचाते हैं।
- **आंद्रे रसेल :** पर्याप्त अनुभव। विस्फोटक बल्लेबाज। समय मिलने पर विकेट भी निकालकर देते हैं। 12 करोड़ में रिटेन हुए।
- **रमनदीप सिंह :** युवा ऑलराऊंडर को 4 करोड़ में रिटेन किया गया। बल्ले से मध्यक्रम में रन बनाते हैं।
- **अंकुल रॉय :** अंडर 19 विश्व कप के सितारे पर 40 लाखकी बोली लगी।
- **रोवमैन पॉवेल :** विंडीज टीम के कप्तान पॉवेल टी20 क्रिकेट में शानदार लय में दिखते हैं। डेढ़ करोड़ की बोली लगी।
- **वेंकटेश अय्यर :** आईपीएल इतिहास के तीसरे सबसे महंगे प्लेयर। 23.75 करोड़ की बोली लगी। पिछले साल केकेआर की खिताबी जीत में अर्धशतक लगाया था।
- **मोईन अली :** इंग्लैंड के ऑलराऊंडर को 2 करोड़ की बोली मिली है।

### गेंदबाज

- **वरुण चक्रवर्ती :** 12 करोड़ में केकेआर ने वरुण को रिटेन किया था। पिछले सीजन में अपने गेंदों से कई बल्लेबाजों को छकाया था।
- **हर्षित राणा :** युवा गेंदबाज। इस समय ऑस्ट्रेलिया में है। तेज गेंदबाजी से प्रभावित कर रहे। 4 करोड़ में रिटेन हुए हैं।
- **वैभव अरोड़ा :** युवा गेंदबाज पर 1.80 करोड़ की बोली लगी है।
- **मयंक मार्केंडेय :** स्पिनर को 30 लाख की बोली मिली है।
- **उमरान मलिक :** कश्मीर के तेज गेंदबाज से हैदराबाद अलग हुई तो केकेआर ने 75 लाख में लपका।
- **एनिरक नोर्टजे :** दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज टी 20 क्रिकेट के नामी क्रिकेटर, 6.50 करोड़ रुपए की बोली मिली।
- **स्पेंसर जॉनसन :** ऑस्ट्रेलिया के स्पेंसर बिग बैश लीग के अच्छे गेंदबाज। 2.80 करोड़ की बोली मिली।